ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 09:36 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 जून 2025

वर्ष 35, अंक 133, पृष्ठ 14+4

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार


www.amritvichar.com



किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत 12

जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध होगा प्रमुख मुद्दा 14

## अल्कारेज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन जीता



**पेरिस, एजेंसी।** गत विजेता कार्लोस अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए शीर्ष वरीय सिनर को पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हरा दिया। सिनर ने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था और उनकी नजरें पेरिस में ग्रैंडस्लैम जीत की हैट्रिक पूरी करने पर थी। (विस्तृत खेल पेज)

# राजग सरकार ने 11 साल में महिलाओं को आगे बढ़ाया

- सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी
- कहा-सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों के लिए प्रेरणा बन रहीं महिलाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई।

प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

### हर क्षेत्र में कायम कर रहीं मिसाल

पोस्ट में महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं-बहनें आज विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा-व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं।

## एक नजर

### धोखाधड़ी में तकनीकी विशेषज्ञ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 24 वर्षीय एक तकनीकी विशेषज्ञ को एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसका इस्तेमाल लोगों को उनके क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने धोखा देने के लिए किया जाता था। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी जय किशन के रूप में हुई है।

### संदेशखालि केस में महिला का बयान दर्ज

**कोलकाता।** सीबीआई की एक टीम रविवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शेख शाहजहां के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली एक स्थानीय महिला का बयान दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने शिकायतकर्ता झुमा मंडल का बयान दर्ज किया और अब इसकी जांच की जाएगी।

### पाठकों को सूचना

ईद-उल-अजहा(बकरीद)के अवसर पर शनिवार(7 जून)को अयोध्या व लखनऊ कार्यालय बंद थे। अत: रविवार को छपने वाला "लोक दर्पण" आज के अंक के साथ दिया जा रहा है।

-संपादक

# किसानों से संवाद नई क्रांति : योगी

## लैब से लैंड योजना : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद

- योगी बोले-खेती प्रधानमंत्री के शीर्ष एजेंडे में शामिल, फसलों का किया हवाई सर्वेक्षण

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)



औरैया जिले में कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे को अन्नप्राशन कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • एजेंसी

**अमृत विचार :** लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैंड पर जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे। यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कस्बे के जनता महाविद्यालय में रविवार को जनसभा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है, इस पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी देंगे। इस पहल के तहत वैज्ञानिक क्लाइमेटिक जोन को देखेंगे और किसानों को बीज व वैरायटी का प्रोडक्शन पर असर की जानकारी भी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष के अंदर यूपी में डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के अभियान को अपने हाथों में लिया है। यूपी में कृषि के लिए बहुत स्कोप है। सीएम ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनके सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाया था। किसान को बीज, एमएसपी का दाम, समय पर खाद्य, खेत के लिए पानी, तकनीक, स्वायल हेल्थ की व्यवस्था नहीं थी। लागत कम और अधिक उत्पादन पर जोर नहीं था। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है।

### कृषि संबंधी योजनाओं से अन्नदाताओं की जीवनशैली में आ रहा बदलाव

उन्होंने कहा कि हेल्थ कार्ड का अभियान चलाया। किसानों को पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। यह अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन का परिणाम है। कहा कि पिछली सरकार यूपी में कृषि विज्ञान को लागू नहीं करना चाहती थी, लेकिन जैसे ही सूर्यप्रताप शाही कृषि मंत्री बने, 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र लाने में सफलता प्राप्त की। आज 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। जो नई तकनीक और बीज की जानकारी दे रहे हैं।

### शोध के केंद्र के रूप में उभरे कृषि विवि

कृषि विवि भी इनोवेशन और कृषि के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। उनकी नई गति प्रदेश की प्रगति में सहायक हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसान अपनी आय को बढ़ा रहा है। वर्ष 2017 के पहले सुनने को मिलता था कि किसान को पर्ची नहीं मिली तो उसने खेत में आग लगा दी। किसान को वर्षों से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होता था। वह मजबूर होकर फसल में आग लगा देता था। किसान का आक्रोश सरकार की स्थिति को बयां कर देता था। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ स्थानीय विधायक और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पड़ोसी के घर सूटकेस में मिला बच्ची का शव

- परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न के बाद हत्या का आरोप
- इलाके में तनाव के मद्देनजर पुलिस-अर्धसैनिक बल तैनात

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। लड़की का शव शनिवार शाम को मिला। इलाके में तनाव को देखते पुलिस और अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के दल गठित किए गए हैं। नेहरू विहार निवासी बच्ची के परिवार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले एक रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। बच्ची के पिता के अनुसार, जिस रिश्तेदार के घर वह बर्फ देने गई थी उन्होंने बताया कि वह लगभग पांच मिनट रुकी और चली गई, घर नहीं पहुंची तो हमने हर जगह ढूंढा। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी, जहां हमें सूटकेस में उसका शव मिला।

बच्ची के पिता ने बताया कि जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए। वहां अपनी बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया। तुरंत वह उसे नजदीकी क्लिनिक लेकर गए, लेकिन वहां के चिकित्सक ने उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद वह अपनी बेटी को शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पॉक्सो सहित कई धाराओं में रिपोर्ट

दयालपुर पुलिस थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस की कई टीमें तैनात की गई हैं। घटना के कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# बेकाबू कार ने 3 को रौंदा, मासूम की मौत

- मां समेत दो घायल, अस्पताल में भर्ती, कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बीकेटी(लखनऊ)

**अमृत विचार:** लखनऊ-सीतापुर हाईवे के निकट इटौंजा सिंघामऊ मोड़ के पास एक बहुमंजिला बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार शाम करीब 6 बजे एक काले रंग की कार बिल्डिंग परिसर में घुसी और फिर बाहर निकलते समय बेकाबू हो गयी। बेकाबू कार ने मां-बेटे समेत तीन लोगों को रौंद दिया। हादसे में मां की गोद में खेल रहे आठ माह के बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई। वहीं, अन्य घायलों को इलाज चल रहा है।

सीतापुर के खसीपुर निवासी चन्द्रिका प्रसाद ने बताया कि उनका दामाद इटौजा के सिंहमऊ मोड़ के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहा था। वे दामाद, बेटी और आठ माह के नाती से मिलने के लिए आए थे। रविवार शाम काली कार से कुछ लोग बिल्डिंग सुपरवाइजर सुनील से मिलकर लौट रहे थे। कार सुनील चला रहा था। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गयी। कार गेट को तोडते हुए बाहर निकल गयी। इसी दौरान गेट से मजदूर राम दुलारे निवासी बेहटा तम्बौर सीतापुर निवासी की पत्नी पूनम अपने आठ माह के बच्चे को गोद में लेकर अंदर आ रही थी। उनके साथ एक बीकेटी मामपुर निवासी 55 वर्षीय मजदूर गया प्रसाद भी था। मां-बेटा तीनों कार की चपेट में आ गए। आनन-फानन में तीनों को पहले सीएचसी इटौंजा ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने राम सागर मिश्र हास्पिटल रेफर कर दिया गया। जहां पर मासू अयांश की मौत हो गयी। उसकी मां पूनम और गया प्रसाद को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने चालक सुनील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 20 जून से कर सकेंगे राम दरबार के दर्शन

- रोजाना 750 श्रद्धालुओं को मिलेगा मौका
- रामजन्मभूमि ट्रस्ट जारी करेगा मुफ्त पास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम मंदिर में प्रथम तल पर गर्भगृह में स्थापित राम दरबार।

**अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन भक्त सकेंगे। इसके लिए प्रथम तल पर रेलिंग को लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

माना जा रहा है कि 20 जून से दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। वहीं दर्शन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक दिन में लगभग 750 भक्तों को पास जारी करेगा। औसतन प्रति घंटे के मुताबिक 50 पास जारी होंगे। इस पास को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपनी वेबसाइट से जारी करेगा। दर्शन के लिए सुगम दर्शन पास की तरह प्रथम तल के दर्शन का पास भी निशुल्क जारी किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगले 10 दिन के अंदर राम दरबार के दर्शन शुरू हो सकते हैं।

# विपक्ष के नेता निर्वाचन आयोग को सीधे भेजें पत्र, तभी देंगे जवाब

- राहुल गांधी के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की दो टूक

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे।

सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी।

गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है।

# सरकारी जमीन पर कब्जा जारी नहीं रख सकते

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अतिक्रमण के मामले में दी हिदायत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए आदेश में कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर लगातार कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो।

# चलने-फिरने में लाचार माइलो अब फिर अपने पैरों पर दौड़ रहा

## रचा इतिहास : आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से कुत्ते के कूल्हे का किया सफल प्रत्यारोपण

- डॉ. रोहित कुमार और टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन से हासिल की सफलता
- वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए लगभग 3 वर्षों तक किया था अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से लेब्राडोर प्रजाति के कुत्ते का कूल्हा प्रत्यारोपण किया। इसके चलते खटीमा के युगल का चलने-फिरने में लाचार हो चुका लेब्राडोर प्रजाति का कुत्ता माइलो एक बार फिर अपने पैरों पर पर दौड़ने लगा है।

आईवीआरआई के वैज्ञानिक डिस्लोकेटेड हिप को रिप्लेस करने के लिए आर्टिफिशियल हिप बनाने पर करीब तीन साल से काम कर रहे थे। वैज्ञानिकों की सलाह पर युगल ने माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण पर सहमति जताई। करीब एक घंटे तक चली शल्य प्रक्रिया के दौरान पॉलीइथाइलीन नामक पदार्थ से ज्वाइंट बनाकर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ऑपरेशन के तीन दिन बाद ही माइलो चलने-दौड़ने लगा। खटीमा निवासी युगल के अनुसार बाहर घूमाने के दौरान माइलो का पैर अचानक गड्ढे में आ जाने से वह लड़खड़ाने लगा।

अधिक दर्द होने की स्थिति में माइलो को पहले पंतनगर ले गए। पंतनगर में वेटेनरी डॉक्टर ने एक्सरे व अन्य जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट हो गया है। वेटेनरी डॉक्टर ने ही बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के लिए रेफर किया। माइलो को आईवीआरआई लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी। डॉ. रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन के बाद माइलो का कूल्हा प्रत्यारोपण सफलता से पूरा किया। अब माइलो पूरी तरह स्वस्थ है। संस्थान के शल्य विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट होने से हिप ज्वाइंट, कैप्सूल से बाहर आ गया था। इससे माइलो की फीमर हड्डी एसीटाबुलम कैवटी से बाहर आ गई। इससे चलने-फिरने में लाचार हो गया था। जटिल ऑपरेशन के दौरान खराब कैप्सूल को निकालकर फीमर हड्डी के लिए उसी आकार की पॉलीइथाइलीन कैवटी बनाकर उसे माइलो के शरीर में प्रत्यारोपित किया गया।

डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि पहला प्रत्यारोपण माइलो में सफल होने के बाद अब तक दो अन्य कुत्तों में भी प्रत्यारोपण किया गया। एक बरेली निवासी के लेब्राडोर प्रजाति में किया गया, जबकि दूसरा प्रत्यारोपण संभल पुलिस के जर्मन शेफर्ड प्रजाति के कुत्ते में किया गया है।

### विदेश में खर्चा 5 लाख, स्वदेशी तकनीक में 30 हजार

विदेशों में कुत्तों के कूल्हे के प्रत्यारोपण पर करीब पांच लाख रुपये का खर्चा आता है। माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण में करीब 30 हजार रुपये का खर्चा आया। डॉ. रोहित ने बताया कि ये स्वदेशी तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित और किफायती है। बाजार में आने के बाद भी इसका खर्च 30-40 हजार रुपये तक हो सकता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इससे गांवों में रोजगार के नए द्वार खुल गए हैं। इसके अलावा साहूकारों व सूदखोरों के शोषण से किसानों को मुक्त कराया गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास व रोजगार सृजन की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने बीते चार वर्ष में 50 हजार से अधिक लघु और सीमांत किसानों को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का दीर्घकालीन ऋण वितरित किया।

### हर जिले में आज ज्ञापन सौंपेगी प्रदेश कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस निशक्तजन व विकलांग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनीष प्रसाद श्रीवास्तव पर हमला करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस 9 जून को हर जिले में ज्ञापन सौंपेगी। प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि प्रदेश में आये दिन दिव्यांगजनों पर शोषण व उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसके विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### पांच देशों के 50 मेहमानों ने की बोधि यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार बौद्ध सर्किट के विकास और पर्यटन को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में, मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) के तहत बोधि यात्रा नामक एक फैमिलियराइजेशन ट्रिप आयोजित हुई, जिसमें आसियान के पांच देश कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के बौद्ध संबन्धित स्थलों का भ्रमण किया। 2 से 7 जून तक चली इस यात्रा पर आए दल में बौद्ध भिक्षु, ट्रैवल एजेंट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल थे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि बोधि यात्रा का उद्देश्य श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ और आगरा आदि प्रमुख बौद्ध स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रदर्शित करना था।

# वर्षों से एक ही जगह जमे डॉक्टरों के होंगे तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिले में 3 साल और मंडल में 7 साल बिता चुके डॉक्टरों पर गिरेगी गाज
- प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने जारी की ट्रांसफर पॉलिसी

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों एवं कार्यालयों में लंबे समय से जमे चिकित्सकों पर तबादले के बादल मंडराने लगे हैं। दो दिन पूर्व प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा स्थानांतरण पॉलिसी को लेकर जारी दिशा-निर्देश के बाद जुगाड़ के दम पर एक ही शहर में जमे डॉक्टर व अधिकारियों को वातानुकूलित कमरों के बावजूद माथे पर पसीना आने लगा है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को स्थानांतरण पॉलिसी के तहत स्वास्थ्य विभाग और परिवार कल्याण महानिदेशक को निर्देश दिए हैं, उन्होंने स्पष्ट किया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अगर जिले में तीन साल और मंडल में सात साल बीता चुके हैं, को स्थानान्तरित किया जाए। हालांकि विभागाध्यक्षों और मंडलीय कार्यालयों में तैनाती की अवधि उक्त निर्धारित अवधि में नहीं गिना जायेगा। इसके बाद नियमों की जद में आने वाले समूह क व ख के चिकित्सा अधिकारियों ने गुणा-गणित शुरू कर दी है।

### ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में चल रही गणित

विभागीय अधिकारियों का मानना है कि नियमानुसार 10 प्रतिशत यानी प्रदेश में डॉक्टरों के 1000 से ज्यादा तबादले नहीं होने हैं, इसमें अनुरोध पर होने वाले ट्रांसफर भी शामिल हैं। इसके अलावा छोटे जिलों में डॉक्टर सेवाएं देना नहीं चाहते हैं, पूर्व में तबादले के बाद न ज्वाइन करने के तमाम नजीरें उपलब्ध हैं। विभाग खतरा मोल लेने की स्थिति में नहीं है।

इसके अलावा निर्देश हैं कि बीते पांच साल से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक य प्रमुख चिकित्सक व निदेशक, जो एक ही अस्पताल या मंडलीय कार्यालयों में बीते पांच साल से तैनात हैं तो अन्य मंडल में ट्रांसफर किया जाए, हालांकि जो चिकित्सक सरकारी अस्पतालों में केवल चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उन पर ट्रांसफर पॉलिसी नहीं लागू होगी। इतना ही नहीं, विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारी अंतर्गत सीएचसी अधीक्षक व एमओआईसी नियुक्ति की अवधि तीन साल से ज्यादा हो चुकी है तो उन्हें उसी जिले में अन्यंत्र स्थानान्तरित किया जाएगा।

### आकांक्षी जिलों में डॉक्टरों को भेजने पर जोर

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के घोषित आठ आकांक्षी जिलों व ब्लाक स्थित सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित पदों पर डॉक्टर व कार्मियों को तैनात करने पर विशेष जोर दिया गया है। इन जिलों में चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती व बहराइच शामिल हैं।

> निर्देशों के अनुसार निर्धारित अवधि से ज्यादा समय से एक ही पद पर कार्यरत अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों समेत अन्य डॉक्टरों के स्थानांतरण होने हैं, इसके लिए अपेक्षित प्रक्रिया चल रही है। अस्पतालों में चिकित्सकीय कार्य प्रभावित न हो, इसलिए चिकित्सकीय सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को तबादले से दूर रखा जाएगा।
>
> **-डॉ .रतन पाल सिंह सुमन, स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र .**

# कार्यक्रम से पहले कलाकारों को मिलेगा 50 प्रतिशत भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संस्कृति निदेशालय ने लोक कलाकारों को बड़ी राहत देते हुए प्रस्तुति से पहले 50 फीसदी भुगतान करने का निर्णय लिया है। यह फैसला कमीशनखोरी की शिकायतों के बाद लिया गया है। कलाकारों को बाकी राशि प्रस्तुति का प्रमाण देने के बाद ही मिलेगी। निदेशालय ने पारदर्शिता लाने के लिए यह कदम उठाया है, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

संस्कृति निदेशालय को लगातार इस बात की शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ कर्मचारियों व दलालों के माध्यम से लोक कलाकारों को कार्यक्रम देने के बदले में कमीशन लिया जा रहा है। 5 से 23 फरवरी तक चले इंडो-नेपाल मैत्री महोत्सव में कलाकारों से कमीशन लेने के मामले में कानपुर की एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के संचालक को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद निदेशालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। इस कार्यक्रम के आयोजन से पहले भी संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कलाकारों से इसकी जानकारी कमीशन लेने का मामला उजागर हुआ था, इसकी जांच की जा रही है।

# टेरीटोरियल आर्मी में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा

## एसटीएफ ने आगरा से तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने टेरीटोरियल आर्मी (टीए) में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के तीन सदस्यों को आगरा के हरिपर्वत थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। फर्जीवाड़े का खुलासा मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने किया। आरोपियों के पास से गेट पास व नियुक्ति पत्र बरामद किया गया है।

एसटीएफ के एएसपी राकेश मुताबिक, पकड़े गये आरोपियों में दो सुनील कुमार रखकंगवाल और बलवंत सिंह जीएमएस रघुनाथपुरा, हरीपुर पाटिल जम्मू के सांबा के रहने वाले हैं। वहीं तीसरा आरोपी अजय कुमार यादव फिरोजाबाद के सैगई का निवासी है। तीनों आरोपी खेरिया मोड़, आईएसबीटी के पास होटल में ठहरे हुए थे। इस गिरोह के दो सदस्य फरार है। फरार सदस्यों में गिरोह का मास्टरमाइंड भी शामिल है। दोनों की तलाश में एसटीएफ की टीम लगी हुई है।



मिलिट्री इंटेलिजेंस और एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी।

### नौकरी का झांसा देकर अभ्यर्थियों को ले गए थे जम्मू-कश्मीर

पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि आगरा में रहने वाले 24 अभ्यर्थियों को नौकरी का झांसा दिया था। इन अभ्यर्थियों को टेरीटोरियल आर्मी में नौकरी का झांसा देकर जम्मू-कश्मीर लेकर गये थे। सभी अभ्यर्थियों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया था। सभी के चिकित्सकीय परीक्षण के लिए होटल में ठहराया गया था। आरोपियों से सात-आठ लाख रुपये लिये थे। यह रुपये दीपक शर्मा के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कराते थे। इसके बदले में दीपक को 30-40 हजार रुपये प्रत्येक ट्रांजेक्शन के दिये जाते थे। आरोपियों के पास से एसटीएफ ने आधार कार्ड, डीएल, एटीएम कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, कूट रचित नियुक्ति पत्र, गेट पास, तीन मोबाइल व नकदी बरामद किया है।

# फर्जी फर्मों के खिलाफ करें कार्रवाई : मुख्यमंत्री

## योगी ने राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए अभियान चलाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कम संग्रह वाले क्षेत्रों की रिपोर्ट की तलब

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शेल कंपनियों और पंजीकृत फर्जी फर्मों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि इस तरह के कृत्य व्यापारी बंधुओं की सुविधाओं में सेंध लगाने का प्रयास है, जो अक्षम्य है। योगी ने कम संग्रह वाले क्षेत्रों की रिपोर्ट भी तलब की। उन्होंने एडिशनल, ज्वाइंट और डिप्टी कमिश्नर स्तर के अधिकारियों को व्यापारियों से संवाद करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सरकारी आवास पर शनिवार देर शाम राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में व्यापारियों के मुद्दे पर अफसरों की जमकर क्लास ली। कहा कि कर चोरी एक राष्ट्रीय अपराध है और इससे राज्य की विकास योजनाओं व लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यालय स्तर से कम संग्रह वाले क्षेत्रों की विशेष रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाए, जिसे शासन फील्ड एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर गहनता से विश्लेषित करेगा। निर्देश दिए कि सेंट्रल जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत संदिग्ध फर्मों की जानकारी केंद्र को भेजी जाए, ताकि उनका पंजीकरण निरस्त हो सके। वहीं स्टेट जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत फर्मों की विभागीय स्तर पर गहन जांच कर यदि अनियमितता मिले, तो पंजीकरण निरस्त कर एफआईआर दर्ज की जाए।



लखनऊ में राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### कानपुर समेत छह जोन में कम वसूली की करें समीक्षा

मुख्यमंत्री ने लखनऊ (दोनों ज़ोन), अयोध्या, बरेली, आगरा, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, झांसी और सहारनपुर सहित लगभग 14 जोन में 60 फीसदी या उससे अधिक लक्ष्य पूर्ति को सराहनीय बताया। वहीं, वाराणसी जोन प्रथम, प्रयागराज, कानपुर द्वितीय, इटावा, अलीगढ़ और मुरादाबाद जैसे जोन में 50 फीसदी से कम संग्रह को असंतोषजनक बताते हुए तत्काल व्यापक समीक्षा का निर्देश दिया।

### बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए हो रही फसलों की खरीद : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में फसलों की लूट है। सरकार बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए फसलों की खरीद कर रही है। भाजपा सरकार का एजेंडा उद्योगपतियों को लाभ दिलाने का रहता है। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है, भाजपा धोखा देने में अव्वल है।



# ग्रेटर नोएडा में बनेगी फ्लैटेड फैक्टरी

## यीडा ने बनाई कार्ययोजना, दो साल में होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) एक बड़ी पहल करने जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण होगा। फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान पर काम चल रहा है। प्रक्रिया के अनुसार, लगभग 125 करोड़ की लागत से 24 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

सेक्टर-28 में प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्ट्री न केवल एमएसएमई सेक्टर को गति देगी, बल्कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के जरिए सरकार का उद्देश्य छोटे उद्यमियों को एक ही परिसर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस यूनिट्स देना है ताकि उत्पादन कार्य बिना किसी बाधा के चल सके।

योजना के तहत फैक्टरी परिसर से संबंधित बाहरी विकास कार्य भी किए जाएंगे जिसमें बाउंड्री वॉल, गेट, गार्ड रूम, इंटरनल रोड, पार्किंग, ड्रेनेज, सीवरेज, वाटर सप्लाई, प्लंबिंग पंप, अग्निशमन उपकरणों की स्थापना और लैंडस्केपिंग भी शामिल हैं।

### ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को किया जाएगा पूरा

यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर होगा और इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद परियोजना के अंतर्गत तीन साल की डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि भी लागू होगी। यह बहुमंजिला (बेसमेंट ग्राउंड फ्लोर 3 फ्लोर युक्त) फ्लैटेड फैक्टरी लगभग 38,665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और इसमें सूक्ष्म, लघु व मध्यम दर्जे के उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त यूनिट्स होंगे।

# ईंट भट्ठा नियमावली में संशोधन की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण व कर विभाग के समन्वय से होगा ईंट भट्ठों का संचालन

**अमृत विचार :** जल्द ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण व कर विभाग के समन्वय से ईंट भट्ठों का संचालन होगा। राज्य सरकार ने ईंट भट्ठा नियमावली 2012 में संशोधन की तैयारी शुरू कर दी है। नई व्यवस्था में कर विभाग को ईंट भट्ठों की सूची सौंपी जाएगी। इससे जीएसटी संग्रह की कमी दूर हो सकेगी। इसके साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए लाल ईंट के विकल्प को बढ़ावा दिया जाएगा।


शासन के अधिकारियों के अनुसार, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग के नियमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश बीएन खरे की विधिक राय के अनुरूप ईंट भट्ठों की नियमावली में संशोधन प्रस्तावित किया गया है। इन प्रयासों से न केवल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ईंट भट्ठा उद्योग को भी व्यवस्थित और टिकाऊ बनाया जा सकेगा।

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2012 से पहले प्रदेश में ईंट भट्ठों के लिए कोई स्पष्ट नियमावली नहीं थी। 2012 में बनी नियमावली के तहत प्रदेश के लगभग 6500 ईंट भट्टे अवैध घोषित हो गये थे, पर इसके बाद भी ईंट भट्ठों के अनियमित संचालन के कारण उचित कर संग्रह संभव नहीं हो पा रहा था। ईंट भट्ठों का संचालन करने वाले कई ईंट भट्ठा मालिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा था।

# निजीकरण पर बिजली कर्मियों ने प्रबंधन से पूछे पांच सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कर्मियों के समर्थन में दिल्ली में संगठनों की बैठक आज



**अमृत विचार :** निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली कर्मियों ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से रविवार को पांच सवाल पूछे। इस बीच, बिजली कर्मियों के समर्थन में दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कर्मचारी संगठनों की बैठक 9 जून को होगी।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की रविवार को ऑनलाइन हुई प्रांतव्यापी बैठक में 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी की ...ी गई और महापंचायत में ...ाले प्रस्ताव पर चर्चा हुई। ... संयोजक शैलेंद्र दुबे ने ... प्रदेश के बिजली कर्मियों ... में आंदोलन का निर्णय लेने के लिए नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की कोर कमेटी की दिल्ली में होगी। इस बैठक में पिछले छह महीने से प्रदेश में चल रहे निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के आंदोलन की समीक्षा की जाएगी और समर्थन में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

### निजी कंपनी को 51 प्रतिशत हिस्सेदारी तो निजीकरण कैसे नहीं

निजीकरण पर पावर कॉरपोरेशन की ओर से जारी प्रपत्र में लिखा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण नहीं हो रहा है, बल्कि पीपीपी मॉडल पर सुधार के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसमें निजी क्षेत्र की 51 प्रतिशत और सरकारी क्षेत्र की 49 प्रतिशत भागीदारी होगी जो लगभग बराबर ही है। प्रश्न यह है कि जिसकी 51 प्रतिशत भागीदारी होती है, क्या उसका मालिकाना हक नहीं होता। निजी क्षेत्र की 51 प्रतिशत भागीदारी ग्रेटर नोएडा में है। क्या ग्रेटर नोएडा की कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड निजी कंपनी नहीं है।

संघर्ष समिति की ओर से पूछे गए सवालों में कहा गया है कि क्या निजी कॉरपोरेट घरानों की सहूलियत की दृष्टि से निजीकरण के पहले ही बड़े पैमाने पर लगभग 45 प्रतिशत संविदा कर्मियों को हटाया जा रहा है, हटा दिया गया है? भीषण गर्मी में अनुभवी संविदा कर्मियों को हटाए जाने से क्या बिजली आपूर्ति प्रभावित नहीं हो रही है? क्या प्रबंधन बिजली व्यवस्था बिगाड़ कर निजीकरण थोपना चाहता है?

**आरक्षित वर्ग के अधिकारी अगले माह शुरू करेंगे आंदोलन :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में आरक्षित वर्ग के अधिकारी अगले माह आंदोलन शुरू करेंगे। सभी वितरण निगमों में निजीकरण हटाओ आरक्षण बचाओ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी।

पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रियों समेत कैबिनेट मंत्रियों व ऊर्जा मंत्री से पहले ही इस मुद्दे पर गुहार लगाई जा चुकी है, पर इस पर जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुए हैं। पूरे प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में संवैधानिक व्यवस्था आरक्षण को बचाने के लिए निजीकरण हटाओ आरक्षण बचाओ सम्मेलन किया जाएगा।

### आरोग्य मेले में मिले छह डेंगू रोगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** रविवार को आयोजित हुए 204वें मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में डेंगू के 987 टेस्ट किये गये, जिसमें छह मरीज डेंगू पॉजिटिव पाये गये। साथ ही 252 कोविड एंटीजन टेस्ट किये गये, जिनमें कोई भी कोविड पॉजिटिव नहीं मिला। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि मेले में कुल एक लाख 98 हजार 442 रोगी आए, जिनमें 1714 गंभीर रोगियों को उच्च चिकित्सालयों में रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि मेले में कुल 11 हजार 693 फीवर केस आये थे, जिनमें लक्षण के आधार पर डेंगू व मलेरिया आदि की जांच करायी गयी और इलाज किया गया।

# एडेड माध्यमिक विद्यालयों में भी होंगे ऑनलाइन तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे शासनादेश जारी

**अमृत विचार :** प्रदेश के एडेड माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन तबादले करने का शासनादेश शनिवार को आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे।

शासन की ओर से विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला करने का आदेश जारी किया है। यह पहली बार है जब एडेड माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को ऑनलाइन तबादले का अवसर मिलेगा। वहीं, आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे। यह जिले हैं सोनभद्र, चंदोली, बहराइच, श्रावस्ती, बररामपुर, फतेहपुर, चित्रकूट और सिद्धार्थनगर। जारी आदेश में ऑनलाइन तबादले के मानक भी तय किए गए हैं।

बता दें कि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में लगभग हर काम ऑनलाइन ही हो रहा है, पर एडेड कॉलेजों के शिक्षकों के तबादलों के लिए अभी तक ऑफलाइन प्रक्रिया ही अपनाई जा रही थी। इससे एडेड कॉलेजों के शिक्षकों में काफी रोष था।

### तबादले के लिए आज से आवेदन करें शिक्षक

परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अंतर जनपदीय स्थानांतरण के लिए आनलाइन आवेदन 9 से 12 जून तक होंगे। इससे पहले 6 से 7 जून तक आरटीई मानकों के अनुसार छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार, शिक्षकों की आवश्यकता वाले और ज्यादा शिक्षकों वाले जिलों को चिन्हित कर सूची ऑनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। शिक्षकों को आवेदन की कापी संबंधित बीएसए कार्यालय में 13 जून तक जमा करनी होगी। 14 जून को आनलाइन सत्यापन के बाद 16 जून को स्थानांतरण सूची जारी की जाएगी। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने इस संबंध में सभी बीएसए को आदेश जारी किए हैं।

# योगी सरकार में पूरी हुई 29 सिंचाई परियोजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 43.53 लाख से ज्यादा किसानों को मिला लाभ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में 29 सिंचाई परियोजनाएं पूरी कीं, जिससे 43.53 लाख से अधिक किसानों को लाभ मिला है 19.11 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता बढ़ी है। हर खेत को पानी विजन के तहत कई वृहद और मध्यम सिंचाई परियोजनाएं भी पूरी की गई हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश के कई जिलों के किसानों को फायदा हो रहा है।

प्रदेश सरकार के हर खेत को पानी विजन की दिशा में हुए कार्यों के तहत आठ वर्षों में सात वृहद सिंचाई परियोजनाओं में बाणसागर नहर परियोजना, लहचूरा बांध परियोजना, पहाड़ी बांध परियोजना, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, अर्जुन सहायक नहर परियोजना, उत्तर प्रदेश वाटर रिस्ट्रक्चरिंग परियोजना फेज-2 और उमरहठ पंप परियोजना द्वितीय चरण को पूरा किया गया है। इससे मीरजापुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बस्ती, गोरखपुर, महराजगंज, बांदा, अमेठी, रायबरेली, इटावा, एटा, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, कौशांबी, फतेहपुर, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, बाराबंकी, मैनपुरी एवं ललितपुर के किसानों को लाभ मिल रहा है। इसी तरह मध्यम श्रेणी की 16 सिंचाई परियोजनाएं पूरी की गईं। इसी प्रकार छह लघु सिंचाई परियोजनाएं पूरी की गई हैं। इनमें कई परियोजनाएं तो ऐसी हैं, जो वर्षों से अटकी थीं।

**कार्ययोजना** 18 हजार करोड़ से अधिक की लागत से पूरे किए जाएंगे निर्माण कार्य

# जल्द पूरे होंगे 20 विभागों से जुड़े 95 बड़े प्रोजेक्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्यों में खर्च होंगे 6550 करोड़
- राजस्व व आपदा विभाग के दो कार्यों पर खर्च होंगे 350 करोड़

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 20 विभागों से संबंधित बड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत भवन सेल द्वारा 95 निर्माण कार्यों को 18767 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इसमें विभागों के कार्यालयों समेत विभिन्न प्रकार के आवासीय-अनावासीय अवसंरचनाओं का निर्माण शामिल हैं।

कार्ययोजना के अनुसार, गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्यों को 6550 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। जबकि, चिकित्सा शिक्षा, कारागार व उच्च शिक्षा विभाग के भी कई बड़े निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। उल्लेखनीय है कि इन 95 निर्माण कार्यों में से 26 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है, जबकि 10 कार्यों की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत के बीच है। बड़ी बात यह है कि 17 कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा भी कर लिया गया है।

गृह विभाग के बाद ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) मोड पर दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें कुल 5357 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग के 6 निर्माण कार्यों को 773 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। कारागार विभाग के कुल सात निर्माण कार्यों को भी 1334 करोड़ रुपये से पूरा करने की तैयारी है। इसी प्रकार, न्याय विभाग के कुल तीन कार्यों को 1227 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए तीन कार्यों को 312 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 324 करोड़ रुपये की लागत से तीन निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा। राजस्व एवं आपदा विभाग के लिए 350 करोड़ से दो कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 229 करोड़ की लागत से दो कार्य, श्रम विभाग के लिए 149 करोड़ की लागत से दो कार्य तथा राज्य संपत्ति विभाग के लिए दो निर्माण कार्यों को 182 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, आयुष विभाग के लिए 267 करोड़ रुपये, माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए 153 करोड़ रुपये, खेल विभाग के लिए 388 करोड़, नागरिक उड्डयन विभाग के लिए 103 करोड़, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के लिए 95 करोड़, वित्त विभाग के लिए 187 करोड़, पशुधन विभाग के लिए 277 करोड़, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के लिए 434 करोड़ तथा धर्मार्थ कार्य विभाग के लिए 65 करोड़ की लागत से एक-एक कार्य को पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

### बीएनए में 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में शैक्षिक सत्र 2025-27 में परास्नातक में प्रवेश के लिए पहली बार 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा 10 जून से शुरू हो रही है। अभ्यर्थियों का चयन 15 जून तक आयोजित प्रवेश परीक्षा व साक्षात्कार से किया जाएगा। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुमित श्रीवास्तव ने दी। बताया कि योग्य अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार 10, 11 व 12 जून को सुबह 10 बजे से कराई जाएगी। संस्थान ने प्रथम चरण की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों के साथ 10 जून को अकादमी बुलाया है। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर अंतिम चयन (कार्यशाला) के लिए लगभग 60 अभ्यर्थी चयनित किए जाएंगे। इनकी परीक्षा 13, 14 व 15 जून को सुबह 10 .30 बजे से कराई जाएगी।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

तेज धूप निकलेगी गर्मी बढ़ने की संभवना है।

40.4⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**



- किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज स्विमिंग पूल में लखनऊ विश्वविद्यालय और केजीएमयू के तत्वाधान में जल योग कार्यक्रम- 6:00 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज दिवस के स्थापना पर कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल और कुलपति डॉ. आलोक राय शामिल होंगे- 3:30 बजे।
- केजीएमयू के कलाम सेंटर भवन में वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से योग दिवस पर योगाभ्यास शिविर- 4:00 बजे।
- आशियाना स्थित आईटी वेएज में सॉफ्टवेयर इंटर्नशिप- 6:30 बजे।

# राजधानी में पारा चढ़ा, हीटवेव का अलर्ट

## 19 दिन बाद आया मौसम में बदलाव, अगले तीन-चार दिन और गर्मी बढ़ने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**40.4** डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया अधिकतम तापमान **42.2** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा था 18 मई को **11** व 12 जून को राहत मिलने की संभावना

**अमृत विचार:** 19 दिन बाद रविवार को फिर सूरज के तेवर तल्ख हो गए और पारा 40.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। अधिकतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री और न्यूनतम 1.4 डिग्री यानी 28.0 डिग्री रिकार्ड किया गया। अगले तीन-चार दिन गर्मी और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट जारी कर दिया है।

18 मई को राजधानी में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद से पारा 40 डिग्री के नीचे बना रहा। रविवार को फिर मौसम ने करवट बदली और तापमान में बढ़ोत्तरी हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि तीन से चार दिन गर्मी तेजी से बढ़ेगी और लू का अहसास हो सकता है। हीट वेव के बाद विक्षोभों से 11 और 12 जून को राहत मिलने की संभावना है।




गर्मी से बचाव के लिए पानी से मुंह धोता अधेड़ और आइसक्रीम खाकर गर्मी से निजात पाने की कोशिश करती महिला। अमृत विचार

11 और 12 जून को गर्मी में कमी आ सकती है।

मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि नमी कम होने के साथ शुष्क मौसम होने लगेगा। इसमें हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। सोमवार और मंगलवार को हीट वेव रहने की संभावना है।

रविवार को आसमान साफ रहेगा और तापमान में वृद्धि भी हो सकती है। हीट वेव का दौर खत्म होने के बाद पांच ऐसे विक्षोभ व परिसंचरण हैं जो इससे अस्थायी रूप से राहत दिला सकते हैं। तापमान में फिर कमी हो सकती है।


# किसान पथ तक मेट्रो लाइन बनाने का प्लान बदला

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ के पॉलिटेक्निक चौराहे से किसान पथ तक मेट्रो लाइन बनाने का प्लान बदल गया है। अब इस रूट पर एलिवेटेड रोड पर मेट्रो की लाइन अंडरग्राउंड होगी। तकनीकी बिंदुओं और सीमित जगह के कारण प्रमुख सचिव, लोक निर्माण और आवास विभाग की संयुक्त अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में ये निर्णय लिया गया है।

यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक कर्नल आशीष द्विवेदी के मुताबिक, एलिवेटेड रोड के ऊपर दोस्तरीय निर्माण संभव नहीं है। अगर भविष्य में मेट्रो बनानी है, तो वह भूमिगत होगी। तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार, एलिवेटेड रोड के ऊपर पियर, यू-गर्डर जैसी संरचनाएं बनाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। फिलहाल पॉलिटेक्निक से किसान पथ तक केवल एलिवेटेड रोड ही बनाई जाएगी।इससे इस रूट पर ट्रैफिक की भीषण समस्या से राहत मिलेगी।

# 24 घंटे में कोरोना के तीन नए मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** राजधानी में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। 24 घंटे में एक बुजुर्ग महिला समेत तीन नए मरीज सामने आए हैं। सभी होम आइसोलेशन में कर दिया गया है। किसी भी मरीज की ट्रैवेल हिस्ट्री नहीं है।

सीएमओ कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक नए मिले मरीजों में सदर की वृद्धा (61), गोमती नगर विस्तार की युवती (22) और गोमती नगर विश्वास खंड निवासी महिला (49) है। तीनों ही संक्रमितों की कोई ट्रैवेल हिस्ट्री नहीं है। इन सभी को सांस लेने में तकलीफ, खांसी जुकाम व बुखार होने पर परिवारीजनों ने निजी केंद्रों पर जांच करवाई।

जांच रिपोर्ट आने पर सभी में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 की पुष्टि हुई है। तीनों लोगों की हालत सामान्य है। किसी को कोई अधिक समस्या नहीं है। तीनों ही कोरोना संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं। नियमित दवाएं चल रही हैं। इनके परिवारीजनों में भी किसी को कोई समस्या नहीं है। सीएमओ कार्यालय से सभी लोगों को एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ कार्यालय से जारी रिपोर्ट के अनुसार शहर में अब तक 11 मरीज कोरोना के मिल चुके हैं। वहीं कोरोना के आठ सक्रिय मामले हैं।

**लक्षण**

- तेज या हल्का बुखार
- सिर दर्द, बदन दर्द
- गले में खराश या सूजन
- आमतौर पर सूखी खांसी
- नाक बहना या बंद होना
- थकावट या कमजोरी महसूस होना
- स्वाद और गंध में कमी
- सांस लेने में परेशानी
- भूख कम लगना

**ये उपाय करें**

- लक्षण दिखने पर खुद को आइसोलेट करें
- बुखार के लिए पैरासिटामोल लें
- खांसी के लिए कफ सिरप या भाप लें
- तरल आहार अधिक मात्रा में लें
- भरपूर आराम करें
- चिकित्सक की सलाह पर विटामिन सी व जिंक सप्लीमेंट का सेवन करें
- भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क का प्रयोग करें
- हल्के गुनगुने पानी का सेवन करें
- शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखें

# साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस अयोध्या कैंट-मनकापुर के रास्ते चलेगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन और नियंत्रण में किया गया संशोधन



**अमृत विचार:** रेल प्रशासन ने पूर्व में अधिसूचित गाड़ियों के मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन,शार्ट ओरिजिनेशन एवं नियंत्रण तथा रि-शिड्यूलिंग में संशोधन किया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि अमृतसर से 1 से 4 जुलाई, तक चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस अमृतसर से 30 जून से 4 जुलाई तक परिवर्तित मार्ग रोजा-आलमनगर-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-वाराणसी-छपरा ग्रामीण-मुजफ्फरपुर होकर चलेगी। छपरा से 2 एवं 4 जुलाई को चलने वाली 15109 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ-वाराणसी जं.-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल होकर जाएगी। साबरमती से 26 एवं 28 जून को चलने वाली 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस अब 28 जून को बाराबंकी-अयोध्या कैंट-मनकापुर के रास्ते और गोरखपुर से 1 एवं 4 जुलाई को चलने वाली 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस गोरखपुर-मनकापुर-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलेगी।

अमृतसर से 30 जून को चलने वाली 04618 अमृतसर-सहरसा स्पेशल रोजा-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-बाराबंकी-अयोध्या कैंट-मनकापुर होकर और अमृतसर से 30 जून एवं 3 जुलाई को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस 29 जून एवं 3 जुलाई को बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-मऊ-इन्दारा-फेफना-छपरा के रास्ते जाएगी।

जयनगर से 1 एवं 3 जुलाई को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस संशोधित तिथि 30 जून एवं 2 जुलाई को छपरा-फेफना-इन्दारा-मऊ-शाहगंज-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलेगी। सहरसा से 24, 25, 27, 29, 30 जून तथा 1 एवं 3 जुलाई को चलने वाली 05577 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल अब संशोधित तिथि 24, 25, 27, 29, 30 जून तथा 2 जुलाई, को दरभंगा-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-छपरा- औंड़िहार-वाराणसी जं.-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-रोजा के रास्ते चलाई जाएगी। तिरूवनन्तपुरम उत्तर से 22, 24, 25, 29 जून तथा 1 एवं 3 जुलाई को चलने वाली 12512 तिरूवनन्तपुरम उत्तर-गोरखपुर एक्सप्रेस 22, 24, 25, 29 जून तथा 1 एवं 2 जुलाई को बाराबंकी-अयोध्या-मनकापुर के रास्ते चलाई जाएगी। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि गोरखपुर से 27 जून एवं 05 जुलाई, को चलने वाली 19410 गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस अब संशोधित तिथि 28 जून एवं 05 जुलाई को गोमती नगर स्टेशन से 10.15 बजे चलाई जाएगी। यह गाड़ी गोरखपुर-गोमती नगर के मध्य निरस्त रहेगी। पुणे से 26 जून, को चलने वाली 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस अब 28 जून, को मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

## आईआरसीटीसी कराएगा दार्जिलिंग और गंगटोक का भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) 20 से 25 जून तक दार्जिलिंग और गंगटोक के भ्रमण के लिए टूर पैकेज लाया है। लखनऊ से बागडोगरा आने-जाने की व्यवस्था फ्लाइट से है। खाने-पीने एवं ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल में रहेगी। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा के अनुसार यात्रा के दौरान पाइन व्यू फ्लावर नर्सरी, गोल्फ कोर्स, डर्बिन धारा हिल्स, त्सोम्गो झील, बाबा हरभजन सिंह स्मारक, एनची मठ, हनुमान टोक, गणेश टोक, ताशी व्यू प्वाइंट, पुष्प प्रदर्शनी शो, घूम मठ, बतासिया लूप, जापानी मंदिर, पीएन प्राणी उद्यान, तेनजिंग रॉक, चाय बागान आदि का भ्रमण कराया जाएगा। पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 86300 रुपये है। दो व्यक्तियों के एक साथ बुकिंग पर प्रति व्यक्ति 66600 रुपये देने होंगे।

## जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में लगेगी एंटी स्नेक वैनम और एंटी रैबीज वैक्सीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में अब 24 घंटे लोगों को एंटी रैबीज वैक्सीन (एआरवी) और एंटी स्नेक वैनम लगाई जाएगी। अभी तक सेंटर में यह सुविधा न होने के कारण आसपास के मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ता था। जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर की 50 बेड की क्षमता है। अभी यहां पर 20 से अधिक बेड पर मरीजों को इलाज दिया जा रहा है। ट्रॉमा की इमरजेंसी में 24 घंटे मरीजों को इलाज दिया जाता है। बीकेटी के स्थित राम सागर मिश्र संयुक्त अस्पताल से संबद्ध इस ट्रॉमा सेंटर में कुछ समय से मरीजों के लिए काफी सुविधाएं बढ़ रही हैं। एक्सरे मशीन, वॉटर कूलर समेत अन्य सुविधाएं बढ़ चुकी हैं। अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में अब 24 घंटे एआरवी और एंटी स्नैक वेनम की डोज लगाई जाएगी। कुत्ता या सांप काटने पर लोगों को डोज लगवाने के लिए दूसरे सरकारी अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। पास में ही समय से डोज मरीज को लगाई जाएगी। सीएमएस के मुताबिक बारिश के दिनों में बीकेटी, इटौंजा समेत ग्रामीण क्षेत्र में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे ही कुत्ता काटने की घटनाएं भी आम हैं।

**एक नजर**

### पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 17 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 में पीएचडी अर्थशास्त्र विषय में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 17 जून को होगा। साक्षात्कार 12 बजे दिन से एकेडमिक ब्लॉक-ए2 के द्वितीय तल पर स्थित कक्ष संख्या 322 में अर्थशास्त्र विभाग की विभागीय शोध समिति की बैठक के माध्यम से कराया जाएगा। शोधार्थियों को मूल अभिलेख एवं छायाप्रति का एक सेट लेकर 17 जून को अपराह्न 12 बजे एकेडमिक ब्लॉक-ए 2 के भूतल पर स्थित कक्ष संख्या 114 में उपस्थित होना होगा।

### अवधेश यादव बने सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डा. एसपी सिंह पटेल ने अवधेश कुमार यादव पूर्व प्रदेश सचिव को जिलाध्यक्ष लखनऊ बनाया है। डॉ. दिवाकर यादव को प्रदेश सचिव तथा डॉ. दिलीप पासवान को महानगर लखनऊ का महासचिव नामित किया गया है।

### दो दिनों से नहीं उठा कूड़ा लगे गंदगी के ढ़ेर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम की लापरवाही से शहर के कई इलाकों में दो दिनों से कूड़ा नहीं उठा है। इससे सड़क पर कूड़े के ढ़ेर लग गए हैं। बकरीद के त्योहार पर कई सफाईकर्मी छुट्टी पर चले गए हैं। इससे सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। वृंदावन योजना में दो दिनों से नगर निगम की गाड़ी घरों से कूड़ा उठाने नहीं आयी है। आशियाना और एलडीए कालोनी में जगह-जगह कूड़ा पड़ा है। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि लॉयन इनवायरो कंपनी लापरवाही कर रही है। कंपनी के कर्मचारी नियमित कूड़ा नहीं उठा रहे हैं।

### विद्यालयों का पुन किया जाएगा सत्यापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में कई जिलों में शहरी क्षेत्रों की सीमा का विस्तार के कारण ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय शहर में आ गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिलों से सूचना मांगी गई थी। 30 जिलों ने जानकारी दी है कि उनके यहां का एक भी ग्रामीण क्षेत्र का परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय शहर क्षेत्र में सम्मिलित नहीं हुआ है। अब इन सभी जिलों की सूचनाओं को संदिग्ध मानते हुए इन्हें पुन: सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल बताया कि सत्यापन के दौरान सूचना गलत पाई गई तो संबंधित अधिकारियों प कार्रवाई की जाएगा।

# बदमाशों ने पर्स पर मारा झपट्टा ई-रिक्शा से सड़क पर गिरी महिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आलमबाग बस स्टेशन के पास शुक्रवार रात हुई वारदात
▸▸ पर्स में रखे थे सोने की चेन, कुंडल और 11 हजार रुपये
▸▸ फर्रुखाबाद निवासी सिपाही की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** आलमबाग बस स्टैंड के पास बाइक सवार बदमाशों ने ई-रिक्शा पर सवार सिपाही की पत्नी के पर्स पर झपट्टा मारा। असंतुलित होने से महिला सड़क पर गिरकर चोटिल हो गई। बाइक सवार पर्स लूटकर भाग निकले। आलमबाग पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के सहारे बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

फर्रुखाबाद जिले के कंपिल थाना क्षेत्र के ग्राम भौरुआ के निवासी सर्वेश सिंह यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल हैं।

शुक्रवार रात 11:15 बजे वह पत्नी अनुराधा के साथ अयोध्या से चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। यहां से कृष्णानगर एलडीए कॉलोनी जाने के लिए ई-रिक्शा पर सवार हुए। आलमबाग बस स्टैंड के पास पीछे से मोटरसाइकिल से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मार कर अनुराधा के कंधे में टंगा पर्स छीन लिया। झटका लगने से अनुराधा असंतुलित होकर ई-रिक्शे से नीचे सड़क पर गिरकर चोटिल हो गईं। शोर मचाने पर राहगीर दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश भाग निकले।



डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सर्वेश ने बताया कि पर्स में सोने की चेन, कुंडल और 11 हजार रुपये थे। पुलिस ने सर्वेश की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बच्चों के विवाद में महिला को पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लात-घूंसों व ईंट से किए थे ताबड़तोड़ वार
▸▸ भगवतीपुर स्थित ईंट भट्ठे की घटना, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** इटौंजा के भगवतीपुर गांव में शुक्रवार रात बच्चों में पानी भरने के विवाद में मजदूरों ने महिला की पिटाई की और ईंट से कई वार किए। खून से लथपथ महिला को पति अस्पताल ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बिहार के गया टेंपुका निवासी खेलवान मांझी परिवार के साथ इटौंजा के भगवतीपुर स्थित ईंट भट्ठे पर रहकर मजदूरी करते हैं। उनके परिवार में बेटे गौतम, पिता राजेंद्र के अलावा पत्नी सुनीता (40) थी। राजेंद्र ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे पौत्र परिचित के साथ भट्ठे के पास टंकी से पानी भरने गया था। वहां उसका बच्चों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बड़ों तक पहुंच गया। खेलावान और सुनीता की सीतापुर के सिधौली निवासी मजदूर राजकुमार, रामकिशोर और सीतापुर के कमलापुर निवासी रामभरोसे में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि तीनों ने सुनीता को लात-घूंसों और ईंटों से पीट दिया। गंभीर रूप से जख्मी सुनीता बेहोश होकर गिर पड़ी। लोगों के जुटने पर हमलावर भाग निकले। खेलावन सुनीता को लेकर राम सागर अस्पताल ले गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खेलावन ने हमलावरों के खिलाफ इटौंजा थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर मार्कंडेय यादव ने बताया कि राजकुमार, रामकिशोर और रामभरोसे को अरम्बा नहर पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी भट्ठे पर ईंटों की पथाई का काम करते हैं।

# सूडा के प्रोजेक्टर मैनेजर ने फंदे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इंदिरानगर बी-ब्लॉक में घर में की खुदकुशी
▸▸ करीब 15 वर्ष से डिप्रेशन में चल रहे थे सुधाकांत मिश्रा

**अमृत विचार:** पूर्व आईएएस मंगला प्रसाद मिश्रा के पुत्र ने शनिवार रात को फंदा लगाकर जान दे दी। वह सूडा में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। बीमारी के कारण वह लगभग 15 वर्ष से डिप्रेशन में थे। तीन महीने बाद नौकरी से सेवानिवृत्त होने वाले थे।

इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक इंदिरानगर के बी-ब्लॉक निवासी सूडा प्रोजेक्ट मैनेजर सुधाकांत मिश्रा (59) सूडा में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। तीन महीने बाद वह सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके बेटे कार्तिकेय मिश्र ने पुलिस को बताया कि 15 वर्ष से पिता डिप्रेशन में थे। उनका इलाज चल रहा था।

शनिवार रात को कार्तिकेय अस्पताल में भर्ती सास को देखने चले गए थे। घर पर मां इंदिरा और पिता सुधाकांत थे। देर रात घर लौटे तो पिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था।

मां दूसरे कमरे में थी। मां-बेटे ने कई आवाजें लगाई, लेकिन कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने खिड़की से झांका तो सुधाकांत बिजली के केबल से बने फंदे के सहारे पंखे से लटक रहे थे। दरवाजा तोड़कर कार्तिकेय ने उन्हें फंदे से उतारा और निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

शव घर लाने के बाद बेटे ने पुलिस को सूचना दी। बेटे के अनुसार बीमारी के कारण सुधाकांत छुट्टी पर चल रहे थे। कुछ दिन पहले ही अस्पताल से घर आए थे। उसके बाद ड्यूटी ज्वाइन करने की बात कह रहे थे।

इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक सुधाकांत डिप्रेशन के चलते पहले भी चार बार खुदकुशी करने का प्रयास कर चुके थे। घरवालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**राहत** इस वर्ष अरहर की उपज भी हुई है बेहतर

# बाजार में आया दशहरी आम, घट गए दालों के दाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार:** अरहर की अच्छी उपज के बाद दशहरी आम की बाजार में दस्तक से अरहर दाल के दामों में बड़ी गिरावट आई है। कारोबारियों के अनुसार आम की फसल आने से दाल की खपत कम हो जाती है। अरहर समेत विभिन्न दालें सस्ती हो गई हैं। माहभर में पांच रुपये किलो से अधिक का अंतर आया है। अभी तो यह शुरुआत है। मौजूदा समय में अरहर दाल का थोक भाव 9,600 से 9,700 रुपये प्रति क्विटंल तक पहुंच गया है। जो कुछ हफ्तों पहले 11 हजार रुपये प्रति क्विटंल से भी अधिक था।

लखनऊ मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता का कहना है कि आम की फसल आते ही अरहर समेत विभिन्न दलहनों की कीमतें घटना शुरू हो जाती हैं। इधर तो फसल भी बेहतर है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, एमपी, यूपी की दाल बाजार में आ चुकी है। दाल प्रचुर मात्रा में है। ऐसे फलों के राजा दशहरी की आवक दलहन बाजार को और मंदा कर देगी। लोग दाल के स्थान पर आम के साथ रोटी खाना पसंद करते हैं। सभी तरह की दालों का प्रयोग कम हो जाता है।

राजेंद्र अग्रवाल, लखनऊ व्यापार मंडल संरक्षक एवं पांडेय दाल के मंडी अध्यक्ष ने बताया कि सभी तरह की दालें सस्ती हैं। वैसे भी दाल का भाव बढ़ने के आसार कम ही हैं। वजह है फसल बेहतर होना। अरहर दाल के लिए सरकार की गाइडलाइन भी प्रभावकारी हो रही है। दालें ज्यादातर टूट रही हैं। बिक्री कम है। भाव कम रहता है या फिर स्थिर बना रहता है। ऐसे में महंगी दाल आमजन खरीदे तो क्यों जब सामने सीजनल सस्ता फल आम हो।

## हरी उड़द में हफ्तेभर में 45 रुपये की गिरावट

पांडेयगंज के थोक आढ़ती सचिन अग्रवाल बताते हैं कि आम के सीजन में दाल का उपयोग थोड़ा कम हो जाता है। अरहर, चना, मटर, उड़द समेत सभी दालें सस्ती हैं। उड़द की दाल में महज हफ्तेभर में 45 रुपये किलो की कमी आई है। वहीं अरहर समेत अन्य सभी दालों में पांच रुपये और इससे अधिक का अंतर आया है। सचिन बताते हैं कि एक माह पहले हरे उड़द की देशी दाल 165 रुपये प्रति किलो थोक भाव में थी। अब 120 रुपये में है। अरहर पुखराज 96 रुपये, सूरजमुखी 93, डायमंड 79, चना दाल 74, काली उड़द 104 रुपये प्रति किलो थोक भाव में पड़ रही है। सभी दालें सस्ती हैं। फुटकर में अधिकतम आठ से दस फीसद जोड़ने पर दालों की कीमत पिछली दरों से काफी कम हैं।

# छह पीएचसी पर बनेंगे कोल्ड चेन सेंटर, आसानी से होंगे टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के छह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर कोल्ड चेन सेंटर बनाए जाएंगे। इससे गर्भवती और बच्चों को टीकाकरण के लिए दूर के सरकारी अस्पतालों या केंद्रों पर भटकना नहीं पड़ेगा। ज्यादातर पीएचसी पर सामान भी पहुंचा दिया गया है। उम्मीद है कि इसी माह से सेंटर शुरू हो जाएंगे।

सीएचसी, पीएचसी पर टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक बुधवार और शनिवार को वृहद रूप से किया जाता है। एक पीएचसी पर रोजाना 50 से 70 मरीज पहुंचते हैं। इनमें 10 से 15 गर्भवती और बच्चे होते हैं।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि छह नई पीएचसी पर कोल्ड चेन सेंटर बनाए जा रहे हैं। प्रस्ताव को हरी झंडी मिल चुकी है। कुछ सामान भी पीएचसी पहुंचा दिया गया है। इन छह पीएचसी में गोमती नगर उजरियांव, जानकीपुरम, निगोहां, किला मोहम्मदी, पूरब गांव बेहटा, नीलमथा शामिल हैं। अभी तक इन पीएचसी पर कोल्ड चेन की कोई व्यवस्था नहीं थी। अभी तक इन पीएचसी पर कोल्ड चेन बनाए रखने में थोड़ी असुविधा होती थी। ऐसे में ज्यादातर इन पीएचसी के गर्भवती, बच्चों को दूर दराज दूसरी सीएचसी, पीएचसी या सरकारी अस्पतालों में टीकाकरण के लिए जाना पड़ता रहा है। अब उन्हें नजदीक में ही टीका लगने की सुविधा मिल सकेगी।

## एनएबीएच की टीम ने लोहिया संस्थान की परखीं सुविधाएं

**अमृत विचार,लखनऊ :** नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) की सर्विलांस मूल्यांकन टीम ने लोहिया संस्थान का निरीक्षण कर विभिन्न सुविधाएं परखी। एनएबीएच की टीम ने 6 से 8 जून तक संस्थान में रोगी देखभाल की गुणवत्ता, सुरक्षा प्रोटोकॉल, आधारभूत संरचना, प्रलेखन मानक समेत अन्य सुविधाओं निरीक्षण कर जायजा लिया। संस्थान प्रशासन का दावा है कि टीम में शामिल डॉ. अभिजीत नियोग, डॉ. भावेश जरवानी और डॉ. रिनो बेबी को निरीक्षण में संस्थान की व्यवस्थाएं अच्छी मिली हैं। टीम ने संस्थान की मजबूत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, सक्षम नेतृत्व एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति की सराहना की।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# भूमि पूजन दो बार, सड़क एक बार भी नहीं बनी

## फैजुल्लागंज वार्ड की राम विहार कॉलोनी के लोगों ने जनप्रतिनिधियों पर झूठे वादे करने का लगाया आरोप



फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड की राम विहार कॉलोनी में भवन सामग्री से भरे गए गड्ढे। अमृत विचार



राम विहार कॉलोनी में उबड़-खाबड़ कच्चे मार्ग से लोगों को हो रही परेशानी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बात फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड के राम विहार कॉलोनी की। कच्चे उबड़-खाबड़ रास्ते, उन पर बहता सीवर का गंदा पानी। बरसात सिर पर है। ऐसे में बारिश के बाद इन कच्चे मार्गों के हालातों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिसलन भरे इन मार्गों पर लोग कैसे चलेंगे। लेकिन जिम्मेदार सिस्टम सो रहा है। दिलचस्प यह है कि जनप्रतिनिधियों ने यहां की कई सड़कों का भूमिपूजन कर लोगों को झूठी तसल्ली दे डाली। एक मार्ग तो ऐसा है, जहां दो बार भूमिपूजन हुआ, लेकिन सड़क एक बार भी नहीं बनी। जनप्रतिनिधियों के इस गजब खेल से लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। 'अमृत विचार आपके द्वार' टीम रविवार को जब कॉलोनी पहुंची तो समस्याएं बताने के लिए स्थानीय लोग गुस्से से फट पडे.। लोगों की भीड़ पूरी कॉलोनी की समस्याओं को दिखाती नजर आई।

- **पहचान बने जर्जर कच्चे रास्ते और जलभराव**
- **15 साल पुरानी कॉलोनी में रहते हैं करीब 20 हजार लोग**

**अमृत विचार**
**आपके द्वार**

**टीम :** पंकज द्विवेदी, अमित पांडेय
**छायाकार :** राजकुमार वाजपेयी

### अपने खर्च पर मलबा डलवाकर चलने लायक बनवाया

करीब 15 साल पहले यह कॉलोनी विकसित हुई थी। वर्तमान में करीब 20 हजार लोग निवास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी के अधिकतर रास्ते कच्चे हैं। पार्षद और विधायक से कई बार सड़कों को बनवाने की गुहार लगाई गई। आरोप है कि द ओएफ स्कूल वाली करीब 150 मीटर मुख्य सड़क और राम नरेश यादव के घर से प्रदीप अवस्थी के घर तक 100 मीटर के मार्ग का करीब एक साल में विधायक द्वारा दो बार भूमिपूजन कर सड़क बनाने की बात कही गई, लेकिन अभी तक वादा पूरा नहीं किया जा सका है। फिलहाल लोगों ने अपने खर्च पर मलबा डलवाकर सड़क को किसी तरह चलने लायक बनाया है।



कॉलोनी में खाली प्लाट में भरा गंदा पानी व कूड़ा। अमृत विचार

### बारिश में डराता है डेंगू का डंक

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बरसात में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण भीषण जलभराव झेलन पड़ता है। हर साल यहां डेंगू का डंक लोगों को डराता है। डेंगू के अधिक मामले इस कॉलोनी से निकलते हैं। गंदगी के कारण डायरिया सहित मच्छरजनित अन्य बीमारियों का प्रकोप भी यहां खूब रहता है। बारिश के दिनों में कई बीमारियों से लोग प्रभावित रहते हैं।

### जलभराव हुआ तो समझो बच्चे घरों में कैद, पढ़ाई प्रभावित

लोगों के मुताबिक, बरसात में जलभराव होने के कारण रास्ते बंद होने से लोग घरों में कैद होकर रह जाते हैं। बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते। बुजुर्ग मजबूरीवश ही घर से बाहर निकलते हैं। और तो और किसी मरीज के बीमार होने की स्थिति में यहां एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पाती है।

### झूठा वादा कर किया लोगों के साथ छल

ममता त्रिपाठी बताती हैं कि जनप्रतिनिधियों ने नारियल फोड़ कर सड़क बनाने का झूठा वादा कर लोगों के साथ छल किया है। इससे लोगों में नाराजगी है। बरसात में जलभराव होने पर लोग विरोध-प्रदर्शन भी करेंगे।



कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था यहां तो नहीं दिखती है। गंदगी के बीच हम लोग रहने को मजबूर हैं। बीमारियों से हर घर में कोई न कोई ग्रसित है। बारिश में हालात और विकराल हो जाते हैं। **-राम किशोर पाठक**



जलभराव की वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। बारिश में घरों से निकलना किसी युद्ध से कम नहीं है। हर मार्ग पर जलभराव, फिसलन को लोग अपनी दिनचर्या में शामिल कर चुके हैं। **-अशोक सिंह**



कॉलोनी में सफाई कर्मियों के न आने से नाली में भरा कूड़ा। अमृत विचार

### सीवर का अधूरा कार्य प्लाटों में भर रहा पानी

स्थानीय लोगों ने बताया पूरी कॉलोनी में सीवर का कार्य पूरा नहीं कराया गया। जो काम हुआ भी है उसकी कनेक्टिंग न होने के कारण सीवर ओवरफ्लो होकर उसका गंदा पानी खुले प्लाटों में भर रहा है। इससे हर समय आती दुर्गन्ध से लोग परेशान हैं।



खाली पड़े प्लाट में भरे पानी में नहाती भैंसें। अमृत विचार

### वाटर लाइन नहीं पड़ी, पानी के लिए पड़ रहा भटकना

पूरे क्षेत्र में पेयजल की भीषण समस्या है। जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बावजूद वाटर लाइन नहीं बिछवाई गई, जबकि सभी लोग टैक्स भी अदा करा रहे हैं। कॉलोनी के कुछ समर्थ लोगों ने तो अपने घरों में सबमर्सिबल लगवा रखा हैं। लेकिन अन्य जरूरतमंद लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है।

### बोले स्थानीय लोग : समस्याओं का निदान चाहिए



सड़क निर्माण के लिए एक वर्ष में दो बार शिलान्यास हो चुका है। इसके बावजूद भी अभी तक जिम्मेदारों ने कोई सुध नहीं ली है। जिम्मेदार सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं काम नहीं करवा रहे हैं। **-दिव्या पाण्डेय**



हम लोग 2010 से इस कॉलोनी में रह रहे हैं। जर्जर सड़क की वजह से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई बार नगर निगम, पार्षद और विधायक से फरियाद कर चुके हैं, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। **-रामजी मिश्रा**



यहां गंदगी के कारण मच्छर पनपते हैं। जिनसे बीमारियां फैलती हैं। बुजुर्ग से लेकर बच्चे आये दिन बीमार पड़ रहते हैं। समस्याओं को लेकर कई बार पार्षद को अवगत कराया, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं। **-प्रीति गुप्ता**



यहां सामान्य दिनों में भी जलभराव की समस्या बनी रहती है। बारिश में स्थिति और भी विकट हो जाती है। बारिश में घुटनों तक पानी भर जाता है, जिससे आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। **-सोनम सिंह**



गंदगी के कारण मलेरिया और डेंगू का प्रकोप रहता है। शहर में सबसे ज्यादा केस फैजुल्लागंज की कॉलोनियों में निकलते हैं। इसके बावजूद नगर निगम लापरवाह बना है। फागिंग तक कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। **-प्रियंका वाजपेयी**



घर से निकलने वाले पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से गंदा पानी सड़क पर इकट्ठा होता है और गंदगी फैलती है। कच्चे मार्ग पर फिसलन होती है। फिर भी जिम्मेदार झांकने को तैयार नहीं हैं। **-अभिषेक पाण्डेय**



सीवर लाइन न होने से घर का गंदा पानी खाली प्लाटों में इकट्ठा हो रहा है। गंदगी होने से मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियां फैल रहीं है। डेंगू के डंक से लोग परेशान हैं। बच्चों को लेकर हर घर परेशान हैं। **-रेखा पाण्डेय**



बिजली के तार घरों से होकर गुजर रहे हैं जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार बिजली विभाग में शिकायत की मगर कोई सुनवाई नहीं। बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। पहले ही चेत जाएं तो बेहतर होगा। **-राम किशोर तिवारी**



नगर निगम के कर्मचारी सफाई करने नहीं आते हैं। कालोनी के लोगों ने कई बार पार्षद से लेकर नगर निगम में शिकायत की और प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन समस्या में कोई सुधार नहीं। न सफाई कर्मी दिखा न पार्षद। **-विवेक गुप्ता**



पेयजल की समस्या से लोगों को रोजाना जूझना पड़ता है। कालोनी में पानी की पाइप लाइन नहीं बिछी है, जिससे पीने के पानी की समस्या होती है। या तो सबमर्सिबिल लगवाओ या गंदा पानी जमा करो। **-प्रमोद कुमार सिंह**




गाड़ी कूड़ा उठाने नहीं आती है जिससे लोग मजबूरी में कूड़ा खाली प्लाटों पर डाल देते हैं और गंदगी फैलती है। कूड़ा उठवाने तक के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। **-योगेन्द्र तिवारी**



इस भीषण गर्मी में बिजली की आवाजाही से परेशानी है। एक बार बिजली जाने पर 3-4 घंटे बाद ही बिजली आती है। पानी तक एकत्र करने में पसीना छूट जाता है। जबकि रखरखाव को लेकर बिजली विभाग रोज नई गाइड लाइन जारी करता है। **-प्रदीप अवस्थी**



पानी मिलता नहीं, जलभराव होना आम बात, सीवर उफनाता है। यहीं सब कालोनी की प्रमुख समस्याएं हैं, जिसके निदान का आश्वासन तो सभी करते हैं लेकिन उन्हें पूरा कोई नहीं करता है। यह सब सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहता है। **-अरविंद कुमार सिंह**



उबड़-खाबड़ कच्ची सड़क पर अपने खर्च से मलबा डलवाकर मार्ग को चलने लायक बनाया है लेकिन बारिश में इस सड़क पर वाहन बहुत फिसलेंगे। अभी समय है अधिकारी और पार्षद देख लें तो लोगों को राहत मिलेगी। **-राजेन्द्र प्रसाद दुबे**

# सब्सिडी के नाम पर कर्मचारी कर रहे गुमराह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **ग्राहकों से लड़ाई पर आमादा हो जाते हैं दोपहिया ईवी शोरूम के कर्मचारी**

**अमृत विचार :** आजकल ईवी गाड़ियों की मांग ज्यादा है। ईवी गाड़ियों में न तो पेट्रोल लगता है और न ही पर्यावरण पर कोई प्रभाव पड़ता है। सरकार भी ईवी गाड़ियों पर सब्सिडी देकर इन्हें बढ़ावा दे रही है। लेकिन ईवी बेचने वाली कंपनियों के कर्मचारी ईवी गाड़ियों को बेचने के लिए ग्राहकों के साथ धोखा कर रहे हैं। झूठे वादे और प्रलोभन देकर कर्मचारी गाड़ियों को बेच रहे हैं और बाद में ग्राहक इन ईवी आउटलेट पर दौड़ लगा रहे हैं।



आलमबाग टेढ़ी पुलिया आजाद नगर के पास ओला कंपनी का दो पहिया शोरूम है। जहां प्रतिदिन कई गाड़ियां बेची जाती हैं। लेकिन यहां पर गाड़ी बेचने वाले कर्मचारी ग्राहकों को झूठ बोलकर गाड़ियों को बेच रहे हैं। अगर ग्राहक अपनी परेशानी को बताता है तो यहां के कर्मचारी लड़ाई पर आमादा हो जाते हैं।

ग्राहक लगातार हमारे संपर्क में हैं। कई लोगों की सब्सिडी नहीं आई है। प्रयास है कि जल्द ही ग्राहकों को सब्सिडी दिलाई जा सके। -गौरव श्रीवास्तव, शोरूम मैनेजर

### केस नं-1

फैजुल्लागंज निवासी नितिन सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब 6 माह पहले ओला स्कूटी ली थी। कर्मचारी आदित्य कुमार राय ने उन्हें 10 हजार रुपये सब्सिडी मिलने की बात कही थी और साथ में 4 हजार रुपये ओला मनी दिलाने का भी वादा किया था। कई महीने बीत जाने पर भी जब कोई रुपया उन्हें प्राप्त नहीं हुआ तो वह कंपनी गये तो आदित्य कुमार राय फिर बहाने बनाकर टालने लगा। इस पर जब नितिन सिंह ने विरोध दर्ज कराया तो ओला कंपनी के अन्य कर्मचारी लड़ाई पर आमादा हो गये। अब नितिन सिंह अपने को छला हुआ महसूस कर रहे हैं।

### केस नं-2

राजेन्द्र नगर निवासी विनय शुक्ला ने बताया कि उन्हें एक वर्ष हो गया है ओला स्कूटी लिए हुए। गाड़ी लेते समय ओला कर्मचारी ने उन्हें 10 हजार रुपये सब्सिडी और ओला मनी देने का वायदा किया था। लेकिन इतने माह बीत जाने के बाद भी उन्हें सब्सिडी के रुपये प्राप्त नहीं हुए है। वह कई बार शोरूम जा चुके हैं, लेकिन सिवाय आश्वासन के उन्हें कुछ नहीं मिला।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि शोरूम वाले अपने ईवी स्कूटी बेचने के लिए ग्राहकों से झूठा वादा कर रही है, मगर इन पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई।

# ई-रिक्शे ने स्कूटी में मारी टक्कर, दुधमुंहे की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इटौंजा स्थित अर्जुनपुर गांव के निकट रविवार रात बेकाबू ई-रिक्शा ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में एक माह के बच्चे की मौत हो गयी, जबकि मां और तीन साल की बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए।




पुलिस ने घायलों को सीएचसी इटौंजा में भर्ती कराया है। कल्याणपुर निवासी वंदना, अपनी बहन नेहा, एक माह के बेटे मानविक व बेटी श्रुतिका के साथ स्कूटी से बीकेटी की तरफ से आ रही थी। तभी हाइवे पर ई-रिक्शा ने स्कूटी में टक्कर मार दी।

## संदिग्ध हालात में बीटेक छात्र की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरानगर के रसूलपुर में क्रिकेट खेलकर घर पहुंचे बीटेक छात्र अंकित रावत (23) की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम में छात्र की मौत में हार्ट अटैक की आशंका जताई गई है। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील तिवारी ने बताया कि छात्र की मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण विसरा और हार्ट सुरक्षित रखा गया है। परिजन ने किसी गंभीर बीमारी अथवा अवसाद की बात से इंकार किया है। चाचा भानू ने बताया कि उनके बड़े भाई व अंकित के पिता सुनील रावत को फालिस का अटैक कुछ महीने पहले पड़ा था। वह बीमार ही रहते हैं। परिवार में भानू की मां मीनू और छोटा भाई सुजल है।

## स्विट्जरलैंड के अस्पतालों में बुजुर्गों की सेवा का प्रशिक्षण लेंगे डॉ. अभिषेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** आस्था सेंटर फॉर जेरिएट्रिक मेडिसिन, पैलिएटिव केयर हॉस्पिटल, हॉस्पाइस एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक डॉ. अभिषेक शुक्ल जल्द ही स्विट्जरलैंड के तीन प्रमुख अस्पतालों में जाकर बुजुर्गों की सेवा का प्रशिक्षण और पर्यवेक्षण (ऑब्जर्वरशिप) के लिए जाएंगे। डॉ. अभिषेक ने बताया कि स्विट्जरलैंड के इन तीनों अस्पतालों में बुजुर्गों की इलाज और देखभाल में नए-नए तरीके अपनाए जाते हैं। लोगों को आखिरी वक्त में घर जैसे माहौल में देखभाल दी जाती है। यह यात्रा मेरे लिए एक सीखने का मौका है। मैं देखना चाहता हूं कि दुनिया के विकसित देश अपने बुजुर्गों की कैसे देखभाल करते हैं, ताकि हम भी अपने देश में उन्हें और अच्छा जीवन दे सकें।

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

# होटल में किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद पुलिस ने होटल में किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के पिता ने थाने में 5 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इंस्पेक्टर आनंद कुमार द्विवेदी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी आनंद है। आरोपी ने किशोरी को अपनी बातों में फंसाकर 31 मई को देर रात रहीमाबाद के एक होटल में मिलने के लिए बुलाया था। यह वह छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर आरोपी ने किशोरी को पीटा था। आरोपी निजी कंपनी में काम करता है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सा0, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं0:** वमंविइ-लजं0-14-2025, **कार्य का विवरण:** एएनडीएन, एलजेएन डीआरएम कार्यालय, बंदरियाबाग अधिकारी कॉलोनी और जीटीएनआर में विद्युत आपूर्ति प्रणाली का विस्तार। **अनुमानित लागत:** ₹ 3,59,24,553.34, **बयाना राशि:** ₹ 3,29,600.00, **निविदा मूल्य:** ₹ 00,00, **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह, **निविदा सं0:** वमंविइ-लजं0-15-2025, **कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोको की होमिंग के लिए डीजल शेड में सुविधाओं का विस्तार, एलजेएन डिवीजन के जीडी, जीकेपी, जीकेसी, बीएसटी, जेईए, जीडी, बीयूडब्ल्यू, जीटीएनआर, एसटीपी, बीएलपी, एमएलएन और एसयूबीआर स्टेशन पर पाथवे लाइटिंग सुविधाओं और पोर्टा केबिन का प्रावधान।, **अनुमानित लागत:** ₹ 99,67,305.23, **बयाना राशि:** ₹ 1,99,400.00, **निविदा मूल्य:** ₹ 00,00, **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह, **निविदा सं0:** वमंविइ-लजं0-16-2025, **कार्य का विवरण:** एलजेएन-डिवीजन-एलजेएन मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बैटरी चार्जिंग/प्री-कूलिंग व्यवस्था का प्रावधान/प्रतिस्थापना। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,42,51,670.81, **बयाना राशि:** ₹ 2,71,300.00, **निविदा मूल्य:** ₹ 00,00, **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह, **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 08.07.2025 को 15.00 बजे। **नोट:** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**
**मुजाधि/विद्युत-57** **लखनऊ**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Jargaam Abbas **पुत्र कल्बे हसन निवासी ग्राम लखनिया पोस्ट बड़ेपुर तहसील जलालपुर अम्बेडकर** नगर समस्त अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर K 1256425 में त्रुटिवश Zargaam Abbas दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं श्रीमती रूही शुक्ला पत्नी विशाल तिवारी निवासिनी- एस0एस0 /413/ सी- 1. सेक्टर- सी-1, एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0-226012, मेरे आधार कार्ड व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम रूही शुक्ला (RUHI SHUKLA) अंकित है। जो कि सत्य है। जबकि मेरा नाम पैन कार्ड नं0- BLXP8026N में RUHI TIWARI अंकित है। उक्त दोनो नाम RUHI TIWARI व RUHI SHUKLA मेरे ही है, जिसे RUHI SHUKLA के नाम से ही जाना जाये और माना जाये। जो कि सत्य व सही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू, निवासी मोहल्ला मुंशीगंज कस्बा, थाना, परगना व तहसील-मलिहाबाद जनपद लखनऊ, मेरा नाम आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू दर्ज है। जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या B7257954 पर मेरा नाम रितिक (RITIK) त्रुटिपूर्ण रूप से दर्ज हो गया है मेरा सही नाम रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम रितिक (RITIK) के स्थान पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR) दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे एसजीपीजीआई के सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम अरुणा गौतम दर्ज है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम अरुणा देवी पत्नी राम कुमार है भविष्य में मेरी पत्नी का नाम अरुणा देवी सभी अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा जाना जाए। **राम कुमार पुत्र भगवान दीन निवासी एकता नगर कल्ली पश्चिम सरोजिनी नगर लखनऊ**

**सूचना**

सर्व समाज को सूचित किया जाता है प्रस्तावित बहुद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड पहाड़पुर अहिरी विकासखंड अहिरोरी न्याय पंचायत गडेउरा तहसील सदर जिला हरदोई की समिति गठन हेतु प्रथम बैठक दिनांक 9 जून 25 को समय 11:00 बजे संपन्न होगी। यह जानकारी समिति द्वारा प्रेषित की गई। **मोबाइल नंबर 9628967077**

# महिलाओं को पहनाई पगड़ी, भेंट किया अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न और रामचरित मानस

▶▶ राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने किया जननी सम्मान समारोह का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने गोमतीनगर स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के सभागार में जननी सम्मान एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने वाणी वन्दना की।

अध्यक्षता कर रहे डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान राष्ट्रहित के लिए साहित्य लेखन को प्रोत्साहित करता है। महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उमेश यादव ने सम्मानित होने वाली मांओं का परिचय कराया। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन अमित कुमार घोष, विशेष अतिथि देविका देवेंद्र, एस मंगलमुखी, अंजू प्रजापति रहीं। शिखा शुक्ला, अजय त्रिपाठी, चंद्रदेव दीक्षित, डॉ. उमेश आदित्य, डॉ. सरला और डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा आदि ने काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विद्वता, त्याग, कर्मठता एवं समर्पण से उल्लेखनीय कार्य करने वाली चमेला देवी, उर्मिला मिश्रा, मीना गौतम, दमयंती मिश्रा, कल्पना खरे, अनीता सिंह, शारदा सिंह, गीता श्रीवास्तव, जानकी देवी (मरणोपरांत), सरोज अवस्थी (मरणोपरांत), गीता तिवारी, सन्तोष शर्मा, गौरी घोष एवं सुमित्रा दुबे को पगड़ी पहनाई और अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न, नारियल, माला, रामचरितमानस देकर सम्मानित किया। इसके अलावा शिक्षकों प्रो. राजेश प्रताप सिंह, अरुण कुमार वर्मा, कमलेश कुमार वर्मा, अनिल कुमार वर्मा को स्मृति चिन्ह, शाल व पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया।

### इनका भी हुआ सम्मान

उत्कृष्ट शिक्षा प्रसार कार्य के लिए डॉ. दीपा अवस्थी, डॉ. अमित राय, डॉ. बैजू अब्राहम, डॉ. रेशमा परवीन, डॉ. शगुन रोहतगी, डॉ. चेतना सावंत तोमर, डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ. शीलधर दुबे, डॉ. कल्याणी द्विवेदी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. मनीषा उपाध्याय और प्रो. श्रवण कुमार को सम्मानित किया गया। इसके अलावा संस्थान की डॉ. सुधा मिश्रा, नन्द किशोर वर्मा, गीतिका चतुर्वेदी, अलका अस्थाना, राजश्री दुबे, नीरज यादव, श्रुति शर्मा, डॉ. शोभा दीक्षित भावना, डॉ. उमेश आदित्य, रेनू वर्मा, पूर्णिमा बेदार, अमरेंद्र द्विवेदी, सुरेंद्र गौतम, नन्द किशोर वर्मा, डॉ. सुधा मिश्रा, ज्योत्सना सिंह, विपुल मिश्र, चंद्रदेव दीक्षित, जयेंद्र चतुर्वेदी, अलका अस्थाना, राजश्री दुबे, नेहा नीरज खरे, रामराज भारती, अनंत प्रकाश तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, गीतिका चतुर्वेदी, शिखा श्रीवास्तव, सुरेंद्र शर्मा, नीरज यादव, आदित्य तिवारी एवं अखिलेश त्रिवेदी को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में शामिल बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य। अमृत विचार

### बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन ने किया राम नाम लेखन का आयोजन

अमृत विचार, चौक : बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से सिद्धपीठ मां विंध्याचल देवी मंदिर परिसर में श्री राम नाम लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जनमानस को धर्म, भक्ति और सेवा के मार्ग पर प्रेरित करना रहा। मंदिर के महंत पंडित सूर्य कुमार तिवारी द्वारा राम नाम लेखन से की गई। आयोजन में कुल 108 श्रद्धालुओं ने श्री राम नाम 108 बार लिखकर अपनी आस्था प्रकट की। हनुमान चालीसा और हनुमान अष्टक का भी पाठ किया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रेम नारायण शुक्ल रहे। बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रूबी राज सिन्हा और मुख्य सचिव प्रशांत प्रवीण सिन्हा ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान एमएलसी सीतापुर), प्रवीण सिंह चौहान, शैलेंद्र शर्मा, राकेश पांडेय उपस्थित रहे।

## एक नजर

### व्यापारी नेता संदीप बंसल को मातृ शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की मां 76 वर्षीया शशि प्रभा बंसल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम गोमती नगर में किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, विधायक विनय वर्मा, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, अतुल गुप्ता, आकाश गौतम, जावेद बेग, अश्वन वर्मा, अखिल के महामंत्री अनुज गौतम, रमेश शुक्ला, मुकेश अग्रवाल सहित शहर के प्रमुख व्यापारी नेता अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उठवानी संस्कार मंगलवार को किया जाएगा।

### हिंदू साम्राज्योत्सव दिवस मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लक्ष्मण नगर (लखनऊ पश्चिम भाग) ने रविवार को ठाकुरगंज स्थित ब्राइट कैरियर इंटर कॉलेज के सभागार में हिन्दू साम्राज्योत्सव दिवस का आयोजन किया। महामंडलेश्वर महंत हरिप्रकाश महाराज की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विशेष संपर्क प्रमुख अवध प्रांत प्रशांत भाटिया मुख्य वक्ता रहे। वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के चरित्र, शौर्य, नीति निपुणता और हिन्दू स्वाभिमान की प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नगर के सभी विभागों से प्रमुख स्वयंसेवक, प्रबुद्ध नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा उपस्थित रहे।

### डॉयट सेंटर पर बनाए जाएंगे ओपन थिएटर

**अमृत विचार लखनऊ :** अब सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्रों (डॉयट) में ओपन थिएटर बनाया जाएगा। यहां डीएलएड के प्रशिक्षुओं की कम्युनिकेशन स्किल का विकास होगा। प्रत्येक सप्ताह विशेष विषय पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रत्येक प्रशिक्षु की सॉफ्ट स्किल को बेहतर किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने ओपन थिएटर व खुला मंच बनाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान ने बताया कि तमाम प्रशिक्षु ऐसे हैं जो अपने विषय की पढ़ाई के साथ-साथ गीत-संगीत, कला, खेल और फोटोग्राफी जैसे शौक भी रखते हैं।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मना बकरीद का त्योहार

## मस्जिद व ईदगाह में नमाज अदाकर पेश की कुर्बानी और गले मिलकर एक दूसरे को दी त्योहार की मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। राजधानी की तमाम मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद बकरे की कुर्बानी पेश की। एक दूसरे के घरों पर जाकर लोगों ने बकरीद की मुबारकबाद दी।

ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मौलाना ने कुर्बानी की अहमियत पर रौशनी डाली। मौलाना ने कहा कि कुर्बानी दो नबियों हज़रत इब्राहीम और हजरत इस्माईल की यादगार है। जिसका वर्णन खुदा ने कुरान में विस्तार से किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह नमाज के वक़्त नमाज जरूरी है। रमज़ान में रोजा जरूरी है, उसी तरह कुर्बानी के दिनों में कुर्बानी करना जरूरी है, क्योंकि यह मजहबे इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा है।

मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि बकरीद से बड़े पैमाने पर व्यापार को लाभ होता है। लगभग 20 लाख किसानों को इससे रोजगार मिलता है। लगभग दस हजार करोड़ का व्यापार जानवरों की खरीद व फरोख्त से होता है। इस मौके पर पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और विभिन्न राजनैतिक व समाजिक नेताओं और अधिकारियों ने ईदगाह आकर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद और तमाम मुसलमानों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद पेश की। एतिहासिक आसिफी मस्जिद में मौलाना कल्बे जवाद ने नमाज अदा कराई। ईदगाह के बाद आसिफी मस्जिद में सबसे ज्यादा लोग नमाज अदा करते हैं। टीले वाली मस्जिद में मौलाना फजले मन्नान ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा राजधानी की 100 से ज्यादा मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई।



नमाज अदा कराते मौलाना खालीद रशीद फिरंगी महली।



बकरीद की मुबारकबाद देते राज्य सभा सांसद दिनेश शर्मा।

### हर मस्जिद के चारों ओर लगाएं पौधे

मौलाना ने मुसलमानों से अपील की कि प्रदूषण और पर्यवारण के सुधार के लिए हर मस्जिद में और मस्जिद के चारों तरफ पौधारोपण उच्च स्तर पर करना चाहिए, क्योंकि मोहम्मद साहब का फरमान है कि जो भी एक पेड़ लगायेगा जब तक उससे इंसान और जानवर फायदा उठाते रहेगें उस पेड़ लगाने वाले को सवाब मिलता रहेगा।

### ईद पर गरीबों, यतीमों और ज़रूरतमंदों को हिस्सा दिया जाए

शिया जामा मस्जिद में मौलाना सैयद सैफ़ अब्बास नक़वी ने ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के बाद मौलाना ने खुतबे में ईद-ए-क़ुरबान की अहमियत के बारे में कहा कि यह सिर्फ जानवर की कुर्बानी नहीं है, बल्कि अपनी ख़्वाहिशात, अपनी अना और अपने आमाल को अल्लाह के हुक्म के लिए कुर्बान करने का पैग़ाम है। मौलाना सैफ़ अब्बास ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस ईद पर ग़रीबों, यतीमों और ज़रूरतमंदों को हिस्सा दिया जाए, क्योंकि कुर्बानी उस वक़्त मुकम्मल होती है जब उसमें इंसानियत का दर्द शामिल हो। उन्होंने कहा कि जिस तरह रोज़ा मुकम्मल होने पर ईद-उल-फित्र और हज मुकम्मल होने पर ईद-उल-अज़हा मनाई जाती है, उसी तरह जब विलायत का ऐलान हुआ और दीन मुकम्मल हुआ, तो उस मुकम्मल दीन की ख़ुशी में ईद-ए-ग़दीर मनाई जाती है। मौलाना ने कहा कि ईद-ए-ग़दीर वो ईद है जिसे फ़र्श से अर्श तक, अम्बिया, मुरसलीन और फ़रिश्ते भी मनाते हैं।



बकरीद पर नमाज अदा करते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

## ज्येष्ठ के अंतिम शनिवार हुए भंडारे



पूर्व सह मीडिया प्रभारी भाजपा अवध क्षेत्र सतवीर सिंह राजू की ओर से सदर में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल और मौजूद लोग।

### अधिवक्ता ने कराया सुंदरकांड का पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को अधिवक्ता अशोक कुमार श्रीवास्तव ने हैप्पी किड्स स्कूल में सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया। इसमें पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया मुख्य अतिथि रहीं। अंजनी श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह, विनोद यादव ओपी श्रीवास्तव, भानु प्रताप सिंह, अंबिका, मुनेश्वर श्रीवास्तव, शीश, रविंद्र आचार्य, रामगुनि, प्रशांत शुक्ला भी उपस्थित रहे।



कैंट में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते व्यापारी नेता मनीष अरोड़ा और अन्य लोग। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पूर्व एमएलसी गुड्डू त्रिपाठी, सदस्य अल्पसंख्यक आयोग परविंदर सिंह व संदीप भी शामिल हुए।



भंडारे में शामिल सपा पार्षद ममता रावत और अन्य लोग।

### शाहपुर गांव में कराया गया भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा पार्षद ममता रावत भरवारा वार्ड के शाहपुर गांव डाक तार आवास कालोनी निवासी मनोज यादव के यहां भंडारे में शामिल हुई। राम यादव, सुधीर यादव, प्रमोद यादव, रामू यादव, विजय सिंह यादव, जयदीप यादव, अनुराग यादव, सोहेल रजा, अभिजीत यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

### शीतला देवी मंदिर में हुआ भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शीतला देवी मंदिर प्रांगण में बजरंगबली के पूजन-अर्चन के साथ भंडारे की शुरुआत हुई। महेंद्र सिंह, शुभम गुप्ता, धीरज यादव, मुकेश गुप्ता, सचिन मौर्य, अभिषेक यादव, मोहनलाल मौर्या, सोनू वर्मा और सहित क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से आयोजन किया गया।



आशियाना के सेक्टर एमआई में कल्याण समिति ने सुन्दरकांड पाठ कराया। इसके बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



मानव आदर्श सेवा समिति ने चारबाग रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मन्दिर परिसर में संगीतमय सुंदर कांड, भंडारा, सम्मान समारोह कराया। इसमें त्याग व मातृत्व सेवा के क्षेत्र में सोनी पाण्डेय पूजा, शिक्षा व समाज सेवा में डॉ. वंदना द्विवेदी, कथक नृत्यांगना डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, धार्मिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में जिया मिश्रा, उद्यमिता व समाजसेवा में एसएस रत्ती, और एसपी सेठ, फेफड़ों के विशेषज्ञ डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, जल एव पर्यावरण के क्षेत्र में अनुराधा गुप्ता, शिक्षा और समाजसेवा में अनुज सिंह, प्रशासनिक व प्रबंधन के क्षेत्र में डॉ. मंजू उपाध्याय तथा कला व समाजसेवा में प्रो. ललिता पाण्डेय को शाए ए अवध से सम्मानित किया गया।

# 33 वर्ष बाद दिल्ली में लगेगी प्रो. सुखवीर सिंघल की एकल प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** वाश शैली के प्रख्यात कलाकार प्रो. सुखवीर सिंघल की 38 कृतियों की प्रदर्शनी 9 से 17 जून तक दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में लगाई जाएगी। राजधानी के कैसरबाग क्षेत्र में अपने जीवन के अंतिम समय तक कला साधना करने वाले प्रो. सुखवीर सिंघल का संग्रहालय आज भी उनकी स्मृतियां संजोये हुए है। इस संग्रहालय में प्रो. सिंघल की बनाई कृतियों को करीने से सजाया गया है।

युवा कलाकार भूपेन्द्र अस्थाना ने बताया कि प्रो. सिंघल की वाश शैली में बनाई कृतियों की प्रदर्शनी 33 साल के बाद दिल्ली में लगाई जा रही है। प्रदर्शनी का उद्घाटन नोएडा के विधायक पंकज सिंह, चित्रकार पद्मभूषण जतिन दास, कला समीक्षक उमा नायर और कवि प्रयाग शुक्ल करेंगे। प्रदर्शनी की क्यूरेटर एवं प्रो. सिंघल की नातिन प्रियम चंद्रा ने बताया कि यह एकल प्रदर्शनी है, जो एक भूले हुए कलागुरु की स्थायी प्रतिभा की पुष्टि करती है। यह प्रदर्शनी एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि और एक शक्तिशाली पुनरुद्धार दोनों है, जो भारतीय सौंदर्यशास्त्र, दर्शन और आध्यात्मिक जांच के लिए समर्पित जीवन भर की कलाकृतियों का खजाना पेश करती है।

भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि प्रो. सुखवीर सिंघल ने अपने जीवन काल में वाश शैली को बहुत महत्व दिया। सैकड़ों की संख्या में वाश पेंटिंग बनाईं। इसके अलावा जल रंग में दृश्य चित्रण भी किया, जो कि बहुत ही सुंदर हैं और आज भी रंग ताज़े लगते हैं। उनके ब्रश स्ट्रोक जबरदस्त हैं। रंगों का मिश्रण भी अकल्पनीय है। उनके वाश पेंटिंग में एक- दो फिगर नहीं बल्कि ढेर सारे मानव के समूह आकृतियों को अलग अलग भाव भंगिमाओं में देखा जा सकता है। प्रो. सिंघल कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्रधानाचार्य रहे हैं।

## समर कार्निवाल में रविवार को उमड़ी भीड़

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रगति इवेंट, लखनऊ विकास प्राधिकरण और जेटेक के सम्मिलित सहयोग से गोमती नगर के यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवाल में रविवार को काफी भीड़ उमड़ी। रविवार को दर्शकों के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

समर कार्निवाल के आयोजक प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं जेटेक संस्था के अधिकारी अभिषेक ने बताया की समर कार्निवाल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को प्रकृति और विलुप्त हो रही धरोहरों के प्रति भारतीय कला संस्कृति के संबंध में जानकारी देना है। इस ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के समय का सही सदुपयोग हो सके यह प्रयास किया गया है। समर कार्निवाल के सांस्कृतिक मंच पर नादरोग एण्ड ग्रुप द्वारा संडे रॉक नाइट के माध्यम से जबरदस्त परफॉर्मेंस करके उमड़ी जनता में उमंग और जोश पैदा कर दिया। रझानज दे यार बुलया, गेंदा फूल, बम लहरी जैसे सदाबहार गीतों पर अदिति, देवांश, वेद तिवारी, मानस और साथी कलाकार ने संडे मस्ती पर खूब धूम मचाया गया। एमएसएमई उत्तर प्रदेश के फैकल्टी एवं विशेषज्ञ अखिलेश कुमार सिंह ने व्याख्यान दिया गया।



भूतनाथ मार्केट स्थित सावित्री प्लाजा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

### 19 जुलाई को मथुरा के कृष्ण मंदिर में होगा सुंदरकांड का पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में मासिक सामूहिक सुंदरकांड पाठ के बाद 19 जुलाई को मथुरा स्थित कृष्ण मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान किया जाएगा। रविवार को भूतनाथ मार्केट स्थित सावित्री प्लाजा में आयोजित मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी में सपना गोयल ने बताया कि जल्द ही संकटमोचन हनुमान सेतु मंदिर में 101 लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा।

# पाठशाला में बच्चों ने उकेरे चित्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य संग्रहालय ने खुशियों की पाठशाला कार्यक्रम के तहत रविवार को ड्रा पेंट एंड प्ले कोस्टर आर्ट आल डे विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 4 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के 35 बच्चों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मुक्ति फाउंडेशन के साथ ही अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। बच्चों ने कोस्टर मेकिंग में मछली, फूल, चिड़िया घर, पृथ्वी, पर्यावरण संरक्षण, मोर इत्यादि की रूपाकारों को रंग एवं ब्रश की सहायता से लकड़ी के कैनवस पर उकेरा। समस्त प्रतिभागियों को राज्य संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन ने प्रमाण पत्र वितरित किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैक्षिक प्रभारी और सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रीति साहनी, शालिनी श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिंह, अरुण कुमार मिश्रा, अनुराग व पूनम आदि की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर अलशाज फातमी, डॉ. विनय कुमार सिंह, धनंजय कुमार राय, अनुपमा सिंह एवं मुक्ति फाउंडेशन के सदस्य तथा अभिभावक मौजूद रहे।



पाठशाला में चित्र बनाते बच्चे। अमृत विचार

**प्रशिक्षण** | कमला दयाल फाउंडेशन की ओर से आयोजित किए जा रहे शिविर

# मधुबनी, गोंड व वर्ली लोक कलाएं सीख रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** कला निकेतन सोसाइटी के सहयोग से कमला दयाल फाउंडेशन 10 दिवसीय कला कथा लोककला ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया रहा है। सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल, डीपी कान्वेंट स्कूल और एमडी इंटर कालेज में आरती वर्मा, प्रदीप ब्याहुल, सुनील झा और दिलीप प्रधान के निर्देशन में शिविर चल रहे हैं।

कला शिविर का उद्देश्य मधुबनी, गोंड, वर्ली, चैक पुरना जैसी लोक कलाओं से बच्चों को परिचित कराना है। कार्यशाला में मधुबनी, गोंड एवं उत्तर प्रदेश की लुप्त होती लोककला चौक पूरना के बारे में और इनमें छुपी परम्पराओं, इनकी विशेषताओं से परिचित कराया गया। इस अवसर पर कला निकेतन संस्था एवं ललित कला अकादमी से सदस्य अभिनव दीप ने कहा कि लोक कला की यह कृतियां उनमें छुपी कहानियों के साथ बच्चों को उनकी परम्पराओं से परिचित कराएगी। कमला दयाल फाउंडेशन की अध्यक्ष कमला गुप्ता ने बताया कि कलाकथा लोक कला शिविर सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक अभिव्यक्तियों में एक है, जो समृद्ध परंपराओं से भरी दुनिया को संरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि बदलती दुनिया में भी ऐसी परम्पराएं बनी रहें। यह अपनी जड़ों के प्रति सम्मान बनाए रखते हुए विकसित होता है, यह शिविर आने वाले कई वर्षों तक भारतीय लोककला की कई विरासतों को बढ़ावा देने और बनाए रखने के लिए सशक्त बना रहेगा। कार्यशाला को सफल बनाने के लिए संजीव गुप्ता, प्रो. अरुण श्रीवास्तव, आभा सिंह, रोहित कश्यप, शिवम सिंह का सहयोग मिल रहा है।



शिविर में शामिल छात्राएं। अमृत विचार

# मेदांता ने पूरी की 100 रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मेदांता हॉस्पिटल में डॉ. सौरव शुक्ला और उनकी टीम ने 100 सफल रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी पूरी की है। डॉ. सौरव शुक्ला ने बताया कि यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, यह हमारे नवाचार, रोगी सुरक्षा और क्लीनिकल उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी हमारे क्षेत्र में ऑर्थोपेडिक सर्जरी की दिशा को बदल रही है। अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक का उपयोग कर रोगियों को अधिक सटीक, सुरक्षित और शीघ्र उपचार प्रदान किया जा रहा है। इस तकनीक से सर्जरी में सटीकता बढ़ती है, ऊतकों को कम क्षति होती है और मरीजों की अस्पताल में रहने की अवधि घटती है।



मेदांता हॉस्पिटल में रोबोटिक मशीन के साथ डॉ. सौरव शुक्ला।

## एक नजर

### बंद मकान का टूटा ताला लाखों की चोरी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** भूमि विहार कॉलोनी, गंगानगर निवासी नीरज कुमार पाल 5 जून को घर में ताला बंद कर एक शादी समारोह में शामिल होने गृह जनपद हरदोई गए थे। 7 जून की सुबह पड़ोसी योगेश शर्मा ने उन्हें सूचना दी कि वह जब घर के पौधों में पानी देने गए तो दरवाजा खुला मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस अंदर गयी तो अलमारी, बेड और रैक खुले व सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। कुछ देर बाद नीरज भी पहुंच गए। उनका कहना है कि चोर करीब 95000 रुपये और लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### अधिवक्ता ने गोवंश के साथ लगाया बच्चे का कार्टून

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईद-उल-अजहा के त्यौहार पर अधिवक्ता ने एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी। जिसमें गोवंश पशु के साथ एक बच्चे का कार्टून दिखाया गया। कुछ ही देर में यह पोस्ट वायरल हो गई। वायरल पोस्ट के आधार पर दिव्या गौरव त्रिपाठी ने मड़ियांव थाने में अधिवक्ता के खिलाफ तहरीर दी गई। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि पीड़ित ने एक्स हैण्डल से भडकाऊ पोस्ट डालने का आरोप लगाया है। वहीं, दिव्या गौरव त्रिपाठी का कहना है कि एक्स हैण्डल से पोस्ट डालने वाली महिला अधिवक्ता होने के साथ एक राजनैतिक दल से भी जुड़ी है।

### सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा इलाके में रविवार को घर में साफ सफाई के दौरान सर्पदंश से अधेड़ की मौत हो गयी। बंथरा के नारायणपुर निवासी सुरेंद्र सिंह (57) रविवार दोपहर करीब 12 बजे अपने घर के अंदर कमरे की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान सर्पदंश से वे चीख पड़े। हालत बिगड़ती देख परिजन झाड़ फूंक कराने के लिए हसन खेड़ा में एक व्यक्ति के पास ले गए। लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। बाद में सुरेंद्र को ट्रामा सेंटर भेज दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचते ही वहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

# एसडीएम मलिहाबाद से अभद्रता, तीन गिरफ्तार

## चंद्रिका देवी मंदिर में प्रसाद की दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने किया विवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुकान के सामने खड़ी की गाड़ी, प्रसाद नहीं लिया तो भड़का दुकानदार

**अमृत विचार:** चंद्रिका देवी मंदिर में प्रसाद की दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने एसडीएम मलिहाबाद से अभद्रता की। एसडीएम मलिहाबाद शनिवार को दर्शन करने गये थे। दुकान के सामने गाड़ी लगाई। दूसरी दुकान से प्रसाद लिया। इसी बात पर नाराज दुकानदार ने अभद्रता शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी को शांति भंग के आरोप में जेल भेज दिया।

एसडीएम मलिहाबाद अंकित कुमार सरकारी गाड़ी से शनिवार दोपहर करीब एक बजे चंद्रिका देवी मंदिर दर्शन करने के लिए आए थे। चालक ने गाड़ी मंदिर परिसर के पास एक दुकान के सामने खड़ी की। इस पर दुकानदार विश्वजीत ने उसकी दुकान से प्रसाद खरीदने का दबाव बनाया। मना करने पर विश्वजीत ने दुकान के सामने से तत्काल गाड़ी हटाने को कहा। विवाद होने पर एसडीएम अंकित कुमार ने दुकानदार विश्वजीत को समझाने का प्रयास किया, लेकिन व्यापारी ने एसडीएम से ही अभद्रता कर दी। इस बीच मंदिर परिसर में दुकान लगाने वाले रुपेश और दुर्गेश भी आ गए। जिन्होंने एसडीएम पर हमला करने का प्रयास किया। इस बीच बीकेटी पुलिस को एसडीएम मलिहाबाद के साथ दुकानदारों के विवाद की जानकारी हुई। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम से अभद्रता करने के आरोप में विश्वजीत, दुर्गेश और रुपेश को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शांतिभंग करने की कार्रवाई की गई है।

### पहले भी श्रद्धालुओं से कर चुके हैं मारपीट

चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में प्रसाद की दुकान लगाने वाले व्यापारी पहले भी श्रद्धालुओं के साथ मारपीट कर चुके हैं। अक्सर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं पर व्यापारी उनकी दुकान से प्रसाद खरीदने के लिए कहते हैं। ऐसा नहीं करने पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद करते हैं। 7 अप्रैल को अलीगंज त्रिवेणीनगर निवासी पीयूष शर्मा के साथ प्रसाद खरीदने के विवाद में मारपीट हुई थी। पीयूष के साथ उनके परिवार की महिलाओं को भी व्यापारियों ने बुरी तरह से पीटा था। वहीं, 26 अप्रैल को बाराबंकी से चंद्रिका देवी मंदिर आए अंकुर और सीमा से भी पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था।

# समर्पण कॉलेज ऑफ फार्मेसी का वरिष्ठ लेखाकार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुसाइड नोट में बी-फार्मा छात्र ने लगाए थे आरोप
- चिनहट पुलिस ने प्रिंसिपल समेत चार अन्य आरोपियों को बयान के लिए बुलाया

**अमृत विचार:** बी-फार्मा छात्र शुभम कुमार (22) खुदकुशी मामले में शनिवार को चिनहट पुलिस ने समर्पण हास्पिटल इंस्टीट्यूट कॉलेज ऑफ फार्मेसी के वरिष्ठ लेखाकार को गिरफ्तार कर लिया है। छात्र ने सुसाइड नोट में फीस जमा होने के बाद भी प्रैक्टिकल परीक्षा में उसे रोकने का आरोप लगाया था। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रिंसिपल व अन्य लोगों को बयान के लिए बुलाया गया है। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गोंडा के मनकापुर निवासी मो. फैज हैं। जांच में सामने आया कि गुरुवार को घटना के दिन फैज की ड्यूटी थी। फैज ने ही छात्र शुभम से अभद्रता की थी। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. नीरज कुमार वर्मा, शिक्षिका गरिमा सिंह, डीन दीप्ति शुक्ला व एकाउंटेंट आशीष को बयान के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल का दोबारा निरीक्षण कर जांच की। ताकि सभी साक्ष्य एकत्रित किए जा सके। हॉस्टल व कॉलेज के छात्रों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। उसमें भी कॉलेज के कुछ लोगों की लापरवाही सामने आई है। उसकी एक रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

बताते चलें कि रायरबेली दुधवन निवासी अमित कुमार का छोटा भाई शुभम बी-फार्मा कर रहा था। गुरुवार को फेयरवेल पार्टी थी। इसमें शुभम भी शामिल होने के लिए पहुंचा था। तभी अकाउंटेंट ने शुभम को रोक दिया था। कहा था कि फीस की रसीद दिखाओ, तभी फेयरवेल पार्टी में आना। सहपाठियों की मौजूदगी में शुभम को बुरा लगा था। इसके बाद ही शुभम ने हॉस्टल के रूम नंबर-109 में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। भाई अमित ने बताया था कि शुभम को प्रैक्टिकल में भी बैठने से रोका गया था। सुसाइट नोट में भी उसने यही आरोप लगाए थे। भाई अमित के मुताबिक कुछ दिन पहले शुभम घर आया था।

# हरियाणा से लौटे मजदूर की हत्या, प्लाट में मिला शव

## गले और चेहरे पर में मिले गहरे वार के निशान, भाई ने तहरीर पर रहीमाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार:** रहीमाबाद स्थित अहिंडर गांव रविवार तड़के हरियाणा से लौटे मजदूर विजय उर्फ गप्पू (25) की हत्या कर आरोपियों ने शव को घर के पास प्लाट में फेंक दिया। परिजन ने शव देख डॉयल-112 पर सूचना दी। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र कुमार दुबे व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से घटनास्थल पर जांच की। पुलिस ने बड़े भाई पप्पू रावत की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस गांव की रहने वाली महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



घटना स्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

- महिला समेत चार संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया

एसीपी मलिहाबाद विनीत सिंह ने बताया कि अहिंडर गांव निवासी विजय उर्फ गप्पू हरियाणा में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। मां सुंदरी ने बताया कि हाल ही में बेटा हरियाणा से लौटकर आया था और गांव में रहकर बागवानी करने लगा था। एक साल पहले पिता राम आसरे की मौत हो चुकी थी। करीब पांच साल पूर्व विजय की पत्नी गायत्री का भी निधन हो गया था। इसके बाद वह दो बच्चों मधु और रितिक को लेकर मां सुंदरी और बड़े भाई पप्पू रावत के साथ रहकर बागवानी में सहयोग करने लगा था।

रविवार तड़के गांव के रहने वाले रामचंद्र के प्लाट में विजय का खून से लथपथ शव मिला। हत्या की सूचना फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। भाई पप्पू रावत ने बताया कि शनिवार रात विजय ने घरवालों के साथ खाना खाया और फिर सोने के लिए मचान पर चला गया था। तड़के करीब 3:30 बजे ग्रामीणों ने मां सुंदरी को जानकारी दी कि अज्ञात लोगों ने बेटे विजय की हत्या कर दी। विजय के गले पर गहरे वार के साथ चेहरे पर खरोंच के निशान देख परिजन सहम गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। छानबीन के दौरान घटनास्थल से एक हथौड़ा व कपड़ा बरामद हुआ है। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि परिवार से बात करने पर किसी से रंजिश की बात सामने नहीं आयी है।

### गांव की महिला से होती थी बातें



पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया तो पता चला कि पत्नी की मौत के बाद विजय की बातें गांव की रहने वाली महिला से होती थी। पुलिस ने शक के आधार पर पुलिस ने महिला समेत गांव के रहने वाले चार लोगों को हिरासत में लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि अवैध सम्बन्ध, जमीनी विवाद सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# रोडवेज बस ने महिला व साइकिल सवार को कुचला, महिला की मौत

संवाददाता, लखनऊ

- आरोपी चालक को ग्रामीणों ने पीटकर पुलिस को सौंपा
- मोहनलालगंज में बिंदौआ गांव के पास हुआ हादसा
- बीकेटी सड़क हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत
- महिगवां में दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की गई जान

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज के बिंदौआ गांव के पास रविवार सुबह रायबरेली डिपो की रोडवेज बस महिला व साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए एक दुकान में जा घुसी। हादसे में महिला की मौत हो गई। मोहनलालगंज पुलिस ने आरोपी चालक को पकड़ लिया है। वहीं, बीकेटी स्थित बेहड़ा चक्की के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गयी। उधर, महिगवां में दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दूसरा घायल हो गया।

इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8 बजे गणेशगंज निवासी रामवती (41) घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। तभी रायबरेली की ओर से लखनऊ जा रही रोडवेज बस से नशे में धुत चालक राम सजीवन का नियंत्रण खो बैठा। बस ने पहले रामवती को टक्कर मारी। फिर उमेश गोस्वामी निवासी बिंदौआ को टक्कर मारते हुए दुकान में घुस गई। हादसे से बस में सवार सवारियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। आरोपी चालक बस छोड़कर भागने लगा। तभी राहगीरों ने आरोपी को पकड़कर पीट दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने राम सजीवन निवासी बछरावां को हिरासत में लेकर रामवती व उमेश को सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने दोनों को पीजीआई के ट्रामा टू सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान रामवती ने दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर भेज दिया गया है।

वहीं, इटौंजा स्थित कल्याणपुर के रहने वाले महेश प्रसाद (50) बीकेटी स्थित एक संस्थान में सिक्योरिटी गार्ड थे। बेटे अनिल ने बताया कि शनिवार दोपहर 1:30 बजे पिता साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी बीकेटी के बेहडा चक्की के पास अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। पुलिस ने पिता को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उनकी इलाज के दौरान रविवार सुबह मौत हो गई। इंस्पेक्टर मार्कंडेय यादव ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।

उधर, इटौंजा निवासी निर्मल (28) कुम्हरावां स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को वह बाइक से फैक्ट्री जा रहा था। महिंगवा स्थित बांके नगर के पास दो बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में घायल निर्मल को रामसागर मिश्र सौ शैय्या अस्पताल बीकेटी पहुंचाया गया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान निर्मल की मौत हो गई। एसओ शिव मंगल सिंह ने बताया कि हादसे में दूसरा बाइक सवार भी घायल हुआ था।

# नकली सीमेंट बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव पुलिस व कंपनी की संयुक्त टीम ने की छापेमारी

**अमृत विचार:** बीकेटी में नकली सीमेंट फैक्ट्री गुरुवार को पकड़ी गई थी। इसके बाद शनिवार को मड़ियांव पुलिस ने नकली सीमेंट बेचने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी व्यापारी अल्ट्रा टेक कंपनी के नाम से नकली सीमेंट बेच रहा था। मड़ियांव पुलिस और कंपनी की लीगल सेल की संयुक्त कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से 74 बोरी नकली सीमेंट बरामद किया गया।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक 5 जून को बीकेटी पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने नामी कंपनी के नाम पर नकली सीमेंट बनाने वाले गिरोह को पकड़ा था। शुक्रवार को पुलिस को जानकारी मिली कि उसी गिरोह की तैयार की गई नकली अल्ट्राटेक कंपनी की सीमेंट मड़ियांव में बालाजी एन्क्लेव के पास स्थित मन्नत ट्रेडर्स पर बिक रही है। पुलिस ने इसकी सूचना अल्ट्राटेक सीमेंट उत्तर प्रदेश के लीगल



मेनेजर नीरज मिश्रा को दी गई। पुलिस और नीरज जब दुकान पर पहुंचे तो वहां मड़ियांव के मधुबन विहार कॉलोनी निवासी दुकानदार इलियास पकड़ लिया। पूछताछ में इलियास ने बताया कि वह बीकेटी स्थित ठाकुर प्रसाद उर्फ अजय के गोदाम से कम रेट पर सीमेंट लाता है। फिर उसे अधिक दाम पर बेचता था। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में एसटीएफ और बीकेटी पुलिस आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों में ठाकुर प्रसाद भी शामिल है। पुलिस ने आरोपी के पास 74 बोरी नकली सीमेंट और 47 बोरी नॉट फॉर सेल सीमेंट बरामद की हैं।

### दीवार तोड़ते समय गिरी छत, मजदूर की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** थाना क्षेत्र के सेक्टर-एफ में रविवार दोपहर में जर्जर मकान की दीवार तोड़ते समय भरभराकर छत गिर गई। मलबे की नीचे दबने से एक मजदूर की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही सरोजनीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति ने बताया कि मृतक के घरवालों ने अभी तक पुलिस से कोई शिकायत नहीं की है। आशियाना के सेक्टर- एम निवासी रजत कुमार भल्ला ने कुछ दिन पहले सरोजनीनगर सेक्टर- एफ विस्तार एलडीए कॉलोनी में पुराना मकान खरीदा था। मकान जर्जर होने के कारण वह तुड़वा रहे थे। रविवार को आशियाना के औरंगाबाद निवासी मजदूर सुशील मशीन से दीवार तोड़ रहे थे। दोपहर एक बजे में एकाएक छत भरभरा कर उन पर गिर गई। मलबे की नीचे दबकर सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद को दौड़े। किसी तरह से सुशील को मलबे से निकालकर लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### अवैध निर्माण करने वाले बिल्डर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए के अवर अभियंता ने अवैध निर्माण कराने वाले बिल्डर के खिलाफ विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवर अभियंता के मुताबिक नियमों की अनदेखी कर भवन का निर्माण कराया जा रहा था। जिसे एलडीए ने सील कर दिया था। बिल्डर ने उसे तोड़कर दोबारा निर्माण शुरू कर दिया था। एलडीए के अवर अभियंता राम चौहान ने पुलिस को बताया कि विभूतिखंड में प्लाट संख्या 98 और 99 को 22 अप्रैल को सील किया गया था। बिल्डर विनय सिंह ने सीलिंग की कार्रवाई का विरोध किया था। जिसका मामला एलडीए में विचाराधीन है। आरोप है कि बिल्डर विनय सिंह ने एलडीए की लगाई सील को तोड़ कर दोबारा से निर्माण कार्य शुरू करा दिया। अधिकतर रात और अवकाश के दिनों में काम पूरा कराया गया। यह आरोप लगाते हुए अवर अभियंता ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### किशोरी से छेड़छाड़, परचून दुकानदार गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव पुलिस ने किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में परचून दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ किशोरी की मां ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि पल्टन छावनी निवासी शंकर मौर्या परचून की दुकान चलाता है। शुक्रवार को एक किशोरी सामान खरीदने के लिए दुकान पर गई थी। शंकर ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर धमकी दी । घर पहुंची किशोरी कमरे में चली गई। परिवार के पूछने पर कुछ बता नहीं रही थी। काफी देर बाद किशोरी ने मां को शंकर मौर्य की करतूत के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद मड़ियांव थाने में परिवार में रिपोर्ट दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि शंकर मौर्य के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### एलडीए कर्मी से कहासुनी के बाद पत्नी ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज स्थित रिवर बैंक कॉलोनी में रविवार को महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। शुरुआती जांच में पता चला कि महिला ने एलडीए कर्मी पति से कहासुनी के बाद खुदकुशी की। निवासी एलडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मी पति पिंटू पाल से कहासुनी के बाद पत्नी नीरजा ने फंदा लगा लिया। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि रिवर बैंक कॉलोनी निवासी पिंटू पाल एलडीए में चतुर्थ श्रेणी कर्मी हैं। रविवार सुबह करीब नौ बजे तक बेटे हिमांशु और ऋतिक सो रहे थे। ऐसे में पत्नी नीरजा ने पति पिंटू से बच्चों को जगाने को बोला। इस बात पर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद नीरजा कमरे में चली गई थीं। कुछ देर बाद जब पिंटू कमरे में पहुंचे तो नीरजा को पंखे में बंधे दुपट्टे से लटके देखा। आनन-फानन में फंदा खोलकर पत्नी को उतारकर पिंटू ने बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पति-पत्नी में आए दिन कलह होती थी। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### परिचित ने दी दुष्कर्म की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा को परिचित ने दुष्कर्म की धमकी दी। आरोपी काफी वक्त से छात्रा पर शादी करने का दबाव बना रहा है। जिसके लिए पीड़िता तैयार नहीं हुई। बहन को परेशान देख भाई ने विरोध किया तो आरोपी ने दोस्तों के साथ मिल कर पीट दिया। पीड़िता ने काकोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। काकोरी निवासी ई-रिक्शा ड्राइवर की बेटी पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही है। कुछ वक्त पूर्व युवती को अजीटन खेड़ा निवासी जीतू यादव कॉल कर परेशान कर रहा है। आरोपी ने युवती की कॉल रिकार्ड कर शादी करने का दबाव बनाया। बात नहीं मानने पर युवती की ऑडियो चैट वायरल करने की धमकी दी। आरोपी की धमकियों से डर कर छात्रा ने कोचिंग जाना छोड़ दिया था। इस पर जीतू ने दुष्कर्म करने की धमकी दी। बहन को मिल रही धमकियों का पता चलने पर भाई ने विरोध किया था। इस पर जीतू ने साथियों के साथ मिल कर छात्रा के भाई को जमकर पीटा। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### हाईस्कूल की छात्रा समेत दो ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में हाईस्कूल की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह उसका शव कमरे में लटका मिला। छात्रा काफी समय से बीमार चल रही थीं। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। वहीं, हसनगंज के बाबूगंज नई बस्ती इलाके में कोचिंग संस्थान के चपरासी ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो सकी है। बावली गांव निवासी करन ने बताया कि बहन उर्मिला (18) निजी स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। बहन बीमारी के कारण परेशान रहती थी। घटना की जानकारी करन ने डॉयल-112 पर दी। इंस्पेक्टर संजय सिंह के मुताबिक मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। उधर, हसनगंज के बाबूगंज नई बस्ती निवासी अरविंद (28) हजरतगंज स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में चपरासी था। भाई राजू ने बताया कि अरविंद कुछ दिनों से डिप्रेशन में था। शुक्रवार को देर रात भाई ने घर की छत पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर अरविंद को लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### 18 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज पुलिस ने 18 साल से फरार वांरटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दुर्गेश तिवारी न्यू कॉलोनी देवरिया का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2007 में एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जेल से जमानत पर निकलने के बाद से आरोपी फरार था। कोर्ट ने आरोपी दुर्गेश का एनबीडब्ल्यू व कुर्की का आदेश जारी किया था।

### चोरी के ई-रिक्शा बरामद, एक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड पुलिस ने दो चोरी के ई- रिक्शा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तकरोही के मो. हसनैन उर्फ शफीक को पकड़ लिया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के दो ई-रिक्शा बरामद हुए हैं। आरोपी ने एक सप्ताह के भीतर दोनों ई- रिक्शा चोरी किया था।

### चोरी की कार के साथ दो पकड़े गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड पुलिस ने कार चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विजयंतखंड निवासी ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने कार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इस मामले में सिनेपॉलिस शहीद पथ अंडरपास के पास से अयोध्या हैदरगंज के अखिलेश सिंह व बीकापुर के अमन तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पार्क का सौन्दर्यीकरण कराया, हड़पा 55 लाख का भुगतान

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** पार्क सौन्दर्यीकरण के लिए पौधे व कंसलटेंसी सर्विस लेकर रियल एस्टेट कंपनी मालिक ने निजी फर्म संचालक के 55 लाख रुपये का भुगतान हड़प लिये। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अंसल स्थित सेलिब्रिटी गार्डेन निवासी देवेश कुमार राय इको लैंडस्केप्स के नाम से फर्म चलाते हैं। उक्त फर्म में पौधा सप्लाई व लैंड स्केपिंग का काम करती है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले मूल रूप से बहराइच निवासी राशिद अहमद खान निवासी ए-ब्लॉक सरस्वती अपार्टमेंट ने उनसे फोन पर संपर्क किया। राशिद ने बताया कि उसकी एचआर एग्रो प्राइवेट लिमिटेड नाम से सिविल वर्क की कंपनी है। बातचीत में राशिद ने उनकी फर्म से पार्क सौन्दर्यीकरण के लिए पौधे, माली व कन्सलटेंसी सर्विस ली। पीड़ित देवेश ने बताया कि उनकी फर्म लगभग 95 लाख का कार्य किया। इसपर राशिद ने नकद व खाते में 40 लाख का भुगतान किया, शेष 55 लाख हवाला के माध्यम से देने की बात कही। इंकार करने पर आरोपी ने धमकाया। आरोप है कि आरोपी ने जाली बिल बनाकर 55 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गिरफ्तार | ट्रक चालक ने भाई और बहनोई संग मिलकर दिया घटना को अंजाम

# ट्रक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई, बेची 20 लाख की सरिया

संवाददाता, गोसाईंगंज

- दक्षिणी जोन के सर्विलांस सेल ने किया खुलासा, अन्य की तलाश में दबिश

**अमृत विचार:** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से लखनऊ के लिए बुक कराई गई 20 लाख की सरिया बीच रास्ते में बेचने वाले ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। इस वारदात का खुलासा दक्षिणी जोन के सर्विलांस सेल और सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की संयुक्त टीम ने किया। पुलिस के मुताबिक वारदात को अंजाम देने में चालक ने अपने भाई और बहनोई का सहयोग लिया। उसने ट्रक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर फैक्ट्री से सरिया लोड कराई थी। यहां तक दूसरे के नाम से फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस भी बनाया था। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर ट्रक को झारखंड के गोड्डा से बरामद किया।

एडीसीपी दक्षिणी अमित कुमावत के मुताबिक जानकीपुरम सेक्टर-आई स्थित शिव बिहार कालोनी निवासी अजय कंसल की सुशांत गोल्फ सिटी के बक्कास में कंसल रीसाइकिलिंग प्रा. लि. के नाम से फर्म है। जिसमें सरिया बिक्री का काम होता है। अजय ने 26 मई को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अजय ने प. बंगाल के दुर्गापुर स्थित नेपच्यून इस्पात कंपनी से 25.37 लाख की 30 टन टीएमटी सरिया खरीदी थी। कंपनी के रिकार्ड में 14 मई को ट्रक लेकर प. बंगाल के बीरभूमि स्थित अमृतपुर चकदहा सूरी निवासी धनंजय ओझा लखनऊ के लिए निकला था, लेकिन पहुंचा ही नहीं। अजय ने कंपनी से संपर्क किया। पता चला कि ट्रक लोड कराकर चालक निकल गया है।

### सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज से पकड़ा गया

एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ रुणवाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद नेप्च्यून कंपनी से संपर्क किया गया। माल लोड करते वक्त दर्ज कराए गए मोबाइल नंबर की लोकेशन खंगाली गई। साथ ही सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के साथ सर्विलांस और डीसीपी दक्षिण की टीम छानबीन में लग गई। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से मिले फुटेज और कई अन्य फुटेज की जांच की। जिनमें ट्रक नजर आ रहा था। फुटेज की मदद से ही बिहार मुंगेर स्थित मोंजरा निवासी शमशेर राम को झारखण्ड गोड्डा से गिरफ्तार किया गया।

### ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट लगा बुक किया था माल

नेप्च्यून कंपनी से 30 टन सरिया लोड करने के बाद शमशेर राम लखनऊ के लिए निकला था। रास्ते में भाई और साथियों की मदद से दुर्गापुर में ही काफी सरिया बेच दी। वहीं, ट्रक को मुंगेर स्थित मां दुर्गा लाइन की पार्किंग में खड़ा कर दिया। बीच-बीच में शमशेर, उसके भाई और बहनोई ने कई बार सरिया बेची। इस बीच पुलिस ने शमशेर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शमशेर ने नंबर प्लेट बदलने और फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस प्रयोग करने की बात कुबूल की है। पुलिस के अनुसार ट्रक में गिरफ्तारी के पहले चालक ने लगभग 70 प्रतिशत माल बेंच दिया था।



बरामद बाइक के साथ चोरी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

# शाहखर्ची के लिए वाहन चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, चौक:** शाहखर्ची के लिए बाइक व स्कूटी चोरी करने वाले दो वाहन चोरों को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की सात गाड़ियां बरामद की हैं।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि बम्बाघर गेट के पास घेराबंदी कर बाइक सवार दो युवकों को रोका गया। उनसे बाइक के पेपर मांगे। वह पेपर नहीं दिखा सके। शक होने पर जब दोनों से सख्ती से पूछताछ की तो कबूला कि बाइक चोरी की है। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम फरीदीपुर निवासी विवेक रस्तोगी उर्फ अनमोल व रोशन लाल निवासी हरदोई हालपता बालागंज बताया।

पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई छह और टू-व्हीलर बरामद की गयी हैं। बरामद गाड़ियों में ठाकुरगंज, चौक व महानगर इलाके से एक-एक चोरी हुई थी। अन्य वाहनों के मालिकों के बारे में जानकारी जुटायी जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी चोरी के बाद गाड़ियों पर फर्जी नंबर प्लेट लगा देते थे।

### प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग, तीन दमकल ने पाया काबू- बीकेटी के इंदौरा बाग की घटना

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी में शनिवार दोपहर में प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लग गई। धुंआ व आग की लपटें देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने तीन गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया। एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार ने बताया कि शनिवार दोपहर 2 :39 बजे इंदौरा बाग प्लाई वुड फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर तीन गाड़ियों के साथ वह दमकल कर्मी पहुंचे तो देखा कि फैक्ट्री में धूप में रखीं प्लाई तेजी से जल रही थी। टीम ने आपस में बंटकर चारों तरफ से घेर कर आग बुझाना शुरू किया गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। एफएसओ ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

मूर्खा : यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् ।
दाम्पत्यो : कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता ॥

जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है ।

## संपादकीय

# बढ़ता वैश्विक प्रभाव

जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता मिलना भारत की कूटनीतिक ताकत की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा में 15 जून से होने वाले जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे 2019 से लगातार इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत को इस सम्मेलन का न्यौता न मिलने पर विपक्षी दल ने इसे मुद्दा बनाया था। महत्वपूर्ण है कि कनाडा जानता है कि भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आर्थिक और वैश्विक कारणों का हवाला देते हुए भारत को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जो माहौल बना है, उस वजह से इस बार का जी-7 शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। ग्लोबल साउथ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की आवाज सुनी जाती है। जी-7 विश्व की सर्वाधिक विकसित तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, इस समूह में फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है, लेकिन इस सम्मेलन में बतौर अतिथि देश आमंत्रित किया गया है। आमतौर पर जिस देश के पास जी-7 की अध्यक्षता होती है, वही किसी बाहरी देश को न्योता देता है। जी-7 सम्मेलन हर साल वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल ट्रांजिशन और वैश्विक सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए होता है। समूह की सिफारिशें वैश्विक नीतियों को प्रभावित करती हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के समय में खालिस्तानी आंदोलन को मिल रहे सरकारी संरक्षण से दोनों देशों के संबंधों में कटुता आ गई थी। परंतु तनावों के बावजूद, भारत और कनाडा के बीच मजबूत आर्थिक और आम लोगों के संबंध बने रहे हैं। कनाडा में लगभग 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 10 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। यह कनाडा की आबादी का तीन प्रतिशत से अधिक है। लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र वर्तमान में कनाडा के संस्थानों में पढ़ रहे हैं। साफ है कि भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव की वजह से कनाडा की नई सरकार एक बार फिर नई शुरुआत करना चाहती है। भारत की सक्रिय कूटनीति और कनाडा की रणनीतिक दूरदर्शिता के बीच तालमेल एक सुरक्षित और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के संबंधों से एक अधिक समावेशी और लचीले अंतर्राष्ट्रीय ढांचे में योगदान मिलेगा।

# टीका निर्माण प्रक्रिया और प्रभाव बढ़ाने का विज्ञान



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था।

वर्ष 2024 में टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इन 50 वर्षों में 15 करोड़ से अधिक लोगों की जान सिर्फ टीके लगाए जाने की वजह से बचाई गई है। वैश्विक स्तर पर शिशु मृत्यु में 40 प्रतिशत कमी टीकाकरण के कारण हुई है। कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इसके बावजूद चिंता की बात है कि बचपन के टीकाकरण कवरेज का स्तर कई वर्षों से रुका हुआ है, जिससे अनेक बच्चे साल दर साल असुरक्षित रह जाते हैं। वैक्सीन बाजारों को समझना टीकों तक पहुंच बढ़ाने और टीकाकरण कवरेज को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी स्रोत है। वर्ष 2024 में 207 देशों में 88 वैक्सीन उत्पाद बेचे गए जिन्हें विश्व में 116 टीका निर्माताओं से खरीदा गया था।

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है। कार्यक्रम विस्तार और किसी बीमारी के प्रकोप में वृद्धि के कारण क्रमशः एचपीवी और चेचक/मंकीपॉक्स वैक्सीन में बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई थी। वैश्विक वैक्सीन बाजार की खरीद की मात्रा में औसत वृद्धि दर तीन प्रतिशत थी जोकि मुख्य रूप से कोविड-19 टीकों के लिए थी। सन 2023 तक दुनिया में 20 बिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर मूल्य की तो कोविड वैक्सीन की ही बिक्री हुई थी। वैक्सीन प्रोडक्शन में भारत एक सुपरपावर है। अंदाजा लगाएं कि भारत ने ही कोविड-19 की करीब तीन अरब खुराक की आपूर्ति दुनिया के 100 देशों को की थी। यह वैश्विक वैक्सीन निर्माण में विश्व में भारत की योगदान तकरीबन 60 प्रतिशत है। ऐसा तब है जबकि भारत खुद कोविड-19 महामारी से जूझ रहा था और कोरोना विषाणु के नए उपभेद और विभेद अर्थात स्ट्रेंस और वेरिएन्ट्स उभर रहे थे जिनके लिए नई और असरदार वैक्सीन्स को विकसित करने और इन्हें बनाकर सिस्टम में डालने की जरूरत तेज़ी से उभर रही थी। भारत के वैज्ञानिकों और तकनीशियनों दक्षता पूर्वक यह कर दिखाया क्योंकि देश में फार्मास्यूटिकल रिसर्च, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का मजबूत आधार मौजूद है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था। चीन में इस कहानी को ढूंढा जोसफ नीडहैम ने जिसने चीन के विज्ञान और टेक्नोलॉजी का इतिहास लिखा है। भारत में इसकी खोज के बारे में तब मालूम हुआ जब एक पुराना दस्तावेज़ भारत में इंडियन मेडिकल सर्विस में काम करने वाले एक ब्रिटिश फिजिशियन के हाथ लगा था।

एडवर्ड जेने और लुई पास्चर ने सबसे पहले टीका विकसित करने की टेक्नोलॉजी बनाई थी। अब तो ऐसे बहुत लोग हैं जिन्होंनें अनेक विधियों से टीकों का विकास किया जिससे बड़े पैमाने पर इनका निर्माण किया जा सके। जेने द्वारा चेचक के विरुद्ध विकसित की गई टीका-टेक्नोलॉजी से लेकर कोविड के सब-यूनिट टीकों के विकास तक यह कहानी लंबी है। टीकों को कई रूपों में निर्मित किया जा सकता है, जिसमें निष्क्रिय (मारे गए), टॉक्सोइड, जीवित क्षीणित, वायरस जैसे कण, सिंथेटिक पेप्टाइड, पॉलीसैकेराइड, पॉलीसैकेराइड संयुग्म (ग्लाइकोकोनजुगेट), वायरल वेक्टरेड (वेक्टर-आधारित), न्यूक्लिक एसिड (डीएनए और एमआरएनए) और बैक्टीरियल वेक्टर/सिंथेटिक एंटीजन प्रेजेंटिंग सेल शामिल हैं। टीकों के निर्माण में कई प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है और चिकित्सा/बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और वैक्सीनोलॉजी में हाल के विकासों ने अभिनव न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन का उदय किया है जोकि पारंपरिक और सबयूनिट वैक्सीन में जोड़ी गई एक नई श्रेणी है।

टीके जैविक रचनाएं हैं जिनका उद्देश्य संक्रमण या बीमारी के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करना और तैयार करना है। वे रोगजनकों को पहचानने, प्रतिक्रिया करने और याद रखने के लिए अत्यधिक विकसित स्तनधारी प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता का उपयोग करते हैं। टीकों का प्राथमिक घटक एंटीजन होते हैं जो रुचि के रोगजनक या जैव-निर्मित से प्राप्त होते हैं। अतिरिक्त घटकों में परिरक्षक, स्टेबलाइज़र, एक्सीपिएंट और निर्माण के दौरान मिलाये उत्पाद हो सकते हैं। शिशु, बुजुर्ग और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्ति में प्रतिरक्षाजनन अथवा प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करने की क्षमता और प्रभावकारिता में सुधार करने और/या एंटीजन खुराक को कम करने जिससे वैक्सीन की सप्लाई में वृद्धि की अनुमति देने के लिए सहायक पदार्थ के तौर पर मिलाए जाते हैं।

टीका निर्माण के दौरान कम से कम छः और बातों का ध्यान रखा जाता है। इन्हें हम वैक्सीन कॉम्पोनेन्ट कह सकते हैं। ये हैः एक्टिव इंग्रेडियेंट्स जोकि वायरल या बैक्टीरियल एंटीजन होती हैं। इनका काम इम्यून सिस्टम को उत्प्रेरित तो करती हैं लेकिन बीमारी पैदा नहीं करते। दूसरा है एड्जुवेंट जो वैक्सीन के प्रति इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। तीसरा है एंटीबायोटिक्स जो वैक्सीन निर्माण के समय प्रदूषण नहीं होने देता।

चौथा है स्टेबलाइजर जो टीका बन जाने के बाद इसके रख-रखाव से संबंधित है और स्टोरेज के दौरान टीके के असर को खराब नहीं होने देता, पांचवां है प्रीज़र्वेटिव जो स्टोरेज की अवधि के दौरान टीके में फफूंद और संदूषित करने वाले जीवाणुओं को पनपने नहीं देता और अंतिम हैं ट्रेस कंपाउंड्स जोकि भण्डारण की अवधि ख़त्म हो जाने के बाद उत्पन्न होते हैं जैसे कि फॉर्मलडीहाइड और सैल-कल्चर के रूप में एक अवशेष हैं। कोशिश है कि विषाणु और जीवाणु जनित संक्रमणों से प्रतिरक्षा के लिए ज्यादातर टीकों का इस्तेमाल हो ताकि व्यक्ति के शरीर में दीर्घावधि असर के लिए बीमार होने पर लिए जाने वाली शार्ट-टर्म या अल्पावधि की दवाओं की इस्तेमाल कम हो जाए। टीकों के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने और इनके लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु टेक्निकल दक्षता के अलावा अरबों रुपये के निवेश की जरूरत होती है।

## प्रसंगवश

# गंभीरता से लागू करें प्लास्टिक पर प्रतिबंध

प्लास्टिक हमारी धरती के पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र, जीव-जंतुओं, मनुष्यों सभी के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इंसान हो या पर्यावरण, समुद्री जीव हों या वनस्पतियां सभी की सेहत को प्लास्टिक ने बिगाड़ कर रख दिया है। आज स्थिति यह है कि आज प्लास्टिक ने हमारी नदियों, हमारे विभिन्न जल स्रोतों, समुद्र,थल व वायु सभी जगहों पर अपनी गहरी पैठ बना ली है। शहरों में तो कचरे के जो बड़े बड़े ढ़ेर नजर आते हैं, उसमें सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक का ही होता है।

आंकड़े बताते हैं कि 1950 में दुनिया सिर्फ 20 लाख टन प्लास्टिक का उत्पादन करती थी और अब प्लास्टिक का उत्पादन बढ़ कर 45 करोड़ टन से अधिक हो गया है। स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट इन फिगर्स 2025 के मुताबिक, भारत में प्रतिबंध के बावजूद 2022-23 में प्लास्टिक का कचरा रिकॉर्ड 41.4 लाख टन तक पहुंच गया। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि भारत में हर साल 34 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है, जिसमें से अधिकतर बैग, रैपर और पैकेजिंग जैसी एक बार उपयोग होने वाले वस्तुओं से आता है। कचरे के प्रबंधन के लिए प्रतिबंधों और नियमों के बावजूद, प्लास्टिक हमारे बाजारों, नालियों और महासागरों में भरा पड़ा है। पर्यावरण दिवस की थीम इस बार 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' रखी गई, लेकिन आज चाय के कप से लेकर पानी की बोतल तक, घर हो या आफिस हर जगह प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। यहां तक कि जीवन का कोई भी पहलू आज प्लास्टिक से अछूता नहीं रहा है। आज हर जगह प्लास्टिक की बेतहाशा मौजूदगी है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

सच यह है भी है कि आज अधिकांश निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक का सेवन ही है। आज पानी, मिट्टी और हवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी हो चुकी है। आईयूसीएन के अनुसार, हर साल कम-से-कम 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है और यह सतही जल से लेकर गहरे समुद्र में तलछट तक सभी समुद्री मलबे का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। सच तो यह है कि माइक्रोप्लास्टिक आज एक बहुत बड़ी समस्या है, क्योंकि वे व्यापक रूप से पाए जाते हैं और पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक तो आज एक अदृश्य खतरा है।

माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव सिर्फ़ पर्यावरण तक ही सीमित नहीं हैं। जैसे ही माइक्रोप्लास्टिक पानी में पहुंचता है, उसे मछली, मसल्स और दूसरे जानवर खा लेते हैं और गलती से उसे खाना समझ लेते हैं। ये जानवर हमारी प्लेटों में पहुंच जाते हैं और प्लास्टिक के कणों को मानव खाद्य श्रृंखला में ले आते हैं। एक चिंताजनक अध्ययन से पता चला है कि लोग प्रति सप्ताह पांच ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निगल लेते हैं, जो एक क्रेडिट कार्ड के बराबर वजन है।

वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हमें व्यक्तिगत पहल करनी होगी। मसलन, शून्य-अपशिष्ट, डिस्पोज़ेबल और खुद के बर्तनों का उपयोग करना, बोतलबंद पानी तथा प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग न करना आदि कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें प्रत्येक नागरिक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए उठा सकता है। हालांकि, इसके गंभीर खतरों को देखते हुए हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। मसलन, हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग या शून्य उपयोग करें। बहरहाल, यह विडंबना ही कही जा सकती है कि आज हमें प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही हैं। वास्तव में देखा जाए तो इसके पीछे कई चुनौतियां हैं। प्लास्टिक का व्यापक उपयोग, सस्ते विकल्पों का अभाव आदि इस दिशा में गंभीर बाधाएं बने हुए हैं। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और रीसाइक्लिंग(पुनर्चक्रण) की व्यवस्था भी सरकार के सामने एक बड़ी व गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए, सबसे पहले प्लास्टिक के उपयोग को कम या बंद करना होगा। हमें यह चाहिए कि हमप्लास्टिक के रैप के बजाय पुनः प्रयोज्य सामग्री का उपयोग करें। प्लास्टिक के कंटेनर के बजाय धातु या कांच के कंटेनर का उपयोग किया जा सकता है, और प्लास्टिक की पानी की बोतलें और थैली के बजाय पुनः उपयोग योग्य बोतलों और बैग आदि का उपयोग किया जा सकता है। हमें चाहिए कि हम पुनर्चक्रण में योगदान करें।

# शिक्षा, जनसंख्या एवं जाति



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे।

जाति जनगणना को लेकरसियासत गर्म है। 1931 की जनगणना एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है और अध्ययन के योग्य है, क्योंकि यह आखिरी बार था जब किसी जनगणना में जाति और समुदाय के चश्मे से भारत की जांच की गई थी- जो आयाम 1951 के बाद की जनगणना रिपोर्टों में वर्जित रहे हैं।

जातिवार बात की जाए तो पूरे ब्रिटिश इंडिया में सबसे अधिक आबादी ब्राह्मणों की थी, जो डेढ़ करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दूसरा स्थान जाटव समुदाय का था, जो संख्या में 1 करोड़ 23 लाख से थोड़े ज्यादा थे। वहीं तीसरे स्थान पर राजपूत थे, जिनकी आबादी 81 लाख थी। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की कुनबी जाति थी, जिन्हें आज ओबीसी कैटिगरी में रखा गया है। उनकी आबादी 64 लाख 34 हजार थी। वहीं यादव (अहीर) समाज के लोगों की संख्या 56 लाख 82 हजार थी। इसके बाद स्थान तेली बिरादरी का था, जिनकी आबादी 42 लाख 58 हजार पाई गई थी। वहीं ग्वाला की आबादी 40 लाख से ज्यादा थी। आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे। ब्रिटिश इंडिया में हुई इस जाति जनगणना में ओबीसी जातियों की आबादी 52 फीसदी पाई गई थी, जबकि देश भर की जनसंख्या उस वक्त 27 करोड़ थी। इसी के आधार पर मंडल कमीशन ने सिफारिशें दी थीं।1931 की जनगणना के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर बंगाल के वैद्य, कई राज्यों में बसे कायस्थ और केरल के नायर जातियों में सबसे अधिक साक्षर थे। इन तीनों समूहों के पास पारंपरिक व्यवसाय या सामाजिक परिस्थितियां थीं, उनके शैक्षिक विकास में सहायक प्रतीत होती थीं। वैद्य पेशे से चिकित्सक थे, कायस्थ लेखक थे और नायर मालाबार क्षेत्र से थे। इन्होंने शिक्षा में शुरुआती प्रगति की थी।

जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक वैद्यों में 78.2 प्रतिशत पुरुष और 48.6 प्रतिशत महिलाएं साक्षर थीं। कायस्थों में 60.7 प्रतिशत पुरुष और 19.1प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वहीं नायरों में 60.3 प्रतिशत पुरुष और 27.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। इस प्रकार मातृवंशीय नायरों सहित सर्वाधिक साक्षर जातियों में भी महिला साक्षरता, पुरुष साक्षरता की तुलना में काफी कम थी, जो पितृसत्तात्मक संबंधों को दर्शाती है। जहां परिवारों ने पुरुषों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया, जिनसे लाभदायक रोजगार की अपेक्षा की गई थी। पंजाब की एक वाणिज्यिक जाति खत्री अखिल भारतीय स्तर पर चौथे स्थान पर रही, जिसमें 45.1 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 12.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी।

1931 की जनगणना में अखिल भारतीय साक्षरता सूची में पांचवें स्थान पर ब्राह्मण थे। राष्ट्रीय स्तर पर ब्राह्मणों में 43.7 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 9.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वे अन्य प्रमुख "उच्च जाति" समुदाय, राजपूतों से बहुत आगे थे, जिनकी पुरुष साक्षरता 15.3प्रतिशत और महिला साक्षरता सिर्फ़ 1.3प्रतिशत थी। साक्षरता के मामले में अखिल भारतीय स्तर पर कई जातियां बहुत पीछे थीं। उत्तर-पश्चिम भारत के प्रभावशाली जाट समुदाय में पुरुष साक्षरता 5.3 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.6 प्रतिशत थी।उत्तर भारत में प्रभावशाली ओबीसी जाति यादव में पुरुष साक्षरता सिर्फ़ 3.9 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.2प्रतिशत थी। दलितों में एक प्रमुख जाति महार से डॉ. बी.आर. अंबेडकर संबंधित थे, अन्य अनुसूचित जाति (एससी) समूहों की तुलना में अधिक शिक्षित पाए गए, जिनमें 4.4प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 0.4प्रतिशत महिला साक्षरता दर्ज की गई।

उत्तरी राज्यों में दक्षिणी राज्यों की तुलना में साक्षरता दर कम दर्ज की गई, जिससे अखिल भारतीय जाति पैटर्न में भारी अंतर देखने को मिला। उत्तर भारतीय राज्यों में ब्राह्मण साक्षरता के आंकड़े दक्षिण की तुलना में कम थे, लेकिन फिर भी अधिकांश अन्य जातियों की तुलना में अधिक थे। बिहार और ओडिशा में, कायस्थ समूह सबसे अधिक साक्षर था, जिसमें 60.5प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 11.8 प्रतिशत महिला साक्षरता थी, उसके बाद ब्राह्मण (35.6प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता), भूमिहार (23.3प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता) और राजपूत (21.7प्रतिशत पुरुष और 1.3 प्रतिशत महिला साक्षरता) थे। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन नेहरू सरकार ने जाति गणना को बंद करने का फैसला किया, यह तर्क देते हुए कि यह राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर सकता है और सामाजिक विभाजन को गहरा कर सकता है।

## सोशल फोरम

# भटकना आदमी का स्वभाव

भटकना तो आदमी का स्वभाव है। यदि आदमी ना भटके तो हमारे इतने सारे धर्म ,बाबा , साधु संत ,रिश्तेदारों और हमारी आपकी पत्नियों के पास फिर काम ही क्या रह जाएगा ? किसे रास्ते पर लाने के उपदेश देंगे ये? और इसमें हमारी आपकी गलती है भी क्या ? इतने सारे रास्ते है ही क्यों ? एक होता हम नाक की सीध में चलते और पहुंच जाते। आदमी भटकना नहीं चाहता पर इतने सारे रास्ते उसे कन्फ्यूज कर देते है,ब हुत बार वो नया रास्ता बनाना चाहता है इसलिए भी एक नई दिशा की तरफ़ निकल पड़ता है। ऐसे में या तो वो खुद खो जाता है या दूसरों को रास्ता दिखाने में कामयाब हो जाता है। कोलंबस को ही ले लीजिए। भटकने के कारण नाम कमा गया वो। भटकने से बचने के ध्यान की दुकानें भी है हमारे यहां। पर बहुत बार यहां ध्यान खुद भटका मिलता है आपको। आप इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि दुकान खोले बैठे महारथी खुद अंधे हैं और अंधों से रास्ता दिखाने की उम्मीद रखना बेकार ही है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

और फिर भटके हुए को भटकना मानना ही क्यो है ? हो सकता है उसे ये खबर हो कि दुनिया गोल है। आप जहां जाना चाहते है वहां एक ना दिन पहुंच ही जाएंगे। हरिवंश राय बच्चन ऐसे ही थोड़े बता गए हैं कि राह पकड़ ले एक चला चल। पा जाएगा मधुशाला। ऐसे में किसी को भटकता हुआ देखें तो उसे एकदम से शराबी ना मान लें हो सकता है वो कोई पहुंचा हुआ संत हो और आपको राह दिखाने आया हो।

भटके हुओ को रास्ता दिखाने की ज़िम्मेदारी सबसे पहले ध्रुव तारे ने संभाली फिर गुरू तलाशे गए। कंपास भी आगे आया उसके लिए और आजकल इन सबका काम गूगल कर रहा है। इन सारे तरीक़ों के बावजूद जो भटकना चाहता है वो भटक ही जाता है। और फिर भटकने का अपना रोमांच है। भटकने वाला इंसान ,नई जगहों और नए लोगों से मिलाता है। भटकना आपको ज्ञानी तो बनाता ही है ,बहुत बार जवान भी कर जाता हैं। आदमी भटकता क्यों है ? बंदा शातिर हो जेब भारी हो तो भटकना आसान। और इन सब से बड़ी बात कि विधाता ने आपके लिए अर्श या फर्श क्या तय किया हुआ है। ऐसे मे जब पहुंचे, जहां पहुंचे उससे राजी रहे और आप कर भी क्या सकते हैं?

-फेसबुक वॉल से

# कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं।

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर देने वाले हैं। दरअसल स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णेंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईंबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपए के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपए दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णेंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने चोरी नहीं की। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।

असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं। आमतौर पर कुछ बच्चे काफी सहज और सरल होते हैं, तो कुछ बेहद ही संवेदनशील। ऐसे में उनके स्वभाव के अनुसार ही उनकी देखभाल करने की जरूरत होती है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बात वह गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तो भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हर बच्चे को कृष्णेंदु बनने से बचाना होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आया बुज़ुर्ग, मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** बेहटा गोकुल थाने के खेरिया निवासी कमल किशोर दीक्षित (73) खेती-बाड़ी करता था। शनिवार की शाम कमल किशोर रोज़ की तरह घर से टहलने निकला और टहलते हुए रेलवे ट्रैक तक पहुंच गया, उसी बीच अचानक ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### किसान को मारपीट कर किया घायल

**अमृत विचार, उन्नाव :** बिहार थानाक्षेत्र के आटमन्नू खेड़ा गांव निवासी विकास चन्द्र पुत्र बसंतलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 5 जून की दोपहर करीब 12 बजे खेत जोतकर ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। तभी गांव के चौराहे के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव के जीतू पुत्र स्व. मूलचंद्र उसका अंकित ने ट्रैक्टर रोक लिया और उसे जबरन नीचे खींचकर डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसका किसी से कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है लेकिन दोनों भाइयों ने गांव में वर्चस्व व दहशत कायम करने के उद्देश्य से उस पर जानलेवा हमला किया और जान से मारने की धमकी भी दी।

### पुलिस ने छापेमारी कर तीन जुआरियों को पकड़ा

अमृत विचार, उन्नाव : बारासगवर पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर थानाक्षेत्र के तलिहई गांव मे जुएं की फड़ पर छापेमारी की। पुलिस को देख जुआरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर श्यामू चौरसिया निवासी गांव मानपुर बीघापुर कोतवाली, विजय कुमार निवासी तलिहाई व कौशल कुमार निवासी गांव देवीपुर बीघापुर कोतवाली को पकड़ लिया। जामातलाशी में उनके पास 669 व फड़ से 1550 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए लोगों पर जुआं अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया युवक

**अमृत विचार, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी 4 जून को घर से अचानक गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब वह नहीं मिली, तो मोहल्ले के ही युवक शानू पर संदेह जताया गया। पिता का आरोप है कि शानू उनकी बेटी को अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





इटौंजा सिंघामऊ मोड़ के पास काले रंग की कार की चपेट में आकर घायल बुजुर्ग व महिला और हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। अमृत विचार

### दुर्घटनास्थल पर देर से पहुंची पुलिस

**अमृत विचार, इंटौंजा :** स्थानीय मजदूरों ने बताया कि घटना होने के बाद पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस ने आने में वक्त लगा दिया। इसपर स्थानीय लोगों ने खुद ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि पुलिस ने इस बात से इनकार कर दिया। घटनास्थल पर पहुंच कर कार्रवाई करने की बात कही।

### कार के नीचे से मां-बेटे को निकाला

**अमृत विचार, इंटौंजा :** बिल्डिंग में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि हादसा इतना भयावह था कि हड़कंप मच गया। कार के नीचे से पूनम को खींचकर बाहर निकाला गया। उसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है। मजदूरों ने बताया करीब बिल्डिंग में 200 लोग काम कर रहे हैं। हादसा और भी बड़ा हो सकता था, लेकिन अन्य लोगों ने भागकर जान बचाई।

# सुरक्षित खाद्य पदार्थों की पहचान के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर खाद्य सुरक्षा एवं औषिधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने राजधानी के एक होटल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया।

एफएसएसएआई की विशिष्ट थीम 'सुरक्षित और स्वस्थ भोजन से मोटापे को रोकें' पर आधारित इस कार्यक्रम में खाद्य पैकेजिंग और लेबलिंग के महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता के नियम, ईट हेल्दी ईट राइट, ईट सस्टेनेबल और डार्क टेस्ट जैसे सरल परीक्षणों से सुरक्षित खाद्य पदार्थों की पहचान के तरीके बताए गए। सहायक आयुक्त खाद्य 2 विजय प्रताप सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने खाद्य सुरक्षा के महत्व और इससे संबंधित नियमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मोटापे से होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनसे बचाव के उपायों पर भी चर्चा की। संतुलित आहार और सुरक्षित खाद्य प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया गया।

उन्होंने उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा मानकों, नियमों और स्वच्छ प्रथाओं के पालन के लिए भी कहा। खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। संचालन खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुप्रिया सिंह, नितिका केशरी और अवनीश कुमार सिंह ने किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नाकर पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सवारी ले जाने से मना किया तो चालक को घर में घुसकर पीटा

संवाददाता, काकोरी/गोसाईगंज

▸▸ पारा के बुद्धेश्वर में हुई घटना, रिपोर्ट दर्ज, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार:** पारा के बुद्धेश्वर इलाके में ई-रिक्शा चालक ने सवारी ले जाने से मना कर दिया। इस पर नाराज पड़ोसियों ने घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी के साथ छेड़छाड़ किया और कपडे. फाड़ दिये। पीड़ित की तहरीर पर पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वहीं, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गोसाईगंज में दो पक्षों में मारपीट हो गई।

पारा निवासी महिला के मुताबिक पति ई-रिक्शा चालक हैं। शनिवार देर शाम को वह ई-रिक्श चलाकर घर लौटे थे। तभी पड़ोसी रोहित, मोहित व एक किशोर ने ईदगाह तक छोड़ने के लिए कहा। थके होने के कारण पति ने सवारी ले जाने से मना कर दिया। इस पर तीनों ने मिलकर लाठी-डंडे से पति की पिटाई कर दी। वह शोर मचाते हुए घर के भीतर भागे तो आरोपित घर में घुस आए। शोर सुनकर उन्होंने बीच-बचाव की कोशिश की तो तीनों ने मिलकर उनके कपड़े फाड़ दिए। विरोध पर उनकी पिटाई भी कर दी। चीख पुकार पर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपित धमकाते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों रोहित और मोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उधर गोसाईगंज के शिवलर गांव में खेत में बेड़ लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। तीन लोग गंभीर रूप से चोटिल हो गए। वहीं, पीड़ितों ने पुलिस पर काफी देर तक खून से लथपथ हालत में रोके रखने और तहरीर बदलवाने का आरोप लगाया। हालांकि देर रात को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।शिवलर गांव के रहने वाले पुष्पेन्द्र वर्मा के अनुसार वह शनिवार को अपने भाई रामजी वर्मा व चाचा राजेन्द्र कुमार वर्मा के साथ खेत में बेड़ लगाने गया था। तभी गांव के ही रहने वाले अरविन्द वर्मा, आकाश वर्मा, अमन वर्मा व पंकज वर्मा के साथ दो अन्य व्यक्ति धारदार हथियार बांका व बेल्चा लेकर गये। आये और पीड़ित व उसके भाई रामजी तथा चाचा राजेन्द्र पर हमला कर दिया।

हमले में तीनों गंभीर रुप से चोटिल हो गये। पीड़ित ने इसकी शिकायत गोसाईगंज थाने में की है। आरोप है कि वह तथा घायल भाई व चाचा थाने पहुंचे और आरोपितों द्वारा जानलेवा हमला करने की तहरीर दी। इस पर थाना प्रभारी द्वारा उनसे तहरीर बदलकर मारपीट की तहरीर देने को कहा गया। तहरीर नही बदली तो घंटों थाने में रोके रखा। उनका मेडिकल तक नही कराया गया। पीड़ित ने जब तहरीर बदल कर दी तब रिपोर्ट दर्ज की।



उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति की ओर से 1090 चौराहे पर आयोजित शिविर में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

# 1090 चौराहे पर शंख ध्वनि के साथ किया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति 15 जून को आशियाना में निकालेगा रैली

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जागरूकता के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति ने रविवार सुबह 6 बजे 1090 चौराहा पर शंख ध्वनि के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया।

योग समिति के संरक्षक संजय गुप्ता व अध्यक्ष संदीप सिंह गौर ने बताया कि राजधानी के कई स्थानों पर योग के शिविर लगाकर नागरिकों को योग के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही 15 जून को उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के तत्वाधान में आशियाना एलडीए से योग जागरूकता रैली निकाली जाएगी। जो पूरे क्षेत्र में घूमकर लोगों को जागरूक करेगी। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आशियाना क्षेत्र में योग का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुनील मौर्य, राजकुमार शुक्ला, आरके गुप्ता, शैलू महेंद्र प्रताप सिंह, पूनम सक्सेना, सायरा, जीपी गुप्ता, रितेश खरबंदा, ओपी श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, दीपा त्रिवेदी, मधुलिका शुक्ला, रजनी शुक्ला, सत्यभामा, अनु, आलोक सिंह, राजीव गुप्ता, आरएन वर्मा, जेपी तिवारी, जुगल किशोर, शिव दयाल राजेंद्र सिंह, राज भाटला, राजेंद्र श्रीवास्तव, राधेश्याम तिवारी सहित कई योगाचार्य व योग साधकों ने योग किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में राजधानी के व्यापारी ,बुजुर्ग ,महिलाएं, चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं छात्र भी शामिल हुए।

# मेडिकल स्टोर संचालक की हत्या कर शव नहर में फेंका

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल स्टोर का संचालक अचानक ही लापता हो गया, घर वाले उसे ढूंढने लगे, पुलिस को तहरीर दी, तहरीर देने के अगले दिन सुरसा पुलिस ने उसका शारदा नहर से बरामद कर लिया। घर वाले उसकी हत्या करने का आरोप लगा रहे थे, रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें उसकी हत्या कर शव पानी में फेंकने की बात सामने आई है। उधर उसी मामले में साण्डी पुलिस पूर्व प्रधान को हिरासत में लेते हुए छानबीन तेज़ कर दी है।

बताया गया है कि हरपालपुर थाने के बांसी गांव निवासी 25 वर्षीय सचिन राजपूत पुत्र यदुनंदन फार्मेसिस्ट का डिप्लोमा किए हुए था, नौकरी न मिलने पर उसने साण्डी के चौधरियापुर तिराहे पर मेडिकल स्टोर खोल रखा था, शुरुआत में वह रोज़ घर आता-जाता रहा, लेकिन बाद में वहीं रुकने लगा। सचिन के बड़े भाई योगेश राजपूत ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सचिन मोबाइल दुकान पर ही छोड़ कर कहीं लापता हो गया, तब से उसकी तलाश की जा रही थी, जब कोई हल नहीं निकला तो साण्डी पुलिस को तहरीर दी गई। शनिवार की शाम सुरसा पुलिस ने शारदा नहर के मझिला पुल के पास उसका शव पड़ा होने की सूचना दी। सचिन की हत्या कर उसका शव नहर मे. फेंका गया, पिता यदुनंदन और भाई के ऐसे आरोप के चलते पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए कई लोगों को हिरासत में लेते हुए उससे पूछताछ शुरु कर दी है। इधर रविवार को सुरसा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसकी रिपोर्ट में उसकी दाहिनी पसली टूट कर लीवर में घुसने और उसी से लीवर फटने से मौत होने की बात कही गई है। उसके अलावा उसकी बाई ठोड़ी धारदार हथियार से कटी हुई थी, सिर के पीछे वार भी पाया गया। कहा गया है कि हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंका गया था।

### पुलिस ने हत्या के आरोपी को दबोचा



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

**हरदोई।** पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक की हत्या का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया, पूछताछ में उसने हत्या करने की बात कुबूल की। पुलिस के मुताबिक सचिन राजपूत हत्यारोपी रूपलाल उर्फ रामेंद्र कुमार पुत्र सेवाराम निवासी सुभाष नगर कोतवाली शहर जोकि लोनार के मानीमऊ गांव में रहता है, की पत्नी से सचिन राजपूत अक्सर बातें किया करता था, रूपलाल उर्फ रामेंद्र कुमार को इसका पता चला तो वह डिप्रेशन में रहने लगा। उसी के चलते उसने खौफनाक स्क्रिप्ट तैयार करते हुए शुक्रवार को उसने सचिन को बहानेसे साण्डी तिराहे पर बुलाया, उसके बाद उसे अपने साथ ले गया और हत्या करने के बाद अपने साथियों की मदद से शव नहर में फेंक दिया। रूपलाल उर्फ रामेंद्र कुमार ने आगे बताया कि वारदात को झुठलाते हुए उसने चोरी के मोबाइल से सचिन के घर वालों को मैसेज भेजे, ताकि किसी को उस पर शक न हो। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# एक ने ससुराल तो दूसरी ने मायके में की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के मुहुईपुरी निवासी जदुनाथ ने साल 2017 में अपनी 28 वर्षीय पुत्री गीता की शादी शाहाबाद कोतवाली के नगला भगवान निवासी अजय उर्फ मोनू के साथ की थी, गीता के दो बेटियां है। शनिवार की दोपहर गीता ने कमरे के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया है। पिता जदुनाथ का आरोप है कि घरेलू झगड़े के चलते ससुराल वालों ने गीता की हत्या कर शव लटका दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर शाहाबाद कोतवाली के बरेउरी निवासी रामबरन की 25 वर्षीय पुत्री करिश्मा की शादी ढ़ाई साल पहले शाहजहांपुर ज़िले के अल्हागंज निवासी पवन कुमार के साथ की थी। करिश्मा करीब 15 दिनों से मायके में ही थी, वहीं उसने ऐसा कदम उठाया। करिश्मा ने ऐसा कदम किस वजह से उठाया ? इस बारे में परिजन नहीं बता पाए।

# जातिवाद से मुक्त हो समाज : भागवत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कहा-हिंदुओं को एकजुट व सनातन परंपरा को दोबारा स्थापित करेंगे
- पूर्वी यूपी क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग और शिक्षा वर्ग में किया प्रतिभाग

**अमृत विचार :** शहर प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को स्वयंसेवकों से कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में है। पंच परिवर्तन के आधार पर सम्पूर्ण समाज एक बड़े परिवर्तन की ओर जा रहा है।

ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो, ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवन शैली का निर्माण करे, ऐसा समाज जो जातिवाद की विषमता से मुक्त हो, जहां मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय आजाद नगर में पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, सामान्य-विशेष और संघ शिक्षा वर्ग में सरसंघचालक ने भाग लिया। रविवार सुबह उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के लोगों के साथ शाखा की। इस दौरान उन्होंने कहा



कि संघ द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों से जुड़े साहित्य को हर घर तक पहुंचाना है।

पंच परिवर्तन पर विशेष जोर देते हुए कहा, सभी हिंदुओं को एकजुट करने का काम करना है। हर घर में संस्कार हों और लोग परिवार में एकजुट हों जिससे सनातन परंपरा को हर घर में दोबारा स्थापित किया जा सके।

## सार-संक्षेप

### बंद पड़े मकान में लगी आग भगदड़ मची

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** दिलेर गंज जिला स्वर्गीय अरुण गुप्ता के बंद पड़े मकान में अचानक आग लग गई। आग का धुआं उठने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अज्ञात कारणों से आग लगने की बात कही जा रही। बंद मकान में काफी पेड़ और घास उग आई थी। ईद की नमाज के दौरान क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय भी मौके पर पहुंचे। अरुण गुप्ता का परिवार और उनके समस्त भाई अलग-अलग मकान में रह रहे हैं इस बंद पड़े मकान में बड़ी संख्या में घास और झाड़ियां तैयार हो गई जिनमें अचानक आग लग गई। आग लगने और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने के बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई।

### खेल-खेल में छात्र गर्रा नदी में गिरा, डूबने से हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** साण्डी थाने के नोनखारा कसहा निवासी जलालउद्दीन का आठ वर्षीय पुत्र समीर गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। भाइयों में एक बड़ा और एक उससे छोटा व दो बड़ी बहनें है। शनिवार को समीर अपने पिता के लिए खेत पर खाना ले गया था, वहीं से उछलते-कूदते हुए वापस लौट रहा था, उसी बीच रास्तें में उसने गर्रा नदी में नाव पड़ी देखी, वह उसमें बैठने लगा, तभी अचानक वह नदी में गिर कर गहरे पानी में डूब गया। इसका पता होते ही उसे बचाने की कोशिश की जाने लगी, लेकिन फिर भी उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### युवक की गर्रा नदी में डूब कर मौत

**संवाददाता, सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** बरौली पुल से नदी में कूदे युवक का दूसरे दिन गोताखोरों ने शव बरामद किया, जिसे पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के कोले गांव निवासी 35 वर्षीय सोनू पुत्र रामसागर गुरुवार की शाम बरोली पुल से गर्रा नदी में छलांग लगा दी थी इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश करनी शुरू कर दी थी शनिवार की सुबह गोताखोरों ने नदी से उसका शव बरामद कर लिया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना कोतवाली के रामनगर कुकुही निवासी 50 वर्षीय संजय गुप्ता पुत्र राजाराम गुप्ता सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट की एक केमिकल फैक्ट्री में नौकरी करता था। वह दो भाइयो में छोटा था, उसके परिवार में पत्नी रेनू के अलावा तीन बेटे ललित, शिवम व पकंज और एक बेटी अंजलि है। संजय गुप्ता शुक्रवार की शाम को ड्यूटी करने के बाद बाइक से वापस आ रहा था, उसी बीच एनएच-731 पर पेप्सिको के कुछ आगे पेट्रोल पंप के पास उसे पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसी बीच हाई-वे पर पेट्रोलिंग कर रही एम्बुलेंस-1033 से उसे सीएचसी कछौना पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है।

### माइनर के किनारे खेत में पड़ा मिला शव

**अमृत विचार, हरदोई :** नशे की लत के चलते इधर-उधर घूमने वाले युवक का शव माइनर के किनारे खेत में पड़ा देखा गया। पुलिस ने उसे अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। रविवार की दोपहर कोतवाली देहात के खेरौली गांव के बाहर माइनर के किनारे खेत में एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। शव की शिनाख्त कोतवाली शहर के लालपालपुर निवासी अनिल कुमार यादव पुत्र भोला नाथ यादव के रूप में की गई। अनिल नशे का आदी था, उसके मां-बाप की काफी पहले मौत हो चुकी थी, बड़ा भाई रामशरण यादव पंजाब नगर निगम में नौकरी करता है।छोटे भाई सुनील की साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी थी। नशे के चलते अनिल की शादी नही हुई थी, वह गांव में अकेले रह कर इधर-उधर घूमा-फिरा करता था।

### गर्भवती की मौत, दोनों पक्षों में नोकझोंक

**हरदोई, अमृत विचार :** निजी हास्पिटल में गर्भवती की मौत के बाद उसके मायके वालों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने हस्तक्षेप कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के बिलग्राम चुंगी लक्ष्मीपुरवा निवासी चंदन गुप्ता की 26 वर्षीय गर्भवती पत्नी पिंकी गुप्ता को शुक्रवार की शाम बिलग्राम रोड पर एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका इलाज होने लगा, वहीं शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही शाहजहांपुर से उसके मायके वाले आ गए।

# यूट्यूब से सीखा फर्ज़ीवाड़ा और बन गया ग्राम विकास अधिकारी

संवाददाता, हरदोई

- पुलिस की सख्ती के आगे उगल दिया लूट का सच

**अमृत विचार।** पुलिस ने दूध का दूध और पानी का पानी अलग-अलग करते हुए शाहजहांपुर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी का सारा फर्ज़ीवाड़ा बेनकाब कर दिया। चारे के खेत में बेहोश पड़ा शख्स जोकि ग्राम पंचायत अधिकारी बताया गया था। होश में आने के बाद उसने अपने साथ तीन लाख 6 हज़ार की लूट होना बताया, लेकिन एसपी के कड़े एक्शन पर सारा फर्ज़ीवाड़ा सामने आ गया। खुद उसी ने बताया कि उसने यूट्यूब से फर्ज़ीवाड़ा सीखा और फर्ज़ी ग्राम पंचायत अधिकारी बन कर आगे क्या हुआ, सारा किस्सा सामने रख दिया।

बताते चलें कि बेहटा गोकुल थाने के सिधौली निवासी सनोज कुमार राठौर पुत्र गंगा सिंह शाहजहांपुर के तिलहर में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात बताया गया था। वह शुक्रवार को ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहा था, लेकिन पहुंचा नहीं। उसके इस तरह से गायब होने से घर वाले डर गए और उसे ढूंढने लगे, लेकिन उनकी तमाम कोशिशों के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो शाहाबाद कोतवाली में तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इसका पता होते ही एसपी नीरज कुमार जादौन ने सर्च आपरेशन के लिए कई थानों की पुलिस को तैनात किया। उसी बीच शनिवार की सुबह सनोज कुमार राठौर शाहाबाद कोतवाली के दाउदपुर में एक चारे के खेत में बेहोश पड़ा मिला। इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां कुछ देर में उसे होश आया।



पकड़ा गया सनोज कुमार राठौर।

सनोज ने बताया कि उसके पिता ने खेत खरीदने के लिए रुपये मांगे थे, शुक्रवार को उसने शाहजहांपुर से तीन लाख 6 हज़ार रुपये निकाले और घर के लिऐ चल दिया, शाहाबाद पहुंच कर वह आटो से जा रहा था, उसी बीच बाइक पर सवार दो लोगों ने पीछे से उसके चेहरे को रुमाल से दाब दिया, उसके बाद क्या हुआ ? उसे कुछ नही पता। उसका बैग जिसमें रुपये थे, गायब है। इतना सब सुनने के बाद पुलिस को कुछ शक हुआ, उसने सख्ती की तो सनोज टूट गया और बताया कि दरअसल वह ग्राम पंचायत अधिकारी नहीं है, उसने यूट्यूब देख कर फर्ज़ीवाड़ा किया था। उसने लूट की बात भी झूठी बताई और कहा कि उसके साथ ऐसी कोई वारदात नहीं हुई। सनोज ने अपना फर्ज़ीवाड़ा आन कैमरा कुबूल किया है।

## जमीन के सौदे में धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता,** बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धरसनिया में जमीन के सौदे के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। लिखित शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित अजय कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र में कहा है कि उन्होने ग्राम धरसनिया में भूमि खरीदने के लिए 23 दिसंबर 2023 को पवन कुमार पुत्र ईश्वरदीन और प्रतिमा यादव पत्नी राजकुमार को 1,50,000 नकद भुगतान किया था। इसके बाद 2 अक्टूबर 2024 को अजय ने उक्त भूमि के एवज में 20,000 और नकद दिए। बताया गया कि यह सौदा प्रदीप कुमार उर्फ़ बादल निवासी मुबारकपुर गदिया की मध्यस्थता में हुआ था लेकिन 23 मई को जब अजय ने ज़मीन का कब्ज़ा मांगा, तो आरोपितों ने ना तो ज़मीन देने को तैयार हुए और ना ही पैसे वापस करने को राज़ी हुए। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित ज़मीन पर पहले से किसी अन्य व्यक्ति का कब्ज़ा है। घटना से आहत पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## फंदे से लटक ई-रिक्शा चालक ने दी जान

**अमृत विचार, उन्नाव:** दही थानांतर्गत शहर के मोहल्ला लोधनहार निवासी रवि राजपूत (25) पुत्र राकेश शनिवार शाम घर के आंगन में पड़े लोहे के जाल में रस्सी के फंदे से लटक गया। किसी काम से पहुंची छोटी बहन शिवानी ने उसे लटका देख शोर मचाया। इस पर मां सहित व दौड़े और उसे फंदा काटकर नीचे उतारकर जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही मां विमला, छोटा भाई शिवम व बहन शिवानी बेहाल हो गई। कल्याणी मोहल्ला में टेलर की दुकान किए पिता राकेश ने बताया कि घटना के समय वह दुकान में था और पत्नी अंदर कमरे में काम कर रही थी। बेटी बाहर गई थी। लौटने पर उसने बेटे को लटका देखा।

# सरयू नदी में नहाते समय दो बच्चों की डूबकर मौत

## मामा की शादी में बहराइच से आए थे मौसेरे भाई, परिजन गमगीन

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बदोसरांय थाना क्षेत्र शनिवार की दोपहर दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया। मामा की शादी में ननिहाल आए दो मासूम मौसेरे भाइयों की सरयू नदी में डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद कोहराम मच गया। अभिभावकों का विलाप हर किसी को द्रवित कर गया वहीं आयोजन की खुशियां धरी की धरी रह गईं।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलीनगर के रहने वाले रामानंद पाल के छोटे भाई देशराज की शादी पांच जून को थी। इस मौके पर रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था। शादी के बाद शनिवार को गौना की रस्म हो रही थी। घर के अधिकांश पुरुष सदस्य बाहर गए हुए थे। दोपहर करीब एक बजे


सत्यम।


विवेक।

रामानंद पाल के दोनों भांजे सत्यम 13 पुत्र रमेश पाल निवासी ग्राम मदरही तथा विवेक 12 पुत्र पंकज निवासी ग्राम रेठौड़ा थाना जरवल जिला बहराइच गांव के अन्य बच्चों संग खेलने निकल गए। खेलते-खेलते सभी बच्चे करीब एक किलोमीटर दूर बह रही सरयू नदी के किनारे पहुंच गए। वहां पानी देखकर दोनों मासूम नहाने लगे और देखते ही देखते गहराई में चले गए। साथ गए बच्चों ने जब उन्हें डूबते देखा तो गांव की ओर दौड़ पड़े।

### शारदा नदी में डूबा लखीमपुर का युवक

**तंबौर, सीतापुर :** रिश्तेदारी में आया लखीमपुर खीरी का युवक शारदा नदी के गहरे पानी में डूब गया। नदी में डूब गए युवक की तलाश की जा रही है। तंबौर थाना क्षेत्र में फूलपुर गांव में लखीमपुर खीरी जनपद के खमरिया थाना क्षेत्र का लालपुर निवासी सरोज कुमार अपनी रिश्तेदारी में तंबौर के फूलपुर गांव आया था। बताते हैं कि नजदीकियों के साथ सरायन नदी के एक छोर पर पहुंचा और नहाने लगा। अचानक उसका पैर गहरे पानी में समा गया। युवक को डूबता देख किनारों पर मौजूद ग्रामीणों में खलबली मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। तंबौर थाने की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया।

### महंत के जन्मोत्सव पर संत सम्मेलन आज

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के जन्मोत्सव पर्व पर सोमवार को संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, लेकिन इसके पूर्व रविवार को बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री सुजीता कोइराला समेत संत धर्माचार्य भी शामिल हुए। इस उत्सव में श्रीराम कथा की सुधा वृष्टि करते हुए प्रख्यात कथा व्यास डॉ. रामानंद दास ने कहा कि कि श्रीराम कथा विश्व कल्याणदायिनी है। लोक मंगलकारी बताया है। प्रभु श्रीराम का आचरण एवं व्यवहार अपनाने से जीवन आनंदमय हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्रीराम कथा के माध्यम से मानव जीवन संबंधों की महत्ता स्थापित की है। इससे पहले मंदिर के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने व्यासपीठ का पूजन किया।

### मंदिरों में सजाई गई फूल बंगले की झांकी


हनुमानगढ़ी


कनक भवन


लाल साहब दरबार

**अयोध्या, अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में कनक भवन में बिहारी सरकार, लाल साहब मंदिर व हनुमानगढ़ी में फूल-बंगले की झांकी सजायी गई। दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पौराणिक मंदिरों में प्राचीन परंपरागत रूप से मंदिर में विराजमान भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए फूल-बंगले की भव्य झांकी के आयोजन की परंपरा आज भी प्रवाहमान है। इस भव्य झांकी उत्सव में गेंदा, गुलाब, जारबेरा, आर्केट, इन्डोरीयम, डेजी, गुलदावरी, रजनीगंधा, चांदनी के फूलों का उपयोग किया गया।

## गोकशी के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिले के बंधुआंकला और अखंडनगर थानाक्षेत्र में पुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो आरोपी घायल हुए हैं, जबकि दो फरार हो गए। बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी क्षेत्र में पड़वापुर ऊंचगांव के पास नहर के किनारे झाड़ियों में 2 जून को 4 जानवरों के कटे हुए अवशेष पड़े पाए गए थे। जिसकी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने पशुओं के अवशेष को जमीन में गड़वा दिया। गोकशी में पांच लोगों के नाम प्रकाश में आए। आनन फानन में पुलिस ने 3 जून को रवि उल्ला व जफरे आलम निवासी चटिया हसनपुर थाना बंधुआ कला तथा मो. इरफान निवासी कोटिया थाना कुड़वार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में वांछित मोहसिन पुत्र अफरोज व नसीम उल्ला पुत्र नियामत उल्ला निवासी चटिया हसनपुर थाना बंधुआ कला बाइक से हसनपुर की तरफ आ रहा था। तभी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों बाइक लेकर फायरिंग करते हुए पलहीपुर गांव की तरफ भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बाइक चालक मोसिम उर्फ मोहसिन पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

## मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पहले मिला विस्फोटक का जखीरा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे से एक दिन पहले बहराइच में विस्फोटक का जखीरा मिला है। इससे अधिकारियों के होश उड़ गए। विस्फोटक महसी इलाके के सिकंदरपुर, बालासराय व साधुवापुर के गावों से बरामद हुआ है। यह विस्फोटक खेत में जमीन खोदकर छुपाया गया था। घटना के बाद क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई है। बताया जा रहा है कि करीब 500 किलो विस्फोटक पुलिस ने बरामद किया है। ग्रामीण बताते हैं कि सूचना


विस्फोटक की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे भाजपा विधायक और अधिकारी।

पर विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इतनी बड़ी मात्रा पर विस्फोटक मिलने पर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि बिना किसी अनुमति क्षेत्र में किसी अज्ञात कंपनी द्वारा इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक कैसे एकत्र किया जा रहा था। उन्होंने जांच करके आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ सब पर कड़ी कार्रवाई की बात कही।

वहीं विधायक ने विस्फोटक मिलने के बाद सीएम का दौरा रद्द करने की अपील की। विस्फोटक की जांच के लिए सीतापुर से बम स्क्वायड टीम बुलाई गई है।

## हिस्ट्रीशीटर की 10.86 लाख रुपये की संपत्ति जब्त

कार्रवाई

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** आपराधिक कृत्यों से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के लिए थाना तंबौर पुलिस ने अभियान चलाया। जिलाधिकारी के आदेश पर हिस्ट्रीशीटर छोटकन्ने लाल पुत्र कुंवर बहादुर निवासी ग्राम जालिमपुर मड़ेरुआ, थाना तम्बौर की संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत जब्त किया गया।

अपराधी छोटकन्ने लाल पर अवैध शस्त्र, हत्या के प्रयास, चोरी सहित एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह एक संगठित आपराधिक गिरोह का सरगना है, जो आर्थिक लाभ के लिए गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा है। अभियुक्त की आय का कोई वैध स्रोत नहीं पाया गया है। थाना सिधौली पर धारा 2बी(1)/3(1) गैंगेस्टर एक्ट में की गई विवेचना के आधार पर पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलित कर धारा 14(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट 1986 के तहत जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई, जिसके आधार पर 0.543 हेक्टेयर कृषि भूमि अनुमानित लागत लगभग 10,86,000 को कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया गया। यह भूमि ग्राम जालिमपुर मड़ोर, परगना तम्बौर, तहसील लहरपुर में स्थित है। कुर्की की कार्रवाई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण की गई।

## राजाराम के विराजमान होने से दुनिया में अयोध्या की चर्चा : ब्रजेश पाठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्री सरयू जयंती महोत्सव में व्यास पीठ से श्री हनुमत निवास पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज ने बताया कि रूप, धाम और लीला तीनों राम के अधीन हैं। राम नाम से बड़ा कुछ भी संसार में नहीं है।


अयोध्या में आयोजित सरयू महोत्सव में मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

महोत्सव के तृतीय दिवस का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपनी पत्नी के साथ किया। कहा प्रभु श्री राम की लीला का वर्णन जितनी बार सुना जाए। हर बार कुछ नया सीखने और सुनने को मिलता है। श्रीराम की कृपा से अयोध्या धाम पूरे देश दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। राम राज्य के समय जी राजधानी की कल्पना की गई थी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में राजाराम के विराजमान होने के बाद पहली बार दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस बार का कोविड बिल्कुल खतरनाक नहीं है। केवल सर्दी जुकाम और बुखार तक ही सीमित है। पूरी सतर्कता के साथ निगरानी की जा रही है। देर शाम ब्रजेश पाठक राम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल होने पहुंचे।

### राममंदिर समेत प्रमुख स्थानों पर शुरू होगी कोरोना की जांच

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** देश में बढ़ते कोरोना मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार से एंटीजन टेस्ट की शुरुआत की जा रही है। यह पहली बार है कि कोरोना के इस तीसरे फेज में अब तक जिले में कोई केस नहीं मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर स्तर पर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार से जनपद में कोविड के एंटीजन टेस्ट होंगे। राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, एयरपोर्ट, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन, अयोध्या धाम बस स्टेशन और अयोध्या कैंट बस स्टेशन पर एंटीजन टेस्ट टीम द्वारा किए जाएंगे। इसके अलावा जनपद के सभी 14 सीएचसी पर एंटीजन टेस्ट दो शिफ्ट में होंगे। सीएमओ डॉ सुशील कुमार बनियान ने बताया कि जनपद में 14 सीएचसी, दो बस स्टैंड दो रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के साथ ही राम मंदिर व हनुमानगढ़ी पर भी श्रद्धालुओं के कोविड टेस्ट किए जाएंगे। उन्होंने कहा कोविड का एक भी केस रामनगरी में नहीं है लेकिन एहतियात बरतना जरूरी है। पहले से ही सावधानी बरतनी चाहिए। मास्क जरूर लगाएं, सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें और हो सके तो उचित दूरी बनाए रखें।

## डॉक्टर-स्टाफ से हाथापाई, माइनर ओटी में तोड़फोड़

अयोध्या कार्यालय

▸▸ जिला अस्पताल में चोटिल युवक संग आए लोगों ने काटा हंगामा

**अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी में असामाजिक तत्वों के द्वारा चिकित्सक व स्टाफ के साथ अभद्रता व हाथापाई किए जाने का मामला सामने आया है। तकरीबन डेढ़ से दो दर्जन लोगों ने जमकर घंटों हंगामा किया। इस दौरान तोड़फोड़ भी की, जिसमें कुछ सरकारी सामान क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई है। अस्पताल प्रशासन की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।

पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक शनिवार को अयान पुत्र मेराज निवासी पलिया शाहाबादी को इलाज के लिए डॉ. आसिफ खान व कुछ अन्य साथी लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि माइनर ओटी में इलाज



जिला अस्पताल की माइनर ओटी का घटना सीसीटीवी में कैद एवं क्षतिग्रस्त सक्शन मशीन।

के दौरान मरीज के साथ आये कुछ असमाजिक तत्वों ने डॉक्टर विशाल चौधरी, फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव और वार्ड ब्वॉय सत्यम से हाथापाई की। डॉ. विशाल के गले में लटके आला को पकड़कर भी खींचा।

घटना के दौरान इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी मच गई और कई सरकारी उपकरणों को नुकसान पहुंचाया गया। अस्पताल इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर के अनुसार, मरीज को गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर किया था, परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए मरीज को प्राइवेट एंबुलेंस से ले जाने का फैसला किया। घटना के बाद डॉक्टर विशाल चौधरी ने नगर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

> हेड इंजरी का केस था। डॉक्टर मरीज को मेडिकल कॉलेज रेफर कर रहे थे। कुछ अज्ञात लोग लखनऊ ले जाने की जिद पर अड़ गए और डॉक्टर के साथ अभद्रता की। तोड़फोड़ भी की। गार्ड कुछ ही मिनटों में पहुंच गए थे। बाद में स्थिति को काबू कर लिया गया। कोतवाली में तहरीर दी गई है। - डॉ. अजय चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक

> तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। - शैलेंद्र सिंह, सीओ सिटी

### संकट मोचन मंदिर में भंडारे का आयोजन



**लखनऊ, अमृत विचार :** आदिज्योति सेवा समिति के तत्वावधान में ज्येष्ठ माह के चलते एशबाग मोतीझील कालोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में मुख्य रूप से बच्चों की मांग पर विशेष रूप से मैक्रोनी बनवाई गई। भंडारे के आयोजन में विशेष सहयोग टुफैक्स इंफ्रा प्रा. लि. का रहा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष ज्योति ने दी।

## हनुमान जी महाराज का पाटोत्सव आज

**लखनऊ, अमृत विचार:** मलिहाबाद स्थित श्री गोपेश्वर गौशाला में विराजे श्री चिंता हरण हनुमान जी महाराज का 11वां पाटोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें जालंधर से पधार रहे दुर्गेश शास्त्री संगीतमय श्री सुंदरकांड का पाठ करेंगे। इसके बाद भंजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम में लगभग 5000 भक्तों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। बाद में भगवान का 151 थारों में छप्पन भोग लगेगा। श्री नृत्यकेश्वर महादेव मंदिर समिति व बुद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के द्वारा भव्य गंगा आरती होगी। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा।


श्री चिंता हरण हनुमान मंदिर में स्थित सरोवर में जलाए गए दीप। अमृत विचार

### वर्ग पहेली- 456

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि, सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब, जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।




### वर्ग पहेली -455 का हल




### सुडोकू -3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | 2 | | | | 1 | |
| | 3 | | | 8 | | | | |
| 2 | 1 | 6 | | | 4 | | | 5 |
| | 5 | | | 3 | | 6 | 9 | |
| | | 1 | | | | 8 | | |
| | 9 | 2 | | 7 | | | 4 | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | 2 | 6 |
| | | | | 5 | | | 3 | |
| | 2 | | | | 6 | | 7 | 4 |

### सुडोकू - 2 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी-09.35 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा 03.31 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। घर और ऑफिस में बड़ी ज़िम्मेदारी उठा सकते हैं। शरीर में ताजगी महसूस होगी। अल्पश्रम से अधिक लाभ की प्राप्ति होगी। परिवार के सभी सदस्य आपके खुश रहेंगे। खट्टा भोजन करने से बचें।

**वृष** — आज कानूनी मामलों में विजय प्राप्त होगी। जॉब में इच्छित स्थानान्तरण मिल सकता है। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहें। अपने विचारों को महत्व देंगे। गठिया के रोगियों का कष्ट बढ़ सकता है। कठिन संघर्ष के बाद ही काम बनेंगे।

**मिथुन** — आज नव दपंतियों के मध्य प्रेम बढ़ेगा। फिल्म और चिकित्सा क्षेत्र में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर रहेंगे। मित्र आपकी मदद करने का प्रयास करेंगे। अधिकारी आपकी योग्यता से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** — आज आपको परिजनों का विशेष स्नेह मिलेगा। जॉब में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर पायेंगे। दांपत्य जीवन में आपसी समन्वय बढ़ेगा। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आने के योग बन रहे हैं। उच्चाधिकारियों के साथ संबंध खराब न करें।

**सिंह** — आज जीवनसाथी को पूरा समय दें। संतान की उन्नति से प्रसन्नता होगी। कुछ नया काम करने की इच्छा रहेगी। परिवार और दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मार्केटिंग और प्रमोशन आदि से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में निकटता का एहसास होगा।

**कन्या** — आज आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। नए विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। अपनी प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग कर पायेंगे। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र आचरण पर लोग मुग्ध रहेंगे।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर निर्णय लें। ऑफिस में सभी तकनीक समस्याओं को दूर करने में सफल होंगे। मीडिया से जुड़े जातकों की आय बढ़ सकती है। मानसिक रूप से शांत रहेंगे। आपके काम की ऑफिस में प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक** — आज शासकीय कर्मचारियों के लिए समय उत्तम है। नवीन पदस्थापना मिल सकती है। घर में मेहमान आ सकते हैं। सर्विस सेक्टर से जुड़े व्यवसायों में तेजी देखने को मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य की छोटी-छोटी समस्याओं से पीड़ित रहेंगे।

**धनु** — आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। राजनीति में आपकी पकड़ मजबूत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। सेहत की दृष्टि से समय अच्छा है लेकिन लापरवाही न करें।

**मकर** — आज आप बचत और आय दोनों पर ध्यान देंगे। लवमेट्स के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपके कार्य की अच्छी प्रशंसा हो सकती है। समय पर सभी काम पूरा कर लेंगे। किसी खास व्यक्ति से बहुप्रतीक्षित मुलाक़ात होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। बीमार जातकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह कर पायेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र के मध्य में लाभ की स्थितियां बनेंगी। बॉस आपकी मेहनत और लगन की प्रशंसा भी करेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा। किसी विशेष कार्य के लिए शानदार अवसर मिल सकते हैं। कोई गुप्त बात आपको पता लग सकती है।

## एक नजर

### समर स्पेशल ट्रेन का होगा संचालन

**मुरादाबाद :** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा जोधपुर से गोरखपुर के मध्य एक साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यह ट्रेन संख्या 04829-04830 के रूप में चलेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या- 04829 (जोधपुर-गोरखपुर) प्रत्येक गुरुवार को 12 जून से 26 जून तक चलाई जाएगी, कुल तीन फेरे होंगे। वहीं, ट्रेन संख्या-04830 (गोरखपुर-जोधपुर) प्रत्येक शुक्रवार को 13 जून से 27 जून तक संचालित होगी, जिसमें भी कुल तीन फेरे निर्धारित हैं।

### केदारधाम पहुंचे थलसेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी

**देहरादून :** थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि जनरल द्विवेदी पूर्वाह्न केदारनाथ धाम पहुंचे और मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर देश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंदिर में दर्शन के बाद मंदिर समिति की ओर से जनरल द्विवेदी को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया गया। थलसेना अध्यक्ष ने बाद में सीमांत क्षेत्र में सैनिकों से मुलाकात की।

### मकान बेचने के नाम पर एक करोड़ की ठगी

**मुरादाबाद :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक के मकान के सौदे में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के दीनदयालनगर फेज प्रथम निवासी पीड़ित विकास दिवाकर की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों पर जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगा है।

# ब्लैक लिस्ट फर्म को ठेका देने के दोषियों पर कार्रवाई की तैयारी

## टेंडर की शर्तों की अनदेखी करने में फंसे नगर निगम के अधिकारी

कार्यालय संवाददात, बरेली

- ब्लैक लिस्टेड कंपनी को नगर निगम में दिया गया था ठेका
- दोषी अधिकारियों व फर्म पर हो सकती है इसी सप्ताह कार्रवाई

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी से करीब पांच साल पहले ब्लैक लिस्टेड हुई फर्म को नगर निगम में सवा पांच करोड़ रुपये का ठेका देने के मामले में दो अफसर जांच के घेरे में आ गए हैं। जांच समिति के रिपोर्ट आधार पर इन के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है, जबकि फर्म को नगर निगम से ब्लैक लिस्टेड किया जा सकता है। जांच रिपोर्ट में कुछ अफसरों की भूमिका गलत पाए जाने पर अधिकारी सख्त रुख अख्तियार करने की तैयारी में है।

आगरा की परमार कंस्ट्रक्शन को वर्ष 2024 में नगर निगम के उद्यान विभाग में डिवाइडर, पार्क आदि स्थानों पर लगे पौधों की देखभाल, सिंचाई आदि का टेंडर मिला था, जबकि इस फर्म को स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 अक्टूबर 2020 में फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाकर टेंडर हासिल करने के आरोप में ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था। तत्कालीन नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी के सीईओ अभिषेक आनंद के आदेश पर आगरा की परमार कंस्ट्रक्शन की जमानत राशि भी जब्त कर ली गई थी। इसके बाद भी नगर निगम के अधिकारियों ने 5 नवंबर 2024 को टेंडर की शर्तों में हेरफेर करके 5.28 करोड़ रुपये का ठेका दे दिया। टेंडर के अनुसार इसे दो साल तक 125 माली व कर्मचारी रखकर शहर के 320 पार्कों और 22 डिवाइडरों पर लगे पौधों की देखभाल करनी है।

> जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी होगा उस पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।
> -संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

फर्म का फर्जीवाड़ा अप्रैल 2025 में खुलने के बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने जांच बैठा दी और फर्म को काम करने से रोक दिया गया है। जांच कमेटी में उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, लेखाधिकारी अनुराग सिंह को शामिल गया है। अब जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है। निगम के सूत्रों के अनुसार दो अधिकारियों तक जांच की आंच पहुंच सकती है। टेंडर समिति में तत्कालीन अपर नगर आयुक्त सहित कई अन्य अधिकारी थे। नगर आयुक्त ने फर्म को नोटिस देकर जवाब मांगा था लेकिन सही जवाब नहीं मिला है। अब कार्रवाई की तैयारी की सुगबुगाहट गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और फर्म तक पहुंची है तो हड़कंप मच गया है।

### फर्म ने छिपा ली जानकारी

**बरेली :** जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि फर्म ने ब्लैक लिस्टेड होने की बात को टेंडर लेते समय छिपा लिया। शपथ पत्र में भी इसकी जानकारी नहीं दी है, जबकि कुछ अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी थी, लेकिन वह भी झूठी बातों को अनदेखी कर दिए। इसके कारण वह टेंडर लेने में कामयाब हो गई। इसे साफ जाहिर होता है कि विभागीय मिलीभगत रही है।

### रिटर्न दाखिल करने में हीलाहवाली अब व्यापारियों को पड़ेगी भारी

**अमृत विचार, बरेली :** अब जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में व्यापारियों की मनमानी नहीं चलेगी। लेट-लतीफी करने पर उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। सरकार के इस फैसले की सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) सराहना करते हुए स्वागत योग्य बता रहे हैं। अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1 ओपी तिवारी के अनुसार, मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत में करीब एक लाख 53 हजार कर दाता हैं, जिन्होंने जीएसटी में पंजीकरण करा रखा है। हालांकि, इसमें सबसे ज्यादा बरेली में 75 हजार के करीब करदाता हैं। जीएसटी के नियमों के अनुसार, व्यापारियों को हर तिमाही और वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होता है, जिसमें वह तीन माह और साल भर के व्यापार की स्थिति का लेखा-जोखा जमा करते हैं, मगर ऐसे भी कई व्यापरी है जो ऐसा नहीं करते।

### छह जेई व दो एसडीओ के हुए ट्रांसफर

**बरेली :** दो दिन पहले सर्किट हाउस में बिजली की अव्यवस्था को लेकर बैठक में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार की नाराजगी के बाद मुख्य अभियंता ने दो एसडीओ और छह जेई के तबादले कर दिए। शहर और देहात में हो रही कटौती और फाल्ट की वजह से उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही थी। इस व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कुछ को शहर से देहात तो कुछ को देहात से शहर भेजा है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने शहर में तैनात एसडीओ राम खिलावन को कॉमर्शियल द्वितीय से हटाकर बहेड़ी और बहेड़ी में तैनात एसडीओ अमित गंगवार को कॉमर्शियल सेकंड में भेजा गया है। वहीं शहर में तैनात जेई गोविंद चौहान समेत छह के भी तबादले किए गए है।

# युवतियों के वीडियो वायरल करने पर हैदरी दल के सदस्यों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- एसएसपी के निर्देश पर एसआई नितिश राणा ने कोतवाली में तहरीर देकर दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** बकरीद के दिन गांधी उद्यान में युवतियों से अभद्रता करने और वीडियो वायरल कर उनकी पहचान उजागर करने वाले हैदरी दल के सदस्यों पर कोतवाली पुलिस ने एसआई नितीश राणा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

गांधी उद्यान में शनिवार को समुदाय विशेष की कुछ युवतियां दोस्तों के साथ घूमने आईं थी। इस दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और कहा कि वे हैदरी दल के सदस्य हैं। युवतियों से उनका नाम, पिता का नाम और धर्म पूछते हुए वीडियो बनाते रहे। आरोपियों के वीडियो बनाने पर युवतियां अपना मुंह छिपाते हुए वहां से हटने लगीं तो आरोपी धमकाने लगे। आरोपियों ने युवतियों के हिजाब पहनने पर भी ऐतराज जताया। कुछ देर बाद आरोपियों ने इंस्टाग्राम आईडी पर वीडियो वायरल कर दिए, जिससे युवतियों की पहचान उजागर हो गई। इसकी शिकायत हिंमाशु पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर की थी।

शिकायत के बाद आरोपियों ने वीडियो डिलीट करके इंस्टाग्राम पर स्टेट्स लगाया। शिकायत के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले को गंभीरता से लिया। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली में तैनात दरोगा नितीश राणा ने कोतवाली में इंस्टाग्राम आईडी सोफियान के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि आईडी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामला साइबर सेल को सौंपा गया है। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।

# भाई की डांट से क्षुब्ध बहनों ने खाया जहर, दोनों की मौत

संवाददाता, सहसवान(बदायूं)

- खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद अस्पताल में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** बदायूं जिले के कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली में दो बहनों में विवाद के बाद भाई ने डांटा तो उन्होंने विषाक्त पदार्थ (जहर) खा लिया। दोनों की हालत गंभीर होने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने एक युवती को मृत घोषित कर दिया, जबकि कुछ समय के बाद उसकी बहन की भी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।

सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली निवासी दो बहन मैरूल (17) और मैरीन उर्फ जीवा (18) पुत्री जवार के बीच रविवार को खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था। काफी समय तक दोनों में कहासुनी होती रही, जिसके चलते उनके भाई ने दोनों बहनों को डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर दोनों बहनों ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ समय के बाद दोनों बहनों की हालत बिगड़ गई। परिजन दोनों बहनों को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सक ने मैरीन उर्फ जीवा को मृत घोषित कर दिया और मैरूल का इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ समय के बाद उसकी भी मौत हो गई। सहसवान के उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# कब्र से फातिहा पढ़कर आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**अमृत विचार, बरेली :** ईद-उल-अजहा के मौके पर शनिवार को पिता की कब्र से फातिहा पढ़कर आ रहे माझा कारीगर को सड़क पार करते समय बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल कारीगर को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

- किला में सड़क पार करते समय बाइक ने मारी टक्कर

किला के स्वालेनगर निवासी अरमान (19) शनिवार को पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए गया था। उसके साथ उसका दोस्त फैज भी था। रिश्तेदार आमिर ने बताया कि फातिहा पढ़ने के बाद जब वह वापस आ रहा था, तभी रोड पार करते समय तेज गति से आ रही बाइक ने अरमान को टक्कर मार दी। हादसे में अरमान गंभीर रूप से घायल हो गया। फैज ने घटना की जानकारी परिजन को दी। अरमान की मौत से उसकी मां सबली का रो-रोकर बुराहाल है। अरमान तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। अरमान की मौत के बाद ईद की खुशियां मातम में बदल गईं। घटना के बाद आरोपी भाग गया। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली है।

# बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपी के पैर में लगी गोली कब्जे से पुलिस ने बरामद किया तमंचा और कारतूस



मुठभेड़ में घायल आरोपी रफीक को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार :** पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को बारादरी पुलिस ने पीलीभीत बाईपास से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के एक पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले रफीक ने शनिवार को दिन में करीब 4 बजे पड़ोस में रहने वाली बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। मुखबिर से रविवार रात को सूचना मिली कि आरोपी रफीक पीलीभीत बाईपास पर 99 बीघा के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी की घेराबंदी की। इस पर वह पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली आरोपी रफीक के बाएं पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी रफीक मूल रूप से बदायूं जिले के सहसवान के गांव शाहबाजपुर का निवासी है।

# मृतका को जीवित दिखा हड़प ली करोड़ों की जमीन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएसपी के आदेश पर सिविल लाइंस थाने में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों की जमीन हड़पने के मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने मृत महिला को जीवित दिखाकर कूट रचित दस्तावेज़ तैयार कर धोखाधड़ी से जमीन की रजिस्ट्री करा ली।

जनपद रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र स्थित गांव सैटाखेड़ा निवासी रमेश चंद्र ने एसएसपी सतपाल अंतिल को शिकायती पत्र देकर बताया कि 2009 में उसके पिता ने मुरादाबाद के गांव चतरपुर नक्टाखेड़ा में भूमि का आधा हिस्सा धर्मेंद्र से खरीदा था। यह जमीन उनकी माता फूलवती के नाम रजिस्टर्ड कराई गई थी, जिनका निधन 25 अप्रैल 2012 को हो गया था। जमीन की देखरेख का जिम्मा धर्मेंद्र को दिया गया था, लेकिन उसी ने साजिश के तहत राजेंद्र सिंह, रेहान अहमद, एक अज्ञात महिला समेत अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर एक फर्जी महिला को मृत फूलवती बताकर 21 अप्रैल 2022 को उक्त जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवा दी।



मुंबई में ईद-उल-अजहा के एक दिन बाद हाजी अली दरगाह पर नमाज अदा करने पहुंचे लोग। • एजेंसी

## उत्तराखंड

# चारधाम यात्रा : अब तक 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच

## केदारनाथ धाम में खुला 17 बेड का अस्पताल, उच्च जोखिम वाले श्रद्धालुओं को राहत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा इस बार सशक्त स्वास्थ्य ढांचे से जहां आसान हो रही है। वहीं, उच्च जोखिम वाले श्रद्धालुओं की जान बच रही है। स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा के दौरान संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।



स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के अनुसार, यात्रा मार्ग पर अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) की जा चुकी है। अब तक की स्क्रीनिंग में कई श्रद्धालु हाई ब्लड प्रेशर, सांस संबंधी समस्याएं या अन्य स्वास्थ्य स्थितियों से ग्रस्त पाए गए हैं। करीब 29 श्रद्धालुओं को आगे यात्रा न करने की सलाह देकर उन्हें सुरक्षा के दृष्टिकोण से वापस भेजा गया। वहीं, 369 श्रद्धालुओं को एंबुलेंस से और 33 को हेली एंबुलेंस सेवा से रेफर कर इलाज के लिए भेजा गया। सचिव डॉ. कुमार का कहना है कि, केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा को इस बार 17 बेड का नया अस्पताल भी सेवा में लाया गया है। चारधाम यात्रा मार्ग पर विशेषज्ञ डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की रिकॉर्ड तैनाती सरकार की गंभीरता को दर्शाती है। यात्रा मार्ग पर सशक्त स्वास्थ्य ढांचे के तहत सरकार की प्राथमिकता इस वर्ष केवल तीर्थयात्रियों की संख्या ही नहीं, बल्कि प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। इसके लिए हम तकनीक, विशेषज्ञता और मानव संसाधन तीनों पर समान रूप से कार्य कर रहे हैं।

- यात्रा मार्ग पर इस बार बरत रहे डिजिटल सतर्कता

रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जैसे चारधाम जिलों में इस बार 49 स्थायी स्वास्थ्य केंद्र और 20 मेडिकल रिलीफ पोस्ट को सक्रिय किया गया है। वहीं, ट्रांजिट जिलों, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी और पौड़ी में भी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा प्रारंभ बिंदुओं पर 57 स्क्रीनिंग कियोस्क लगाए गए हैं, जिनमें हरिद्वार और ऋषिकेश में 2-2, विकासनगर में 2 और पौड़ी के कालियासौड़ में 1 नया स्क्रीनिंग सेंटर जोड़ा गया है।

### ट्रेनिंग, जागरूकता और जनसहभागिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने केवल मेडिकल स्टाफ ही नहीं, बल्कि होटल, धर्मशाला स्टाफ, खच्चर चालकों और कुलियों को भी प्रशिक्षित किया है ताकि वे हाई रिस्क लक्षणों को पहचान सकें और समय पर रेफरल सुनिश्चित कर सकें। साथ ही, हाइपोथर्मिया जैसे जोखिम से बचाव हेतु भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है। ई-स्वास्थ्यधाम पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य डेटा की निगरानी और आपात स्थिति की त्वरित प्रतिक्रिया संभव हो पाई है। यात्रा मार्ग पर 154 एंबुलेंस तैनात हैं, जबकि पहली बार एम्स ऋषिकेश के सहयोग से हेली एंबुलेंस सेवा भी संचालित है।

# उत्तराखंड में भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- यूसीसी लागू करने पर मुख्यमंत्री ने मंगलौर में रैली को किया संबोधित

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को चेतावनी दी कि प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने पर हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र के लिब्बरहेड़ी में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए यह चेतावनी दी।

धन्यवाद रैली में सीएम धामी खुद ट्रैक्टर चलाकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। रैली में शामिल हुए लोगों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। इस दौरान उन्होंने हरिद्वार में करोड़ों रुपये के जमीन घोटाले के संबंध में हाल में की गई सख्त कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में आईएएस और पीसीएस समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि पिछले तीन वर्ष में भ्रष्टाचार में संलिप्त 200 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है।



गर्मी के मौसम के कारण लोग दूसरे राज्यों से देहरादून में छुट्टियां मनाने पहुंचे रहे है। रविवार को सहस्त्रधारा में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली, जो जलक्रीड़ा करते देखे गए। • एजेंसी

# नैनीताल की आबोहवा एक बार फिर हुई खराब

संवाददाता, नैनीताल

- धुंधला नजर आया आसमान जंगलों में भी लग रही आग

**अमृत विचार :** बेहिसाब वाहन और जंगलों की आग से नैनीताल की आबोहवा फिर खराब हो चली है। पॉल्यूटेड मैटर (पीएम) 2.5 के साथ पॉल्यूटेड मैटर (पीएम) 10 सामान्य से अधिक बढ़ चला है। जिसके चलते रविवार को आसमान धुंधला नजर आया।

मई के महीने में बारिश के चलते जंगलों की आग को विराम मिल गया था, मगर तीन दिन पहले मौसम सुधरते ही जंगलों में आग लगनी शुरू हो गई हैं। साथ ही पर्यटन सीजन के चढ़ने से बेहिसाब पर्यटक वाहन पहुंचने लगे हैं, जिससे नगर की हवा खराब हो रही है। रविवार को नगर की सुंदर वादियां धुंध के आगोश में रही। सामने की पहाड़ियों का दीदार मुश्किल हो गया। नगर में धुंध सुबह से ही पसरी हुई थी, जो शाम तक छाई रही। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि पीएम 10 की मात्रा 89 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर जा पहुंची है, जो सामान्य से 39 अधिक है और पीएम 2.5 की मात्रा 36 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रही, जो सामान्य से 16 अधिक है।

# अल्मोड़ा में खाई में गिरी कार, दो की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा



जैंती में गहरी खाई में गिरी कार।

- मरने वालों में पूर्व सैनिक और कार चालक

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में जैंती के पास रविवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बक्सवाड जैंती निवासी पान सिंह बिष्ट (37) पुत्र स्व. शिव सिंह, मेहरबान सिंह करायत (57) पुत्र स्व. जगत सिंह, निवासी ग्राम सुरचौरा जैंती और राहुल राय (19) पुत्र हरीश राय निवासी ग्राम बक्सवाड जैंती कार से जवाहरनेड़ी की तरफ जा रहे थे। इस दौरान चालक ने अचानक संतुलन खो दिया और कार करीब 200 मीटर खाई में जा गिरी। हादसे की जानकारी पर स्थानीय लोग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खाई से तीनों लोगों को निकाला लेकिन तब तक पान सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी जबकि पूर्व सैनिक मेहरबान सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

गंभीर रूप से घायल राहुल राय को लमगड़ा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एसओ राहुल राठी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

वहीं, मसूरी-देहरादन मार्ग पर रविवार को एक कार कोलुखेत पानी बैंड के पास खाई में जा गिरी। हादसे में ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश निवासी नैतिक और देहरादून निवासी अनुराग चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एक नजर

### आईएएस अफसर रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता विभाग ने शनिवार को कालाहांडी जिले के धर्मगढ़ में तैनात आईएएस अधिकारी को एक व्यापारी से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद उसके सरकारी आवास पर छापेमारी में 47 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। कालाहांडी जिले में धर्मगढ़ के एसडीएम के रूप में पदस्थ आईएएस अधिकारी को एक व्यापारी से 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए पकड़ा गया। यह राशि 20 लाख रुपये की एक किस्त के रूप में ली जा रही थी।

### पाकिस्तान से आई हेरोइन की खेप बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की और दो प्रमुख ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरदित्ता उर्फ कालू और कैप्टन को गांव भकना के पास गिरफ्तार किया, जब वे मोटरसाइकिल पर उच्च श्रेणी की हेरोइन की खेप ले जा रहे थे। यह खेप पाकिस्तान स्थित हैंडलरों ने पंजाब में वितरण के लिए भेजी थी।

### भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 6000 के पार

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आए जिसके बाद इस संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुईं, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुईं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है।

# मणिपुर के कई जिलों में लगा कर्फ्यू

## मेइती नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में निषेधाज्ञा तोड़कर विरोध प्रदर्शन

**इंफाल, एजेंसी**

- प्रदर्शनकारियों ने कई वाहन फूंके पांच दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद

मणिपुर में मेइती संगठन के नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर के आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने कहा कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित की है।

अरामबाई टेंगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से मणिपुर में 10 दिवसीय बंद की घोषणा की है। गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए, प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहनों समेत करीब पांच वाहनों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में अब तक करीब दस लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। गौरतलब है कि सीबीआई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए, पत्थर और लकड़ियां जमा कीं। हिंसा को देखते हुए राजभवन और एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़कों पर सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा बल तैनात हैं।



हिंसा के बाद राजधानी इंफाल में तैनात सुरक्षाबल। ● एजेंसी

### राज्यपाल ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बीच विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया और सामान्य स्थिति बहाल करने में हस्तक्षेप का आग्रह किया। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से संबंधित विभिन्न मामलों पर व्यापक चर्चा और समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा सलाहकार, डीजीपी, आयुक्त (गृह) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## चिराग का बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान

**आरा (बिहार)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज साफ शब्दों में कहा उनका गठबंधन सिर्फ और सिर्फ जनता के साथ है और वह बिहार और बिहारियों को फर्स्ट बनाने के लिए 243 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे।

चिराग ने रविवार को यहां रमना मैदान में लोजपा रामविलास के नव संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए कहा, जब ये सवाल पूछा जाता है कि क्या चिराग पासवान बिहार से चुनाव लड़ेगा तो हां, मैं बिहार से चुनाव लड़ूँगा। मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ूँगा, मैं बिहार की हर सीट से बिहार को फर्स्ट और बिहारियों को फर्स्ट बनाने के लिए चुनाव लड़ूंगा।

# राहुल सीधे पत्र भेजें, तभी निर्वाचन आयोग देगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नेता प्रतिपक्ष के आरोपों पर निर्वाचन आयोग ने किया साफ

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे।

सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है।

# सरकारी जमीन पर पुनर्वास दावों का समाधान न होने के आधार पर कब्जा नहीं रख सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अतिक्रमण के मामले में दी हिदायत

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं, जिसके आधार पर पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए पात्रता तय की जाती है।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए अपने आदेश में कहा, किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो। अदालत ने लगभग 1,200 लोगों से संबंधित याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया।

## नया प्रयोग



जयपुर पुलिस ने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पांच सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर का ट्रायल शुरू किया है। रविवार को हवा महल के पास इलेक्ट्रिक सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर पर गश्त करते जयपुर ट्रैफिक पुलिस के जवान। एजेंसी

### तंगी: गुजरात में पति-पत्नी और बेटे ने की आत्महत्या

**मेहसाणा।** गुजरात के मेहसाणा जिले में कथित रूप से आर्थिक तंगी के चलते एक दंपत्ति और उनके नौ वर्षीय बेटे ने नर्मदा नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक हार्दिक प्रजापति ने बताया कि धर्मेश पांचाल (38), उनकी पत्नी उर्मिला (36) और बेटे प्रकाश ने शनिवार को कडी कस्बे के पास आत्महत्या कर ली। प्रजापति ने कहा, उर्मिला और प्रकाश के शव शनिवार को मिले थे, जबकि धर्मेश का शव रविवार को निकाला गया। जिस कार से वे यहां पहुंचे थे, उसमें से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसकी जांच की जा रही है।

# जस्टिस वर्मा पर महाभियोग से बचने को इस्तीफा ही एक विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- संसद की ओर से हटाया गया तो जस्टिस वर्मा को नहीं मिलेंगे पेंशन और दूसरे लाभ

जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा पद से हटाने के लिए चलाई जाने वाली कार्यवाही से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है, क्योंकि सरकार कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने पर जोर दे रही है।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद हटाती है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार हाईकोर्ट का कोई न्यायाधीश, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित पत्र लिखकर अपना पद त्याग सकता है। न्यायाधीश के त्यागपत्र के लिए किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती। एक साधारण त्यागपत्र ही पर्याप्त है। न्यायाधीश पद छोड़ने के लिए संभावित तिथि बता सकता है। ऐसे मामलों में न्यायाधीश पद पर बने रहने के अंतिम दिन की तिथि के रूप में उल्लिखित दिनांक से पहले अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है।

संसद से हटाना न्यायाधीश को पद से हटाने का दूसरा तरीका है। तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कहा था, जो नकदी बरामदी से जुड़े विवाद में फंसे हैं। न्यायमूर्ति खन्ना की रिपोर्ट मामले की जांच करने वाले तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति के निष्कर्षों पर आधारित थी।

### रिजीजू ने मामले को बताया था थोड़ा अलग

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले सप्ताह कहा था कि ये मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि तत्कालीन सीजेआई द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट सौंप चुकी है। इसलिए क्या करना है, हम फैसला लेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए लेकिन पहले से की गई जांच को कैसे एकीकृत किया जाए, इस पर निर्णय लेने की जरूरत है। कहा, नियमानुसार एक समिति बननी चाहिए और फिर समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसे सदन में पेश किया जाएगा और न्यायाधीश को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी।

# लोको पायलट के लिए विश्राम नियम बदले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेल मंत्रालय के आदेश को अवैध बताते हुए विरोध जताया

रेल मंत्रालय ने रेलवे के विभिन्न जोन और मंडलों में अपनाए जाने वाले अलग-अलग नियमों में एकरूपता लाने के मकसद से ट्रेन चालक दल के सदस्यों के लिए 'आउटस्टेशन' विश्राम नियमों को बदलने की घोषणा की है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर इस कदम पर विरोध दर्ज कराया है और इसे अवैध आदेश बताया है।

एसोसिएशन का कहना है कि यह आदेश मंत्रालय के पिछले आदेशों का उल्लंघन करता है। रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) के महाप्रबंधक के नाम मंत्रालय की ओर से तीन जून को जारी परिपत्र में कहा गया कि ट्रेन परिचालन के दौरान उसमें ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए कार्य अवधि के संदर्भ में 'आउटस्टेशन' विश्राम नियम छह प्रकार के हैं।

परिपत्र के अनुसार, ट्रेन में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को आठ घंटे ड्यूटी करने पर आठ घंटे का विश्राम और पांच से आठ घंटे की ड्यूटी करने वालों को छह घंटे का विश्राम दिया जाएगा। कहा गया है कि जो कर्मचारी पांच घंटे या उससे कम की ड्यूटी करते हैं उन्हें ड्यूटी की अवधि से एक घंटा अधिक विश्राम के लिए मिलेगा।

एसोसिएशन ने कहा कि मंत्रालय का पत्र सुरक्षित रेल परिचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा क्योंकि यह 2016 में मंत्रालय से गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के कार्य घंटों के नियमों की पूरी तरह अवहेलना करता है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि आठ घंटे से कम कोई भी विश्राम अपर्याप्त है क्योंकि इस अवधि के दौरान कर्मचारियों को विश्राम के अलावा कई अन्य गतिविधियों में भी काफी समय देना पड़ता है।



## एक नजर

### त्रिपुरा में किसानों की आय दोगुनी हुई: मुख्यमंत्री

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को दावा किया कि राज्य में किसानों की आय पिछले आठ वर्षों में दोगुनी हो गई है। पश्चिमी त्रिपुरा के तुफानियालुंगा चाय बागान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में किसानों की आय 2016 में 6,580 रुपये से बढ़कर 2024 में 13,590 रुपये प्रति माह हो गई है। पूर्वोत्तर राज्य में 4.74 लाख किसान हैं। उन्होंने कहा, सरकार किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है क्योंकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत की कंपनियों से बातचीत कर रही एटीआर

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी अवसरों को देखते हुए यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर अपने विमानों की बिक्री की संभावना तलाशने के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 से अधिक टर्बोप्रॉप होंगे। वर्तमान में, देश में 70 एटीआर विमान हैं जो इंडिगो, एलायंस एयर और फ्लाई91 द्वारा संचालित हैं।

### रिलायंस की नजर विमान उन्नयन कारोबार पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।

# किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

## अमेरिका से व्यापार वार्ता पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कहा- अपने लाभ-हानि का आकलन कर देंगे समझौते को अंतिम रूप

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने एक साक्षात्कार में कहा, भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। अपने लाभ और हानि का आकलन कर समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

### वैश्विक रुझानों और मुद्रास्फीति से तय होगी इस सप्ताह बाजार चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। इसके अलावा मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

## डीआरडीओ की लैब ने हस्तांतरित कीं नौ प्रणालियों की प्रौद्योगिकी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने उद्योग जगत के 10 भागीदारों को नौ प्रणालियों की प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित की हैं।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन प्रौद्योगिकियों में एक माउंटेड गन प्रणाली और एक आतंकवाद-रोधी वाहन शामिल हैं। शनिवार को वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान में आयोजित एक कार्यक्रम में डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत की उपस्थिति में लाइसेंसिंग समझौते सौंपे गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी के साथ महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला वीआरडीई ने 10 उद्योग भागीदारों को नौ प्रणालियों की प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करके एक बड़ा कदम उठाया है।

# आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं हो सकता जापान को पीछे छोड़ना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विश्व आर्थिक मंच के पूर्व एमडी ने कहा- जापान की प्रति व्यक्ति आय अब भी भारत से बहुत आगे

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है।

अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। स्मदजा ने विशेष बातचीत में कहा, अर्थव्यवस्था का आकार एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन पर देश के आर्थिक भार का एक विचार देता है लेकिन मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है।

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत जापान से बहुत नीचे है। इसलिए भारत ने वैश्विक आर्थिक संतुलन में यह चौथा स्थान हासिल किया है या नहीं, यह प्रगति का एक अच्छा संकेतक है, लेकिन यह किसी भी तरह से आत्मसंतुष्टि का कोई कारण नहीं है। स्मदजा ने तर्क दिया कि भारत की नई आर्थिक स्थिति को सुधारों में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना चाहिए तथा तय करना चाहिए कि वृद्धि सभी नागरिकों के लिए उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित हो, न कि केवल शहरी और ग्रामीण केंद्रों में उभरते मध्यम वर्ग के लिए।

# रेपो दर में कटौती के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने 0.50% घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एचडीएफसी ने आरएलएलआर में 0.10% कटौती की घोषणा की

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने रविवार को कहा कि उसने आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी अपनी प्रमुख उधारी दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने अपनी कोष की सीमांत लागत आधारित उधार दर में विभिन्न अवधियों में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे उन उधारकर्ताओं को लाभ होगा जिनके ऋण इस बेंचमार्क से जुड़े हैं।

बीओबी ने एक बयान में कहा कि आरबीआई द्वारा नीतिगत रेपो दर में कटौती के अनुरूप, बैंक ने सात जून से अपनी रेपो से संबद्ध ऋण रेट (आरएलएलआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि अब उसकी आरएलएलआर 8.15 प्रतिशत है। इसके साथ ही बीओबी ने आरएलएलआर में आरबीआई की कटौती को पूरी तरह लागू कर दिया है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई एमसीएलआर दरें सात जून से प्रभावी हैं।

## छह माह में दर्जन भर आईपीओ पेश होंगे

**नई दिल्ली।** साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आईपीओ पेश करने की तैयारी कर ली है, जो कि द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है। मर्चेंट बैंकरों ने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीग्रीन-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं।

# पई का इशारा भारतीय स्टार्टअप के लिए घरेलू पूंजी की कमी की ओर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों का आह्वान

दिग्गज उद्योगपति और एरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पई का कहना है कि सरकार के प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण पर्याप्त घरेलू निवेश की कमी के चलते भारतीय स्टार्टअप पीछे रह गए हैं। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश का आह्वान किया।

पई ने आगाह किया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है इसके बावजूद अगर इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो देश वैश्विक नवाचार में पिछड़ सकता है। पई ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, हमारे पास 1,65,000 पंजीकृत स्टार्टअप हैं, 22,000 को वित्त पोषण मिला है। उन्होंने 600 अरब डॉलर का मूल्य बनाया है। हमें 121 यूनिकॉर्न और शायद 250-300 सूनिकॉर्न मिले।

उन्होंने कहा, स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त पूंजी की कमी है। उदाहरण के लिए, चीन ने 2014 से 2024 के बीच स्टार्टअप और उद्यमों में 835 अरब डॉलर का निवेश किया, अमेरिका ने 2.32 लाख करोड़ डॉलर का निवेश किया। हमने सिर्फ 160 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से संभवतः 80 प्रतिशत विदेशों से आया। इसलिए स्थानीय पूंजी नहीं आ रही है। पई ने बताया कि अमेरिका के विपरीत, जहां बीमा कंपनियां और विश्वविद्यालय निधियां स्टार्टअप कोष के प्रमुख स्रोत हैं, भारतीय कोषों को सरकारी नीति द्वारा स्टार्टअप में निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है, और अधूरे नियामकीय सुधारों के कारण बीमा कंपनियां बड़े पैमाने पर अनुपस्थित रहती हैं।

उन्होंने बीमा कंपनियों को 'फंड-ऑफ-फंड' में भाग लेने की अनुमति देने के लिए विनियामकीय बदलाव लाने की वकालत की और उनके निवेश ढांचे में अधिक लचीलेपन का आह्वान किया। पई ने सरकार के 'फंड-ऑफ-फंड' कार्यक्रम को 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने आगे कहा कि 40-45 लाख करोड़ रुपये के कोष वाले भारत के पेंशन कोष रूढ़िवादी दृष्टिकोण और प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण स्टार्टअप में निवेश करने में असमर्थ हैं। पई ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान एवं विकास कोष में पर्याप्त वृद्धि के महत्व पर जोर दिया और डीआरडीओ जैसे संगठनों को अपनी प्रौद्योगिकियों को निजी क्षेत्र के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खेल डायरी

### सप्तक तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई। उन्होंने 14वें और 15वें होल और फिर 17वें और 18वें होल में भी लगातार बर्डी लगाई।

### केन ने एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया

**बार्सिलोना :** इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था। केन ने कहा हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे। अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।



फ्रेंच ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली अमेरिका की कोको गौफ पेरिस के प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में ट्राफी के साथ फोटो खिंचाती हुईं। • एजेंसी

### चक्रवर्ती, नारायणन, सिवुक तालिका में शीर्ष पर

**नई दिल्ली :** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त नारायणन एस एल ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में रविवार को यहां अर्नव अग्रवाल पर जीत के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। नारायणन के साथ शुरुआती तीन मुकाबलों में तीन जीत दर्ज करने वाले ग्रैंड मास्टर दीपन चक्रवर्ती, विटाली सिवुक, मिहेल निकितेंको, कार्तिक वेंकटरमन, अभिजीत गुप्ता और अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन दावत्यान भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष ने भी गुरु प्रकाश पर जीत के साथ अपना शानदार खेल जारी रखा है। इस 1.21 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में 20 देशों के 24 ग्रैंडमास्टर सहित 2500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ यूरोप दौरे की शुरुआत की। आज यहां एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में खेले गये मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को 3-2 हराया। मैच की शुरुआत में भारत ने गीता यादव ने (11वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में मेजबान बेल्जियम की मैरी गोएन्स ने (25वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम ने लुईस वैन हेके के (34वें) मिनट में किये गये गोल की बदौलत 2-1 से बढ़त बना ली। भारत की सोनम ने (40वें) मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत ने लगातार आक्रमण जारी रखे और बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा।

### भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे स्वप्निल व इलावेनिल

**म्यूनिख :** वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे। कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं। महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे।

# सांसद प्रिया सरोज के साथ रिंकू सिंह की नई पारी



क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज रिंग दिखाते हुए। • एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** मशहूर क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज ने राजधानी में रविवार को रिंग सेरेमनी कर, उठने वाले कयासों पर विराम लगा दिया। दोनों ने एक दूसरे को अंगूठी पहनाई। एकसाथ हाथ ऊपर उठाकर अतिथियों की बधाई ली और जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव व सांसद डिंपल यादव समेत अन्य गणमान्य नेताओं ने स्टेज पर पहुंचकर शुभकामनाएं दी।

लखनऊ के सेंट्रम होटल में संपन्न हुई रिंग सेरेमनी में प्रिया सरोज ने पिंक कलर का लहंगा पहन रखा था, जबकि रिंकू सिंह ने डिजाइनर कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। सेरेमनी के दौरान रिंकू द्वारा अंगूठी पहनाएं जाने पर सांसद प्रिया सरोज भावुक हो गईं, जिन्हें क्रिकेटर रिंकू सिंह से ठिठोली कर हंसाया और फिर अतिथियों के बीच आकर लोगों से बधाई ली। साथ ही संगीत के माहौल में रिंकू सिंह व प्रिया सरोज ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसके बाद स्टेज पर परिवार सदस्यों के साथ की अतिथियों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ।



रिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर मौजूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य अतिथि। • एजेंसी

बधाई देने वालों में सपा प्रमुख के अलावा सपा नेता रामगोपाल वर्मा, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद जिया उर्रहमान बर्क, सांसद जया बच्चन, सांसद धर्मेन्द यादव, और बीसीसीआई के राजीव शुक्ल समेत कई हस्तियां शामिल थे। रिंग सेरेमनी में 300 खास मेहमानों को न्योता था। इस दौरान सिक्योरिटी के भी खास इंतजाम थे।

# कार्लोस अल्कारेज ने जीता फ्रेंच ओपन खिताब

## फ्रेंच ओपन : यानिक सिनर को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराया

पेरिस, एजेंसी

दूसरे वरीय और गत विजेता कार्लोस अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए शीर्ष वरीय सिनर को पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराकर इटली के खिलाड़ी के ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 20 जीत के अभियान पर विराम लगाया। सिनर ने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था और उनकी नजरें पेरिस में ग्रैंडस्लैम जीत की हैट्रिक पूरी करने पर थी। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज का यह पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब है जबकि सिनर के नाम तीन ग्रैंडस्लैम खिताब दर्ज हैं।

अल्कारेज ने अब तक कोई ग्रैंडस्लैम फाइनल नहीं गंवाया है जबकि सिनर को पहली बार ग्रैंडस्लैम के खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। बाइस वर्षीय अल्कारेज का इस साल क्ले कोर्ट पर जीत-हार का रिकॉर्ड 22-1 हो गया है। उन्होंने 23 वर्षीय सिनर के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत सहित कुल आठवीं जीत दर्ज की। सिनर ने चार बार अल्कारेज को हराया है। अल्कारेज चौथे सेट में हार की कगार पर थे लेकिन उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचा और फिर इसे 7-6 से जीतकर मैच और खिताब अपने नाम किया। पांचवें सेट के टाइब्रेक में अल्कारेज ने शानदार शुरुआत करते हुए 7-0 की बड़ी बढ़त बनाई और फिर आसानी से जीत दर्ज की। चौथे सेट में अल्कारेज 3-5 के स्कोर के बाद 0-40 से पीछे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए टाईब्रेकर में 7-6 से जीत हासिल की। शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी सिनर ने शुरुआती दो सेट 6-4, 7-6 से जीते जबकि अल्कारेज ने तीसरा सेट 6-4 से जीतकर मैच में अपनी वापसी की नींव रखी।



स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ (बाएं) और इटली के जैनिक सिनर। • एजेंसी

## इरानी-पाओलिनी ने जीता महिला युगल का खिताब

पेरिस, एजेंसी : ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी। पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्ड्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी। पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे।



इटली की जैस्मीन पाओलिनी (बाएं) और सारा ईरानी। • एजेंसी

**टैगर और मैकडोनाल्ड ने फ्रेंच ओपन जूनियर खिताब जीते :** ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

लंदन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है।

श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।



इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान शुभमन व अन्य खिलाड़ी। • बीसीसीआई

## अभिमन्यु व लोकेश के अर्धशतकों से भारत ए को 184 रन की बढ़त

**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड) :** कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और लोकेश राहुल के अर्धशतक तथा दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट पर 163 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 184 रन तक पहुंचाया। ईश्वरन (80 रन, 92 गेंद, 10 चौके) और राहुल (51 रन, 64 गेंद, नौ चौकों) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने पर ध्रुव जुरेल छह जबकि नितीश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर खेल रहे थे।

इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। दूसरी पारी में भारत ए की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल 12 गेंद में पांच रन बनाने के बाद जॉर्ज हिल (18 रन पर एक विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच दे बैठे। ईश्वरन और पहली पारी में शतक जड़ने वाले राहुल ने इसके बाद पारी को संभाला।

# आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना चाहेगा भारत

एफआईएच प्रो लीग

एम्सटलवीन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा।



भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

# भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स में दूसरे दिन छह स्वर्ण पदक जीते

ताइपे सिटी, एजेंसी

- विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार को मिली सफलता

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था।

रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया।

# आईपीएल के लिए भी होनी चाहिए 16 सप्ताह की विंडो

नई दिल्ली, एजेंसी

- पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने नेशनल फुटबॉल लीग से बराबरी करने के लिए समय बढ़ाने पर दिया जोर



आईपीएल की मौजूदा आठ सप्ताह के तुलना में प्रीमियर लीग (अगस्त से मई), एनबीए (सात महीने) और एनएफएल (4.5 महीने) की बहुत लंबी विंडो है, जो उनके मूल्य को भी बढ़ाती है।

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग, अमेरिका), एनबीए (नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन, अमेरिका) और यूरोपीय देशों की बड़ी फुटबॉल लीग सहित दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल खाने के लिए 12 से 16 सप्ताह की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) की आवश्यकता है।

आईपीएल के प्रति मैच का मूल्य लगभग 16.8 मिलियन डॉलर है जो दुनिया भर के विभिन्न खेलों की शीर्ष लीग में सिर्फ एनएफएल (36.8 मिलियन डालर) से पीछे है, लेकिन जब समग्र ब्रांड मूल्य की बात आती है तो यह एनएफएल और यूरोप की शीर्ष फुटबॉल लीग से काफी पीछे है।

प्रमुख निवेश बैंक हौलिहान लॉकी के अनुसार आईपीएल का ब्रांड मूल्य लगभग 16 बिलियन डॉलर है, जबकि एक एनएफएल फ्रेंचाइजी डलास काउबॉय की कीमत ही नौ बिलियन डॉलर है, इसके बाद न्यूयॉर्क यांकीस की कीमत 7.1 बिलियन डॉलर है। एनबीए फ्रेंचाइजी न्यूयॉर्क निक्स का मूल्य सात बिलियन डॉलर है, जबकि शीर्ष फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने का मूल्य लगभग छह बिलियन डॉलर है। बर्मन ने आईपीएल के आगे की राह और पंजाब किंग्स के उल्लेखनीय बदलाव के बारे में पीटीआई से बात की। पंजाब की टीम 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची। 'डाबर इंडिया' के प्रमुख बर्मन ने कहा हम प्रति मैच मूल्य के मामले में पहले से ही एनएफएल के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब बात ब्रांड मूल्य की आती है तो आंकड़े कुछ और होता है। यह एक अलग पहलू है। मुझे लगता है कि हमें वहां पहुंचने के लिए इस लीग का आयोजन 12 से 16 सप्ताह तक कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे हमें बेहतर माहौल बनाने, प्रतिद्वंद्विता बनाने और सभी (प्रशंसक, प्रायोजक, प्रसारक) के लिए अधिक मूल्य बनाने का मौका मिलता है। लेकिन यह सिर्फ आयोजन का समय बढ़ाने के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि हम उस समय में क्या करते हैं। हम किस तरह की सामग्री पेश करते हैं, हम साल भर प्रशंसकों को कैसे जोड़ते हैं, हम सत्र से परे लीग का निर्माण कैसे करते हैं।

पंजाब किंग्स ने इस सत्र में अपना दूसरा फाइनल खेला और 2014 के बाद से लीग तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद यह टीम का पहला फाइनल था। पिछले कुछ साल से खराब प्रदर्शन करने वाली इस टीम की सफलता का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को दिया जा रहा है। बर्मन ने कहा रिकी पोंटिंग को टीम का कोच बनाना हमारे बदलाव का पहला कदम था।

# यूरोप में आतंकवाद का मुद्दा उठाएंगे जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्री फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के दौरे के लिए हुए रवाना



विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए जहां वह फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ वार्ता करेंगे ताकि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति पर चर्चा करेंगे। जयशंकर की यूरोप यात्रा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने के एक महीने बाद हो रही है।

ऐसी अपेक्षा है कि जयशंकर यूरोपीय नेताओं को सीमा पार आतंकवाद से निपटने को लेकर नई दिल्ली के दृष्टिकोण से अवगत कराएंगे। अपने दौरे के पहले चरण में जयशंकर फ्रांस जाएंगे। फ्रांस एक ऐसा देश है जो भारत का सदाबहार मित्र बनकर उभरा है। विदेश मंत्री पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे जहां वह यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बैरट के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

## स्मार्टफोन को निशाना बनाने वाले 'सॉफ्टवेयर क्रैश' का पता लगाया

**वाशिंगटन।** साइबर सुरक्षा जांचकर्ताओं ने एक ऐसे 'सॉफ्टवेयर क्रैश' का पता लगाया है जो सरकार, राजनीति, तकनीक व पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले कुछ लोगों के स्मार्टफोन को प्रभावित कर रहा था। 'सॉफ्टवेयर क्रैश' का मतलब है जब कोई प्रोग्राम या ऐप काम करना बंद कर देता है या कोई त्रुटिपूर्ण संदेश दिखाता है। यह 'सॉफ्टवेयर क्रैश' पिछले साल के अंत में शुरू हुआ था और 2025 तक चलता रहा।

साइबर हमलावरों ने अपनी पहचान के बारे में कोई सुराग नहीं छोड़ा है। साइबर सुरक्षा फर्म 'आईवेरिफाई' ने कहा, वे चीन सरकार के हित वाले क्षेत्रों में काम करते थे और अतीत में चीनी साइबर अपराधियों द्वारा निशाना बनाए गए थे। अपराधी तेजी से स्मार्टफोन, मोबाइल उपकरण और ऐप को अमेरिकी साइबर सुरक्षा में कमजोर कड़ी के रूप में पहचान रहे हैं। इस समय दुनिया में मोबाइल सुरक्षा को लेकर खतरा है।

# कहीं आपके फोन की जासूसी तो नहीं हो रही

कुछ हट के

ऑनलाइन की दुनिया आज के वक्त में खतरे से खाली नहीं है। बाजार में इतने सॉफ्टवेयर हैं कि किसी की भी जासूसी हो सकती है। वैसे एंड्रॉयड के मुकाबले आईफोन को हैक करना काफी मुश्किल है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हैक नहीं हो सकता है। दुनिया का कोई भी गैजेट हैकप्रूफ नहीं है। आपकी एक गलती हैकर्स को आपके बैंक अकाउंट तक पहुंचने का रास्ता दे सकती है या आपका निजी डेटा लीक हो सकता है। इसको लेकर हैकर्स नए-नए पैंतरे निकालते हैं। प्ले स्टोर में ऐसे बहुत से फर्जी ऐप्स और जासूसी सॉफ्टवेयर हैं जो चुपके से आपके मैसेज, फोटो, कॉल, लोकेशन और बाकी जानकारी चुरा सकते हैं। ये ऐप्स अक्सर बिना आपकी जानकारी के आपके फोन में डाल दिए जाते हैं और पकड़े न जाएं इसलिए होम स्क्रीन से गायब हो जाते हैं, जिससे इन्हें ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इन्हें 'स्टॉकरवेयर' भी कहा जाता है।




### बचाव के आसान उपाय

- **सेटिंग्स देखे :** एक्सेसिबिलिटी सेटिंग्स, नोटिफिकेशन एक्सेस व डिवाइस एडमिन ऑप्शन्स में देखें कि कोई अजीब ऐप तो नहीं है। स्टॉकरवेयर डिवाइस हेल्थ या सिस्टम सर्विस जैसे नाम रखकर छिप जाते हैं।
- **गूगल प्ले प्रोटेक्ट चालू करें :** ये फीचर आपके ऐप्स को स्कैन करके खतरे का पता लगाएगा और जासूसी करने वाले ऐप्स से बचाएगा।
- **अज्ञात ऐप्स बंद करें :** अगर आपको कोई ऐसा ऐप मिले जिसे आपने डाउनलोड नहीं किया है और बहुत सारी परमिशन है, तो उसे तुरंत बंद करें और अनइंस्टॉल कर दें।

### इस तरह गतिविधियों पर रखते नजर

- **स्क्रीनशॉट :** यह डिवाइस की स्क्रीन के स्क्रीनशॉट लेता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **लोकेशन ट्रैकिंग :** यह डिवाइस की लोकेशन को ट्रैक करता है, जिससे उपयोगकर्ता की भौतिक स्थिति का पता चलता है।
- **कॉल और मैसेज लॉगिंग :** यह कॉल लॉग, मैसेज आदि को रिकॉर्ड करता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **कैमरा व माइक्रोफोन एक्सेस :** कुछ स्पाइवेयर कैमरा व माइक्रोफोन को एक्सेस कर सकते है और आपकी बातें लीक हो सकती हैं।

### ग्रीन सिग्नल दिखे तो हो जाएं अलर्ट



- स्मार्टफोन कंपनियों ने अब फोन में ग्रीन लाइट सिग्नल की सुविधा देना शुरू कर दिया है। इस लाइट का मतलब है कि आपके फोन में माइक या कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में यदि सभी एप बंद रखें हैं और फिर भी आपको ग्रीन लाइट दिख रही है तो आप हैकर्स के निशाने पर हैं और जासूसी की जा रही है। तुरंत अनजान एप को फोन से डिलीट करें।

## एक नजर

### अमेरिका ने नेपाल का अस्थायी संरक्षित दर्जा किया समाप्त

**काठमांडू।** अमेरिका ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि इस वर्ष 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा।

### यूक्रेन पर सैनिकों के शव सौंपने में देरी का आरोप

**मॉस्को।** रूस के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों को योजनाबद्ध तरीके से एक-दूसरे को सौंपे जाने के लिए मॉस्को अब भी कीव से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही रूस ने अपने उस आरोप को दोहराया कि यूक्रेन ने इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है।

### चीन का विवादित सागर क्षेत्र में सुनामी परामर्श केंद्र शुरू

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को दक्षिण चीन सागर सुनामी परामर्श केंद्र शुरू किया तथा गहरे समुद्र में मौलिक वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और संबंधित उद्योगों के विकास को समर्थन देने के लिए एक गहन समुद्री परीक्षण स्थल भी स्थापित किया। दोनों की शुरुआत आठ जून को मनाए जाने वाले विश्व महासागर दिवस के अवसर पर हुयी।

### नेपाल: 18 लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज

**काठमांडू।** नेपाल के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने सरकारी स्वामित्व वाली नेपाल टेलीकॉम के पूर्व और वर्तमान प्रबंध निदेशकों सहित 18 लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया। नेपाल टेलीकॉम की बिलिंग प्रणाली के रखरखाव के लिए अनुबंध विस्तार में अनियमितताओं को लेकर सीआईएए द्वारा विशेष अदालत में मामला दायर किया गया था।

### इमरान को 11 को जमानत मिलने की संभावना

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 11 जून को जमानत मिलने की संभावना है। उनकी पार्टी के एक शीर्ष नेता ने यहां यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय अल-कादिर ट्रस्ट मामले में खान और उनकी पत्नी बुशरा की सजा को निलंबित करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर 11 को सुनवाई करेगा।

# अप्रवासन नीति के खिलाफ लॉस एंजिल्स में लोगों का हिंसक प्रदर्शन

## ट्रंप के खिलाफ अमेरिका में लोगों का भड़का गुस्सा, पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके

- पुलिस ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे, ट्रंप ने 2000 गाड्र्स भेजे
- गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर जताई आपत्ति

पैरामाउंट (अमेरिका), एजेंसी



लॉस एंजिल्स में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागते पुलिसकर्मी।

देश में ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन नीति के खिलाफ लोगों का विरोध बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की ओर से की गई छापेमारी के जवाब में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके। प्रदर्शनकारी पुलिस और अप्रवासन विभाग के लोगों से भिड़ गए।

पुलिस ने लाठी चार्ज कर और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। इससे पहले शुक्रवार को भी लॉस एंजेलिस में ऐसे ही हंगामा हुआ था। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात की है। जबकि गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। लॉस एंजिल्स में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियमों के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया जिसके बाद एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प हुई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। कैलिफोर्निया के गवर्नर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता गैविन न्यूसम ने इस कदम पर आपत्ति जताई और कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम जानबूझकर भड़काने वाला है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा।

### वीजा समाप्त होने पर लोकप्रिय टिकटॉकर हिरासत में लिए गए

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे प्रसिद्ध टिकटॉकरों में से एक खाबी लैम को वीजा समाप्त होने के कारण अमेरिका में हिरासत में ले लिया गया। 1380 करोड़ अधिक फॉलोअर्स लैम को 6 जून को लास वेगास के हैरी रीड हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया।

### कोलंबिया में हथियारबंदों ने सांसद को गोली मारी

**बोगोटा।** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में एक चुनाव प्रचार अभियान रैली के दौरान हथियारबंद बदमाशों ने सांसद मिगुएल उरीबे टर्बे को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए। देश के ऊपरी सदन सीनेट के सदस्य उरीबे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित प्रत्याशी हैं। उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक सेंटर ने एक बयान जारी कर इस घटना को हिंसा का अस्वीकार्य कृत्य बताया। उनकी पार्टी ने बताया कि यह घटना फोंटिबोन के एक पार्क में हुई जब हथियारबंद हमलावरों ने सांसद को पीछे से गोली मार दी। उनके सिर पर चोट आई हैं। बोगोटा के मेयर ने बताया कि संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया है, जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए इनाम घोषित किया गया है।

## परस्पर सम्मान भावना से भारत-बांग्लादेश के लोग होंगे प्रेरित : यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि एक-दूसरे के सम्मान की भावना और तालमेल भारत और बांग्लादेश का लोगों के कल्याण के लिए काम करने में मार्गदर्शन करती रहेगी। यूनुस ने यह पत्र मोदी द्वारा बांग्लादेश के लोगों और अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देने के लिए भेजे गए संदेश के जवाब में लिखा।

यूनुस ने रविवार को एक एक्स पर पोस्ट में ये दोनों पत्र पोस्ट किए। अपने पत्र में यूनुस ने कहा कि मोदी का विचारशील संदेश दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों को दर्शाता है। मुख्य सलाहकार ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। छह जून को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि एक-दूसरे के सम्मान की भावना और तालमेल दोनों देशों का हमारे लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम करने के लिए मार्गदर्शन करती रहेगी।

यूनुस ने कहा कि यह त्योहार चिंतन करने का समय है, जो समुदायों को उत्सव, त्याग, उदारता और एकता की भावना से एक साथ लाता है। 4 जून को लिखे अपने पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह त्योहार भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है।

# अमेरिका में भारत का दबदबा, दो भारतवंशी उम्मीदवार चुनाव जीते

- टेक्सास नगर परिषद चुनाव में संजय सिंघल व सुख कौर ने शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में जीत हासिल की



ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी (रनऑफ) मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ।

शुगरलैंड के 'डिस्ट्रिक्ट 2' में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। 'फोर्ट बेंड काउंटी' के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले। आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर 'डिस्ट्रिक्ट 1' की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं।

एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया। स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

# ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य को गाजा पहुंचने से रोकेगा इजराइल

तेल अवीव, एजेंसी

- राहत सामग्री लेकर नाव से निकलीं जलवायु संरक्षण कार्यकर्ता



इजराइल के रक्षा मंत्री ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं को ले जा रही राहत सहायता नौका को गाजा पट्टी तक पहुंचने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने रविवार को कहा कि इजराइल किसी को भी फलस्तीनी क्षेत्र पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की अनुमति नहीं देगा, जिसका उद्देश्य हमास को हथियार आयात करने से रोकना है।

ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य कार्यकर्ता मैडलीन नामक नौका पर सवार हैं। नौका का संचालन संचालन फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन द्वारा किया जाता है। यह नौका पिछले रविवार को सिसिली से गाजा की समुद्री नाकेबंदी तोड़ने और मानवीय सहायता पहुंचाने के मिशन के साथ रवाना हुई थी। इसका मकसद फलस्तीनी क्षेत्र में बढ़ते मानवीय संकट के बारे में दुनिया को जागरूक करना भी है। कार्यकर्ताओं ने कहा था कि उनकी योजना रविवार को ही गाजा के जलक्षेत्र में पहुंचने की है। जहाज पर मौजूद अन्य लोगों में यूरोपीय संसद की फ्रांसीसी सदस्य एवं फलस्तीनी मूल की रीमा हसन भी शामिल हैं। फलस्तीनियों के प्रति इजराइल की नीतियों का विरोध करने के कारण उन्हें इजराइल में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## राहत सहायता स्थल के पास इजराइली गोलीबारी में 12 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइल और अमेरिका समर्थित समूह द्वारा संचालित राहत सहायता वितरण केंद्र से लगभग एक किलोमीटर दूर इजराइली गोलीबारी में कम से कम 12 लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपने सैनिकों के नजदीक आने वाले लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल में चार शव लाए गए। वहां मौजूद फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सेना ने उन पर एक गोल चक्कर पर गोलीबारी की थी जो पास के शहर राफा में गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित एक राहत सहायता केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है।

## रिवर राफ्टिंग




गर्मी के मौसम में हिल स्टेशन सैलानियों से गुलजार हो उठे हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रविवार को ब्यास नदी में पर्यटकों ने राफ्टिंग का आनंद लिया। एजेंसी

## असम: अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 गिरफ्तार

**गुवाहाटी/नगांव।** असम के मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि राज्य में एक दिन पहले ईद के दौरान अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कई स्थानों से मवेशियों के अंगों की बरामदगी हुई है। बराक घाटी के दो जिलों- कछार के गुमराह, सिलचर व लखीपुर और करीमगंज के बदरपुर व बंगा में 5 अवैध वध स्थल पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि हिंदू समुदाय के लोगों ने होजाई में दिन में सड़कें अवरुद्ध की और आरोप लगाया कि शनिवार रात को कुछ शरारती तत्वों ने मांस के टुकड़े फेंके थे जबकि मुस्लिमों ने भी सड़क जाम की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। कहा कि हमारा संविधान धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है लेकिन यह कानून के शासन एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की बात भी समान रूप से करता है।

**दीदार** जम्मू-कश्मीर में नदी के ऊपर बने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल को लेकर गजब का जुनून देखने को मिल रहा

# पायलट बोला- हम चिनाब ब्रिज के ऊपर हैं, तस्वीर लेने को मची होड़

नई दिल्ली, एजेंसी



जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार को कहा, चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है। उन्होंने कहा, इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।

### घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं

जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और अपने मोबाइल फोन पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं। केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है- यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं और भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए प्रशंसा के शब्द साझा करते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस-पास के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों के स्थानीय लोग अलग-अलग जगहों से पुल की तस्वीरें लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे हैं, जबकि अन्य इसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तुरंत साझा कर रहे हैं। कुमार के अनुसार, आसमान में उड़तीं उड़ानें चिनाब पुल को देखने का झरोखा बन गई हैं, जमीन पर भी लोग इस विस्मयकारी रचना को कैद करने में व्यस्त हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ साझा करने के लिए इतिहास के एक भाग को संरक्षित करती है। महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के हिस्से के रूप में चिनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल है।

## भारतीय मूल के दम्पति को न्यूजीलैंड में शाही सम्मान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सुनीत प्रकाश और उनकी गुजराती पत्नी ललिता कासंजी को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग और वहां के भारतीय प्रवासियों के लिए सेवा करने को लेकर न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य सम्मान के लिए चुना गया है। न्यूजीलैंड का यह पुरस्कार भारत के शीर्ष पद्म राष्ट्रीय पुरस्कारों के समान है।

दोनों सदस्यों को गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। कीरो यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय के प्रतिनिधि हैं। न्यूजीलैंड ब्रिटिश सम्राट को अपने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मान्यता देता है। न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट नामक पुरस्कारों के व्यापक समूह की स्थापना 30 मई, 1996 को तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा जारी एक रॉयल वारंट द्वारा की गई थी।

# पोप लियो ने राजनीतिक राष्ट्रवाद की आलोचना की

वेटिकन सिटी, एजेंसी

- मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की



कैथोलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप लियो 14वें ने रविवार को मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विश्व में राष्ट्रवादी राजनीतिक आंदोलनों के उभार की भी आलोचना की। पोप का यह संदेश कैथोलिक चर्च को शांति का प्रतीक बनाने के उनके संकल्पों के अनुरूप है।

पोप ने हजारों श्रद्धालुओं के सामने सेंट पीटर्स स्क्वायर में सामूहिक प्रार्थना की और पवित्र आत्माओं से बाधाओं को तोड़ने, उदासीनता और घृणा की दीवारों को गिराने का आह्वान किया। अमेरिकी मूल के पहले पोप लियो-14वें ने कहा, जहां प्रेम है, वहां पूर्वाग्रह के लिए, हमें अपने पड़ोसियों से अलग करने वाले सुरक्षा क्षेत्रों के लिए, बहिष्कार की मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं है, जिसे, दुर्भाग्य से, हम अब राजनीतिक राष्ट्रवाद में भी उभरते हुए देख रहे हैं। उन्होंने हालांकि, किसी विशिष्ट देश या नेता का नाम नहीं लिया। लियो ने दिवंगत पोप फ्रांसिस के शब्दों को भी याद किया, जिन्होंने मई 2023 में पेंटेकोस्ट के मौके पर कहा था कि हमारी दुनिया में हम सभी जुड़े हुए हैं, फिर भी हम खुद को एक-दूसरे से अलग पाते हैं, उदासीनता से सुन्न हो जाते हैं और एकांत से अभिभूत हो जाते हैं।